✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 277 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 7 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सारगा होटल प्रा. लि. के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत पटना में होटल ताज के निर्माण के लिए समझौता पत्र पर किए हस्ताक्षर

# Holy Mission Secondary School

## A CBSE affiliated 10+2 School | Aff. No.: 330210

Khagaul Road, Danapur, Patna | Ph.: 8298676849 website : www.hmsspatna.org

## ADMISSION NOTICE : 2026-27

### Admission Open for Std.XI (Science, Commerce & Arts)

**Get the Prepration of JEE (Main & Advance) & NEET by experts during school hours.**

**Online Registration Portal**
https://holymission.entab.info

**Achievement**

- Our 82 students have scored above 90% in AISSCE, 2025.
- Our 73 students scored above 90% in AISSCE, 2024.
- Aradhya Ananad was declared the 3rd topper of Bihar in Science Stream in 2023.
- Prateek Raj Vardhan was declared the 2nd topper of Bihar in commerce in 2022.
- Our result at + 2 level is the 2nd best in Patna for last 12 years
- One of our Student was declared the 3rd topper in Bihar in 2019.
- One of our Student was declared the 2nd topper of Bihar in 2017.
- One of our student was declared the 2nd topper of Bihar in 2014. He got 97.8% marks.

**Result of AISSCE, 2025 at a glance**

- No. of Students who Scored 90% : 82
- No. of Students who Scored 80% : 108
- No. of Students who Scored 70% : 128

### Result of our few toppers of XII in 2025



| | | |
|---|---|---|
| PRATYAKSHA PRASAD | 22641459 | 98.2%(SCI.E) |
| KRITIKA SHREE | 22641628 | 97.8%(SCI) |
| GYAN PRAKASH | 22641495 | 97.6% (SCI) |
| RUPALI KUMARI | 22641811 | 96.6%(COMMERCE) |
| MANDEEP CHOUDHARY | 22641651 | 96.4%(SCI) |
| ADHYAN SHRIVASTAVA | 22641713 | 96.40% (SCI) |
| ANISH ARYAN | 22641717 | 96.20% (SCI) |
| SAFIYA KARIM | 22641738 | 95.60% (SCI) |
| ANKIT KUMAR SINHA | 22641593 | 95.60%(SCI) |
| ADITYA RAJ | 22641640 | 95.20% (SCI) |
| PRIYA KUMARI | 22641620 | 94.60% (SCI) |
| ANAGH ATRI | 22641675 | 94.60% (SCI) |
| PRASHASTI SINGH | 22641653 | 94.40% (SCI) |
| JANVI SINGH | 22641635 | 94.20% (SCI) |



| | | |
|---|---|---|
| ARNAV KR HIMANSHU | 22641707 | 94.20% (SCI) |
| ANEESH SINGH | 22641599 | 94.20% (SCI) |
| AKSHAT SINGH | 22641541 | 94.20% (SCI) |
| AMAN RAJ | 22641466 | 93.80% (SCI) |
| ASHWINI KOTHARI | 22641727 | 93.80% (SCI) |
| KALYANI KUMARI | 22641812 | 93.80% (COMMERCE) |
| SHIVANGI PRIYA | 22641623 | 93.20% (SCI) |
| SANKALP ARYAN | 22641460 | 92.60% (SCI) |
| DEEP RANJAN | 22641545 | 92.60% (SCI) |
| MUSKAN SHRIVASTAVA | 22641561 | 92.00% (SCI) |
| ADITYA MISHRA | 22641742 | 92.00% (SCI) |
| SUJAL TUSHAR | 22641681 | 91.60% (SCI. Bio.) |
| AKRITI SHRIVASTAVA | 22641615 | 91.60% (SCI) |
| VIDYA SAGAR | 22641771 | 91.60% (COMMERCE) |

# Holy Mission School

B/198, Shreekrishnapuri, Patna | Ph.: 7543034033

## ADMISSION NOTICE : 2026-27

Admission Open for Std. XI (Sc., Comm. & Arts)

**Special Feature**

Get the Prepration of JEE (Main & Advance) & NEET by experts during school hours.

**Result of our Students in the Board Exam of Std. XII**

- No. of Students who scored above 90% : 40
- No. of Students who scored above 80% : 107
- No. of Students who scored above 70% : 142

**Achievement**

- Our 40 students have scored above 90% in th board exams of 2025.
- Our 38 students have scored above 90% in th board exams of 2024.

**Features:**

- Facility of Smart Classes
- All Classes are monitored by CCTV
- Digitalized and fully secured transport facility across all routes.
- Creates awareness of the rich tradition and culture among students.
- One activity every week.
- Qualified & Motivated teachers of repute.
- Emphasis on sports, Games, Martial Arts, Yoga, Music & Dance.

# New Holy Mission Sr. Secondary School

46, MIG, Kankarbagh Colony Patna | Ph.: 7480857116

## ADMISSION NOTICE : 2026-27

Admission Open for Std. XI (Sc., Comm. & Arts)

**Special Feature**

Get the Prepration of JEE (Main & Advance) & NEET by experts during school hours.

**Result of our Students in the Board Exam of Std. XII**

- No. of Students who scored above 90% : 35
- No. of Students who scored above 80% : 91
- No. of Students who scored above 70% : 123

**Achievement**

- Our 35 students have scored above 90% in th board exams of 2025.
- Our 32 students have scored above 90% in th board exams of 2024.

**Features:**

- Facility of Smart Classes
- All Classes are monitored by CCTV
- Digitalized and fully secured transport facility across all routes.
- Creates awareness of the rich tradition and culture among students.
- One activity every week.
- Qualified & Motivated teachers of repute.
- Emphasis on sports, Games, Martial Arts, Yoga, Music & Dance.

C M Y K

# अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा डीएमसीएच अस्पताल

## उत्तर बिहार में बेहतर शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बेहतर शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रही डबल इंजन की सरकार ने उत्तर बिहार में निर्माणाधीन अस्पताल को हाईटेक बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दरभंगा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में 1700 बेड अतिरिक्त जोड़े जायेंगे। जिससे दरभंगा समेत उत्तर बिहार में स्वास्थ्य सुविधा को आसान और आम लोगों की हर बीमारी के लिए योग्य बनाने का काम किया जा रहा है। इस विषय पर अधिक जानकारी देते हुए




स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में 250 नामांकन व 2500 बेड अस्पताल बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिससे आने वाले तीन सालों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ताकि राज्य में हर जिले में रह रहें लोगों को किसी भी गंभीर बीमारी के लिए प्रदेश से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। बेहतर इलाज के लिए अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा अस्पताल 400 बेड का

**सर्जिकल वार्ड का निर्माण पूरा**

बता दें कि अस्पताल में आयें मरीजों के बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच में विश्वस्तरीय अस्पताल की तर्ज पर हर अत्याधुनिक तकनीकी सुविधा बहाल की जायेगी। वहीं अस्पताल में 400 बेड का सर्जिकल वार्ड निर्माण पूरा किया जा चुका है। जिससे तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हाल ही में राजधानी में विख्यात अस्पताल पीएमसीएच में भी 1117 बेड वाले 2 टावर अस्पताल भवन को शुरू किया जा चुका है। जिसमें आंख, कान, गला, गैस्ट्रो समेत अन्य कई संबंधित बीमारियों के लिए वर्ल्ड क्लास सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। अब बिहार अन्य विकसित राज्यों की तरह स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।

# गन्ना उत्पादन बढ़ाने की पहल, ज्ञान भवन में जुटेंगे किसान और वैज्ञानिक

## बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू करने का राज्य सरकार ने लिया निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गन्ना उद्योग विभाग के तत्वाधान में 9 और 10 मार्च को ज्ञान भवन में गन्ना प्रौद्योगिकी सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस सेमिनार में राज्य के करीब 700 से अधिक गन्ना किसान और देश के करीब 100 वैज्ञानिक शामिल होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस सेमिनार का उद्घाटन करेंगे। इसको लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दिया है। विदित हो कि सात निश्चय- 3 के तहत राज्य में नई चीनी मिलों की स्थापना के साथ ही बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू कराने के लिए राज्य सरकार ने निर्णय लिया है। इसको देखते हुए गन्ना उद्योग विभाग ने राज्य में गन्ना की खेती को बढ़ावा देने और इसका विस्तार करने के लिए कई योजनाएं शुरू किया है, ताकि राज्य में लगने वाले चीनी मिलों को पर्याप्त मात्रा में गन्ना मिल सकें। गन्ना की उन्नति खेती के प्रति किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बताया जाता है कि गन्ना किसानों को नई तकनीक और बेहतर खेती करने के बारे में जानकारी देने के लिए गन्ना उद्योग विभाग द्वारा पटना के ज्ञान भवन में दो दिवसीय 'गन्ना प्रौद्योगिकी सेमिनार-2026' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राज्य के गन्ना किसान शामिल होंगे। इस सेमिनार को लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सेमिनार में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विकास आयुक्त व अन्य लोग होंगे उपस्थित विभाग के मुताबिक इस सेमिनार में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विकास आयुक्त, देश के विभिन्न राज्यों के जाने-माने वैज्ञानिक, चीनी मिलों के प्रतिनिधि, नए निवेशक, कृषि विश्वविद्यालय और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सहित अन्य महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहेंगे। इस सेमिनार के माध्यम से किसानों को कम लागत में गन्ना की अच्छी पैदावार, गन्ना के विकास और विस्तार करने के बारे में जानकारी दी जायेगी।

## निकाली गई कलश शोभायात्रा

**दानापुर।** आनंद बाजार स्थित बड़ी देवी मंदिर में चार दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा हाथी घोड़े व गाजे बाजे के साथ निकला। जहां भारी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु भक्ति गीतों पर थिरकते हुए देवी मंदिर से बस पराव, थाना पर, गोला पर गाभतल, तकिया पर होते हुए नासरीगंज घाट पहुंचे। घाट पर जलाभिषेक कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। उसके बाद यह शोभा यात्रा वापस देवी स्थान मंदिर पर पहुंच गई। मंदिर के अध्यक्ष अजय साव ने बताया कि 7 मार्च को नगर भ्रमण, 8 मार्च को मां दुर्गा के प्राण प्रतिष्ठा एवं 9 मार्च को संध्या भजन के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस शोभा यात्रा में सोनू यादव, सुदेश यादव शंकर साब, इंद्र प्रसाद, भोला कुमार, प्रमोद कुमार समेत गई सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा है।

# संपत्ति विवरण नहीं देने वाले पुलिस अधिकारियों पर सख्त हुआ गृह विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गृह विभाग ने राज्य के विभिन्न पुलिस विंग और सैन्य पुलिस इकाइयों के उन अधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है, जिन्होंने अब तक अपनी चल-अचल संपत्ति और देनदारियों का विवरण जमा नहीं किया है। विभाग ने इस संबंध में एक स्मारक पत्र जारी कर अविलंब रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। विभाग के संयुक्त सचिव नवीन चन्द्र ने आर्थिक अपराध इकाई और सैन्य पुलिस सहित 9 प्रमुख विभागों को अंतिम चेतावनी देते हुए 31 दिसंबर 2025 तक की चल-अचल संपत्ति का विवरण तत्काल जमा करने को कहा। गृह विभाग ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि समय-समय पर इस संबंध में निर्देश जारी किए जाने के बावजूद कई इकाइयों से अब तक पूरी जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग ने संबंधित अधिकारियों को अंतिम चेतावनी दी है और निर्देश दिया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लंबित विवरण उपलब्ध कराए जाएं।

**इन प्रमुख विभागों से मांगा गया जवाब**

सरकार ने इस संबंध में नौ प्रमुख पुलिस इकाइयों और निदेशालयों को सीधे तौर पर चिन्हित किया है। इनमें महानिरीक्षक (आर्थिक अपराध इकाई), सहायक महानिरीक्षक (बिहार सैन्य पुलिस और रेलवे), बिहार पुलिस अकादमी के सहायक निदेशक (स्थापना), और पुलिस अधीक्षक (वायरलेस) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सैनिक कल्याण निदेशालय, विशेष शाखा और बिहार सैन्य पुलिस की बटालियन 05 व 14 के पुलिस उपाधीक्षकों से भी रिपोर्ट मांगी गई है।

# सैयद अता हसनैन को राज्यपाल मनोनीत होने पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार के राज्यपाल के रूप में मनोनीत होने पर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सैयद अता हसनैन को रक्षा मामलों पर एक प्रमुख विश्लेषक, वक्ता और स्तंभकार के रूप में जाना जाता है। उनके पास कुशल रणनीतिक समझ है और कश्मीर में शांति स्थापना के प्रयासों के लिए भी उन्हें व्यापक पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि देश सेवा में सैयद अता हसनैन का सैन्य अनुभव, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन बिहार के विकास,



सुशासन और संवैधानिक मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि सैयद अता हसनैन के अनुभव और मार्गदर्शन से बिहार में लोकतांत्रिक परंपराएं और प्रशासनिक व्यवस्था और मजबूत होगी। साथ ही उन्होंने उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## नंद किशोर यादव को डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने नागालैंड के राज्यपाल के रूप में मनोनीत होने पर बिहार विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि नंद किशोर यादव ने बिहार विधान सभा के सदस्य और अन्य संवैधानिक पदों पर रहते हुए बिहार की जनता की जिस समर्पण और निष्ठा के साथ सेवा की है, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में उनका लंबा अनुभव, राजनीतिक समझ और जनसेवा के प्रति समर्पण उन्हें एक कुशल प्रशासक के रूप में स्थापित करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नंद किशोर यादव की राजनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता से नागालैंड की जनता को उनका मार्गदर्शन और सानिध्य मिलेगा तथा उनके अनुभव से नागालैंड विकास और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने नंद किशोर यादव के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## रेलवे सीनियर डीएन हेड क्वार्टर का ड्राइवर लापता

**खगौल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना अंतर्गत नेऊरा कॉलोनी में रहने वाले सीनियर डीएन हेड ड्राइवर का सह रेलकर्मी घनश्याम मुरारी रहस्यमय ढंग से होली के दिन से ही लापता है। उनके लापता होने पर पत्नी और बच्चे काफी भयभीत और परेशान है। लापता ड्राइवर की पत्नी वंदना ने स्थानीय थाना में पति के गुमशुदगी का लिखित आवेदन दी है। लापता ड्राइवर की पत्नी ने बताया कि उनके पति घनश्याम मुरारी उत्तर प्रदेश के करेल कानपुर के रहने वाले हैं। 9 वर्ष पहले उन्हें सीनियर डीएम हेड क्वार्टर में ड्राइवर की नौकरी कर रहे थे।

## नगालैंड के राज्यपाल के नए दायित्व के लिए नंदकिशोर यादव को बधाई : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव को नागालैंड के राज्यपाल का नया दायित्व मिलने पर स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। इसी के साथ उन्होंने बिहार के नए राज्यपाल सैयद अता हसनैन का भी आत्मिक स्वागत किया है। श्री पाण्डेय ने श्री यादव को मिले इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए केंद्र सरकार और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि नंद किशोर जी जैसे वरिष्ठ व अनुभवी नेता का सम्मान करना भाजपा की परम्परा रही है। शांत-सौम्य व्यक्तित्व वाले नंद किशोर जी अपनी इस नई भूमिका में भी सफल होंगे। श्री पाण्डेय ने सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि उनके सुदीर्घ प्रशासनिक अनुभवों का लाभ बिहार को मिलेगा। श्री हसनैन भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की शिक्षा व शांति-स्थापना में श्री हसनैन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही है। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में उनकी रणनीति और नेतृत्व की काफी सराहना हुई है। सेना में भी उनका नेतृत्व रणनीतिक कौशल के लिए ख्यात रहा है। बिहार जैसे राजनीतिक तौर पर जागरूक प्रदेश में उनका गर्मजोशी से स्वागत है।

# विधायक आवासीय परिसर में खेल, स्वास्थ्य व हरित संरचना विकसित होगी : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में वीरचंद पटेल पथ स्थित नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर के संबंध में खेल विभाग, भवन निर्माण विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा सभा सचिवालय के वरीय अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में सदस्यों के लिए बेहतर सुविधाओं के विकास को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर अथवा उसके आसपास खेलकूद, स्वास्थ्य, पार्क, व्यायामशाला सहित अन्य सुविधाओं के लिए उपयुक्त स्थान



चिन्हित करने पर विचार किया गया। इसके साथ ही बिहार विधान सभा के सदस्यों के उपयोगार्थ खेल क्लब, खेल मैदान तथा अन्य खेलकूद से संबंधित आधारभूत संरचनाओं के निर्माण की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर अथवा उसके समीप स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक संरचनाएं जैसे अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्र, जांच घर आदि विकसित करने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त परिसर में पर्यावरण और वनस्पति से जुड़ी आवश्यक संरचनाओं के विकास पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान यह सुझाव सामने आया कि दारोगा प्रसाद राय पथ में निर्माणाधीन विधायक छात्रावास के समीप उपयुक्त स्थान चिन्हित कर खेल क्लब अथवा आंतरिक खेल क्लब का निर्माण कराया जा सकता है। साथ ही विधायक छात्रावास परिसर में व्यायामशाला स्थापित करने की भी संभावना व्यक्त की गई। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर में क्रमबद्ध ढंग से नीम और पीपल सहित अन्य उपयोगी पेड़ों का रोपण किया जाए। इसके साथ ही डिवाइडरों पर पौधारोपण, दीवारों पर ऊर्ध्वाधर उद्यान विकसित करने तथा आवासों की छतों पर गमलों में पौधे लगाने की व्यवस्था की जाए, ताकि पूरे परिसर में हरित पट्टी का विकास हो सके। उन्होंने पूरे आवासीय परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जल्द ही कार्य आरंभ कराया जाएगा। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आवासीय परिसर में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने सभी संबंधित विभागों को नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर से जुड़े कार्यों के लिए एक-एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया तथा अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर विभिन्न सुविधाओं के विकास के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने को भी कहा। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, खेल विभाग के सचिव महेन्द्र कुमार, भवन निर्माण विभाग के मुख्य वास्तुविद अनिल कुमार, स्वास्थ्य विभाग, भवन निर्माण विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा खेल विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी तथा सभा सचिवालय की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुसल्लहपुर कृषि उत्पादन बाजार प्रांगण का होगा अत्याधुनिक कायाकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने आज पटना स्थित मुसल्लहपुर कृषि उत्पादन बाजार प्रांगण के आधुनिकीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य की प्रगति का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मंत्री ने बताया कि मुसल्लहपुर कृषि उत्पादन बाजार प्रांगण के आधुनिकीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए कृषि विभाग द्वारा 68.41 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 में एपीएमसी एक्ट के निरसन के बाद राज्य सरकार द्वारा



तैयार कृषि रोडमैप के अंतर्गत सभी बाजार प्रांगणों को आधुनिक एवं सुदृढ़ बनाया जा रहा है, ताकि किसानों को बेहतर विपणन व्यवस्था उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को आधुनिक, पारदर्शी और सुविधाजनक बाजार व्यवस्था मिले। इसी उद्देश्य से मुसल्लहपुर बाजार प्रांगण को ई-नाम प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मंडियों से जोड़ा जाएगा, जिससे किसानों को अपने उत्पादों के लिए व्यापक बाजार और बेहतर मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

मंत्री ने बताया कि बाजार प्रांगण में पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, गोदाम सहित सभी आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जा रहा है, जिससे किसानों और व्यापारियों को एक सुव्यवस्थित एवं आधुनिक बाजार परिसर उपलब्ध होगा। निरीक्षण के दौरान माननीय मंत्री ने कृषि विपणन निदेशक सह प्रशासक शैलेन्द्र कुमार एवं निर्माण एजेंसी बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के पदाधिकारियों को निर्माण कार्य को तेज गति से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में मंत्री के संज्ञान में यह बात भी आई कि मुसल्लहपुर बाजार प्रांगण के लगभग तीन-चौथाई हिस्से का अभी तक नापी एवं सीमांकन नहीं होने के कारण चहारदीवारी का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को अविलंब सीमांकन कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। निरीक्षण के दौरान पटना फल-सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष शशिकांत प्रसाद ने माननीय मंत्री से मुलाकात कर बाजार प्रांगण के समुचित विकास के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव एवं मांगें रखीं। उन्होंने बाजार प्रांगण में सीए कोल्ड स्टोरेज के निर्माण, संतरा भंडारण के लिए दो विशेष चैंबर, तथा एक प्रदर्शनी हॉल की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने यह भी आग्रह किया कि गेट नंबर-2 से आने वाले किसानों के वाहनों को नो-एंट्री से मुक्त किया जाए, ताकि किसानों को बाजार तक आने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कृषि मंत्री ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसानों और व्यापारियों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए बाजार प्रांगण को सुव्यवस्थित, आधुनिक और किसान हितैषी बनाया जाएगा। निर्माण एजेंसी द्वारा बताया गया कि मुसल्लहपुर बाजार प्रांगण के आधुनिकीकरण एवं जीर्णोद्धार का कार्य वर्ष 2026 के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को बेहतर बाजार, आधुनिक कृषि अवसंरचना और पारदर्शी व्यापार व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जब बाजार मजबूत होगा, तो किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिलेगा और इससे राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।

# आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट की रजिस्ट्रेशन शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जयपुर।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) ने आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आईएटी शैक्षिक वर्ष 2026-27 के लिए सभी आईआईएसईआर कैंपस के अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश के लिए एकमात्र और अनिवार्य परीक्षा है। ऑनलाइन आवेदन की आरंभिक तिथि 5 मार्च, 2026 (गुरुवार) है और एप्टीट्यूड टेस्ट 7 जून, 2026 (रविवार) को होगा। विज्ञान पढ़ने के इच्छुक उम्मीदवार इस अनिवार्य एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। इस परीक्षा से सभी 7 आईआईएसईआर कैंपस में किसी में भी विश्वस्तरीय शोध एवं प्रशिक्षण का प्रवेश द्वार खुल जाएगा। आईआईएसईआर की स्थापना भारत सरकार ने उच्च गुणवत्ता के साथ आधारभूत विज्ञान की शिक्षा और शोध संवर्धन के लिए किया। ये देश के प्रमुख स्वयात्त शिक्षा संस्थान हैं। आईआईएसईआर बरहामपुर, आईआईएसईआर भोपाल, आईआईएसईआर कोलकाता, आईआईएसईआर मोहाली, आईआईएसईआर पुणे, आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम और आईआईएसईआर तिरुपति- किसी भी आईआईएसईआर में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट https://www.iiseradmission.in/ पर साल 2026 के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। वेबसाइट पर परीक्षा केंद्र के विवरण भी दिए जाएँगे। आईआईएसईआर के प्लेसमेंट रिकॉर्ड बहुत अच्छे रहे हैं। पूरी दुनिया के टॉप ग्लोबल फर्मों, रिसर्च इंस्टिट्यूशन्स और पीएचडी प्रोग्राम्स में आईआईएसईआर के ग्रेजुएट्स अपनी जगह बना रहे हैं। आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026 में आवेदन के लिए उम्मीदवार का साइंस स्ट्रीम में कक्षा 12 / समकक्ष परीक्षा या न्यूनतम 3 साल का डिप्लोमा प्रोग्राम (2024, 2025 या 2026 में) न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों (एससी / एसटी / पीडब्ल्यू के लिए 55 प्रतिशत) के साथ पास होना अनिवार्य है। यह आकलन सभी विषयों को ध्यान में रख कर किया गया हो।

**आईएटी 2026 के लिए योग्यता मानक**

उम्मीदवार ने बायोलॉजी, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स और फिजिक्स में से कम से कम तीन विषयों की पढ़ाई की हो। आईआईएसईआर कोलकाता के बीएस-एमएस कम्प्यूटेशनल और डेटा साइंस प्रोग्राम, आईआईएसईआर भोपाल के बी.टेक / बीएस इकोनॉमिक साइंस प्रोग्राम और आईआईएसईआर तिरुपति के बीएस इकोनॉमिक और स्टैटिस्टिकल साइंस प्रोग्राम के लिए मैथमेटिक्स अनिवार्य है।

# जल-जीवन-हरियाली से बदली गांवों की तस्वीर, तालाबों में मछली पालन से सालाना 25 लाख तक कमाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जलवायु परिवर्तन से निपटने और पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने के लिए बिहार में शुरू किया गया 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान अब नए रोजगार के कई अवसर उपलब्ध करा रहा है। इस अभियान के तहत हाल के कुछ वर्षों में राज्य में तेजी से तालाब और पोखर का निर्माण हो रहा है जहां मत्स्य पालन के व्यवसाय को नई ऊंचाई मिल रही है। किसान आज इस व्यवसाय से प्रति वर्ष औसतन 20-25 लाख रुपए तक की विशुद्ध कमाई कर रहे हैं। कैमूर जिले में रामगढ़



प्रखंड अंतर्गत जमुराना के रहने वाले बसंत कुमार को माता-पिता की देखरेख के लिए करीब पांच वर्ष पहले विदेश की नौकरी छोड़ अपने घर वापस लौटना पड़ा। गांव में उनके पास जो भी जमीन उपलब्ध थी, वह खेती योग्य नहीं थी। उन्होंने इस बंजर प्राय जमीन का इस्तेमाल मत्स्य पालन में करने का निर्णय लिया। विभाग से संपर्क साधने के बाद उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने अपनी जमीन पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनांतर्गत नया तालाब और बायोफ्लॉक टैंक का निर्माण करवाया। आज वह इस तालाब से प्रति वर्ष करीब 35 टन पंगास एवं इंडियन मेजर कार्प (आईएमसी) मछली का उत्पादन कर रहे हैं। इससे गांव में ही करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो गया है। बसंत खुद 20-25 लाख रुपए तक की सालाना कमाई कर ले रहे हैं।

**मत्स्य पालन बन रहा कई परिवारों के लिए जीविका का साधन**

कैमूर जिले के ही रामपुर प्रखंड अंतर्गत बेलांव के रहने वाले किशोर कुमार ने ग्रेजुएशन की पढ़ाई के बाद गांव में खेती शुरू की। उनके इस पारंपरिक खेती से मुनाफा कम होता था। साथ ही कई बार फसल प्राकृतिक आपदा की भेंट चढ़ जाती थी। हर तरफ से परेशान किशोर ने अपने निजी जमीन में तालाब और फिश किऑस्क का निर्माण कराया। किशोर बताते हैं कि शुरू में उनके पास व्यवसाय जहां शून्य था, आज मत्स्य पालन के रूप में उनके पास एक बड़ा कारोबार खड़ा हो चुका है। इससे गांव में 8-10 परिवार को स्थाई रोजगार मिल चुका है। साथ ही इस मत्स्य पालन के व्यवसाय से वह खुद प्रति वर्ष 16-20 लाख रुपए का मुनाफा आसानी से कमा ले रहे हैं।

**तालाबों से रोजगार की लहर**

2 अक्तूबर 2019 से शुरू जल-जीवन- हरियाली अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग कुल 11 अवयव पर कार्य कर रहा है। इसमें मुख्य रूप से पुराने जलस्त्रोत का संरक्षण, संवर्धन जीर्णोद्धार और नवनिर्माण शामिल है। आंकड़ों पर गौर करें तो अभियान के अवयव-6 के तहत करीब छह वर्षों में राज्य भर में चार हजार 310 नए तालाबों का निर्माण किया गया। आज इन तालाबों के सहारे ग्रामीण हिस्सों में मत्स्य पालन को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। इस व्यवसाय से किसान प्रति वर्ष करीब 20-25 लाख रुपए तक मुनाफा कमा रहे हैं। साथ ही दूसरे परिवारों को भी गांव में रोजगार का नया अवसर तैयार हो गया है। मत्स्य पालन के सहारे आमदनी में इजाफा होने से ग्रामीणों की न सिर्फ आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है बल्कि उनका जीवन स्तर भी तेजी से सुधर रहा है।

* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

* पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 277 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, शनिवार, 7 मार्च 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



जदयू सांसदों, विधायकों एवं विधान पार्षदों की बैठक में हिस्सा लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## यूपीएससी ने जारी किया सिविल सर्विस का फाइनल रिजल्ट, अनुज अग्निहोत्री बने टॉपर

### बिहार के दो छात्रों ने टॉप 10 में बनायी जगह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार राजस्थान के अनुज अग्निहोत्री ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। वहीं बिहार के कई छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप रैंक में जगह बनाई है। यूपीएससी परीक्षा के टॉप 10 में जिन उम्मीदवारों ने जगह बनायी है उनमें अनुज अग्निहोत्री, राजेश्वरी सुवे एम, आकांश धुल, राघव झुनझुनवाला, ईशान भटनागर, जिन्निया अरोरा, ए.आर. राजा मोहिद्दीन, पक्षल सेक्रेट्री, आस्था जैन एवं उज्ज्वल प्रियंक शामिल हैं। यूपीएससी की ओर से जारी अंतिम परिणाम में कुल 958 उम्मीदवारों का चयन विभिन्न सेवाओं के लिए किया गया है। सफल उम्मीदवारों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस), भारतीय विदेश सेवा (आइएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) समेत कई केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति दी जाएगी। पूरा रिजल्ट यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। देशभर के हजारों उम्मीदवार इस रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे। इस बार राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा निवासी अनुज अग्निहोत्री ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। उनकी इस सफलता से पूरे राज्य में खुशी का माहौल है। इस साल यूपीएससी के टॉप-10 में बिहार के दो उम्मीदवारों ने जगह बनाई है। मुजफ्फरपुर के सरैयागंज इलाके के रहने वाले राघव झुनझुनवाला ने चौथी रैंक हासिल की है। वहीं वैशाली जिले के बिदुपुर निवासी उज्ज्वल प्रियंक ने 10वीं रैंक हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है। इसके अलावा सारण जिले के यशस्वी राजवर्धन को 11वीं रैंक मिली है। राघव झुनझुनवाला ने बताया कि यह उनका तीसरा प्रयास था।



अनुज अग्निहोत्री

## औरंगाबाद की बेटी मोनिका श्रीवास्तव ने यूपीएससी में पूरे भारत में प्राप्त किया 16वां स्थान

### आइएएस बन औरंगाबाद समेत पूरे राज्य को किया गौरवान्वित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की बेटी मोनिका श्रीवास्तव ने यूपीएससी (आईएएस) की परीक्षा में पूरे भारत में 16वां स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, समाज और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। मोनिका श्रीवास्तव औरंगाबाद जिला मुख्यालय के सत्येन्द्र नगर निवासी ई. बी. के. श्रीवास्तव एवं भारती श्रीवास्तव की पुत्री और नवबिहार टाइम्स अखबार के संपादक कमल किशोर एवं सोन वर्षा वाणी अखबार के संपादक श्रीराम अम्बष्ट की भगिनी है। ई. बी. के. श्रीवास्तव वर्तमान में जिला परिषद में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। मोनिका के नाना स्मृतिशेष लाला शम्भूनाथ और दादा स्मृतिशेष उमेशचंद्र श्रीवास्तव दोनों प्राचार्य और शिक्षाविद् थे। वहीं नानी स्मृतिशेष अरुणलता सिन्हा एवं दादी स्मृतिशेष श्याम कुमारी देवी समाजसेविका थीं। मोनिका की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर और डीएवी पब्लिक स्कूल से हुई। वह पहले आईआईटी की प्रवेश परीक्षा में बिहार टॉपर बनी। वर्ष 2022 में बीपीएससी में छठा स्थान लाकर प्रशासनिक सेवा में प्रवेश, उसके बाद वर्ष 2024 में यूपीएससी परीक्षा में पहली बार में ही सफलता प्राप्त कर 455 रैंक लाई। वर्तमान में वह भारतीय रेलवे सेवा के अंतर्गत अंडर ट्रेनिंग अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। अब दूसरी बार यूपीएससी में शानदार प्रदर्शन करते हुए लंबी छलांग लगाकर ऑल इंडिया 16वां रैंक हासिल कर उन्होंने जिले ही नहीं, पूरे बिहार का नाम देशभर में रोशन कर दिया है। मोनिका के पिता ई. बी. के. श्रीवास्तव ने बताया कि मेरी सबसे छोटी पुत्री मोनिका बचपन से ही असाधारण प्रतिभा की धनी रही हैं। पढ़ाई के प्रति उसकी लगन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में भी राज्य स्तर पर बेहतर स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2016 में आईआईटी गुवाहाटी से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। आईआईटी से पढ़ाई पूरी करने के बाद मोनिका ने कई प्रतिष्ठित ग्लोबल कंपनियों में काम किया, लेकिन उनके मन में समाज और देश के लिए कुछ बड़ा करने का सपना हमेशा जीवित रहा। इसी सपने ने उन्हें कॉर्पोरेट करियर छोड़कर प्रशासनिक सेवा की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मोनिका अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और परिवार के समर्थन को देती है। वे कहती हैं कि उनके माता-पिता ने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और शिक्षा के महत्व को समझाया। उनके पिता का सपना था कि उनकी बेटी एक अधिकारी बने और समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों के लिए काम करे। यही सपना उनके जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा बन गया। मोनिका श्रीवास्तव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से औरंगाबाद जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। जिले के बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। आज मोनिका की सफलता की कहानी उन हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस रखते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के नए राज्यपाल बने सैयद अता हसनैन

**पटना(नवबिहार ब्यूरो)।** भारतीय सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल बनाया गया है। रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन सेना में अपनी सेवाओं के लिए जाने जाते हैं। उन्हें सुरक्षा और रणनीतिक मामलों का व्यापक अनुभव है। बिहार के राज्यपाल के रूप में उनकी नियुक्ति को काफी अहम माना जा रहा है। बिहार के नए राज्यपाल बनाए गए सैयद अता हसनैन 12 मार्च को पटना पहुंचेंगे। वे लोकभवन में बिहार के 43वें राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

### बिहार में मौसम विभाग का येलो अलर्ट जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में बढ़ती गर्मी के बीच मौसम विभाग ने आंधी -बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी कर दिया है। बिहार में 9 मार्च से मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार अगले सप्ताह सीमांचल, कोसी और दक्षिण बिहार के जिलों में तेज हवाओं के साथ आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहेगा। इस दौरान कुछ इलाकों में बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग ने इसका येलो अलर्ट जारी किया है।

### राज्य के 160 स्कूलों में मिट्टी जांच लैब जल्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** छात्र-छात्राओं को मिट्टी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए राज्य के 160 स्कूलों में मिनी मिट्टी जांच लैब की स्थापना जल्द होगी। कृषि विभाग ने संबंधित जिलों को लैब स्थापित करने के लिए राशि भेज दी है। हरेक स्कूल को एक-एक लाख दिये गए हैं। मिनी मिट्टी जांच लैब की स्थापना पीएमश्री स्कूलों में की जानी है। इसका उद्देश्य कक्षा सात, आठ, नौ और ग्यारह के बच्चों में मिट्टी में मौजूद जैव विविधता का पता लगाने के लिए प्रेरित करना है।

### विवि के सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन को 173 करोड़ जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के परंपरागत विश्वविद्यालयों के सेवानिवृत शिक्षकों और कर्मियों को फरवरी माह का सेवांत लाभ और पेंशन आदि के भुगतान के लिए 173 करोड़ 89 लाख रुपये जारी कर दिये गये हैं। यह राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल स्वीकृत 1640 करोड़ 45 लाख रुपए में से दी गई है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने पटना विश्वविद्यालय सहित 11 विश्वविद्यालयों के कुलसचिव को पत्र भेजा है। परंपरागत विश्वविद्यालयों के तहत अंगीभूत महाविद्यालयों और अल्पसंख्यक या घाटानुदानित महाविद्यालयों में विधिवत रूप सृजित पदों पर नियमित रूप से नियुक्युत होकर सेवानिवृत शिक्षकों और कर्मियों को पेंशन और सेवांत लाभ दिया जाता है।

## चिंता मत कीजिए, किसी को नहीं होगी परेशानी : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले पर जनता दल यूनाइटेड के मंत्री और विधायक भावुक हो गए। नीतीश के आवास पर शुक्रवार शाम को हुई जेडीयू विधानमंडल दल की बैठक में मंत्री-विधायक रोने लगे। उनकी आंखों से आंसू आ गए। इसके बाद नीतीश ने उन्हें भरोसा दिलाया और कहा कि वह अपने कार्यकर्ताओं से हमेशा जुड़े रहेंगे और उनका मार्गदर्शन करते रहेंगे। बैठक के बाद जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने मीडिया को यह जानकारी दी। बता दें कि नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया था। इसके बाद से बिहार में सियासत गर्म है। इसी बीच पटना में मुख्यमंत्री आवास में शुक्रवार को अहम बैठक बुलाई गई। इसमें पार्टी के सभी विधायक, सांसद, एमएलसी, मंत्री मौजूद रहे। बैठक में नीतीश कुमार ने अपने राज्यसभा जाने के फैसले के बारे में जानकारी दी, तो सभी नेता भावुक हो गए। नीतीश कुमार ने उनसे कहा, 'मैं हूं ना, किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। विकास और सरकार से संबंधी कार्यों को देखते रहेंगे। आपकी समस्याओं का समाधान करते रहेंगे। इसके बाद सभी विधायकों ने नीतीश को आश्वस्त किया कि वह उनके फैसले के साथ खड़े हैं। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश के कहने पर ही यह मीटिंग बुलाई गई। बैठक में नीतीश ने कहा कि आप लोगों को हम छोड़ नहीं रहे हैं, आपके बीच हम रहेंगे। उनकी राज्यसभा जाने की इच्छा थी, इसलिए नामांकन किया। इस बैठक में नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीति में आने पर भी सहमति बन गई। सभी विधायकों ने नीतीश के सामने निशांत को राजनीति में लाने की मांग की। इसके बाद पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा इसका प्रस्ताव लेकर आए। इस पर सभी विधायक एवं एमएलसी ने अपना समर्थन दिया। इसके बाद संजय झा ने निशांत को पार्टी में शामिल करने की घोषणा की। बैठक में फैसला लिया गया कि निशांत कुमार शनिवार को जेडीयू की सदस्यता लेंगे और आने वाले दिनों में वे बिहार भ्रमण भी करेंगे।




## निशांत कुमार आज जदयू में होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में गर्मी के मौसम आते ही सियासी पारा भी चढ़ने लगा है। एक तरफ नीतीश कुमार राज्य की कमान छोड़ अब राज्यसभा चुनाव लड़ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर उनके बेटे निशांत कुमार सक्रिय राजनीति में एंट्री ले रहे हैं। निशांत कुमार 7 मार्च को आधिकारिक रूप से जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण करेंगे। सियासी गलियारों में चर्चा है कि निशांत को पार्टी में अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। अभी तक की जानकारी के अनुसार, जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद निशांत कुमार बिहार की यात्रा पर निकलेंगे। बता दें कि राज्यसभा में जाने के बाद नीतीश कुमार विधान परिषद की सदस्यता से त्याग पत्र देंगे। परिषद में नीतीश का कार्यकाल 2030 तक है। निशांत अगर राजनीति में सक्रिय होते हैं तो उन्हें परिषद में नीतीश कुमार का बचा हुआ कार्यकाल दिया जा सकता है। दूसरी ओर, जदयू के बड़े हिस्से की मांग है कि पार्टी की कमान निशांत कुमार को सौंपी जाए। इसे क्षेत्रीय दलों की उस प्रवृति से जोड़ कर देखा जा रहा है, जिसमें दल के सर्वोच्च नेता की संतान को ही उत्तराधिकार मिलता है।

## नीतीश की मर्जी के बिना पत्ता भी नहीं हिलता : ललन सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजनीति में हो रहे उठापटक के बीच ललन सिंह की नाराजगी की खबर आ रही थी। अब उन्होंने सीएम नीतीश के राज्यसभा जाने फैसले पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी और सरकार के भीतर जो भी निर्णय लिए गए हैं, वे पूरी तरह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मर्जी और आदेश पर हुए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह का नाम लिए बिना ललन सिंह ने उन पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जो लोग अब पार्टी का हिस्सा नहीं हैं, उनकी बातों की कोई अहमियत नहीं है। ललन सिंह ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि आरसीपी सिंह एक ऐसा नाम है जिसे सुनते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुस्से से लाल हो जाते है। मुख्यमंत्री उनका नाम तक सुनना पसंद नहीं करते। कांग्रेस की प्रतिक्रियाओं पर बोलते हुए ललन सिंह ने कहा कि जो लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वभाव को नहीं जानते, वही इस तरह की बातें करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नीतीश कुमार एक ऐसे नेता हैं जिनके इरादों और इच्छा के खिलाफ कोई भी व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता। पार्टी के भीतर और बाहर उनके फैसलों का पत्थर की लकीर होना तय है। बिहार के भविष्य और अगले मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर चल रही अटकलों पर भी ललन सिंह ने विराम लगा दिया। उन्होंने कहा कि बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला भी खुद नीतीश कुमार ही करेंगे। इस बयान से ललन सिंह ने यह संकेत दे दिया है कि गठबंधन और पार्टी के भीतर नेतृत्व को लेकर कोई संशय नहीं है और पूरी कमान आज भी नीतीश कुमार के हाथों में है।

## रामनवमी से पहले बिहार में नयी सरकार संभव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा के लिए अपना पर्चा भर दिया है। इसके बाद नीतीश अब तय हो गया है कि नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और बिहार को एक नया सीएम मिलेगा। हालांकि न तो भाजपा और न ही जदयू इस बात की जल्दी में है। सरकार के सूत्रों की मानें तो 16 मार्च तक राज्यसभा के चुनाव की प्रक्रिया चलेगी। 9 अप्रैल के बाद नए राज्यसभा सदस्यों को शपथ लेनी है। ऐसे में आज की तारीख से लगभग अभी कम से कम एक महीने का समय बचा है। इस बीच दोनों पार्टियां पहले अपने विधायक दल की बैठक बुलाएंगी। दोनों अलग-अलग विधायक दल का नेता चुनेंगे। इसके बाद एनडीए के विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार इस्तीफा देंगे और नए सरकार बनाने का दावा देंगे। भाजपा सूत्रों की मानें तो रामनवमी (26 मार्च) तक नई सरकार का गठन कर लिया जाएगा। वहीं ये तय माना जा रहा है कि पहली बार बिहार में भाजपा के सीएम शपथ लेंगे जबकि जदयू कोटे से दो डिप्टी सीएम बनाया जा सकता है। तीन महीने पहले नीतीश कुमार ने 26 मंत्रियों के साथ शपथ ली थी। अब नई सरकार फुल फ्लैज्ड 32 मंत्री के साथ गठित हो सकती है। इनमें 14 मंत्री भाजपा के, 14 जदयू के, दो लोजपा (आर) के साथ रालोमो-हम के एक-एक मंत्री होंगे। भाजपा और जदयू दोनों पार्टियों से सरकार नए चेहरों को मौका मिल सकता है। हालांकि फिलहाल चेहरे पर किसी पार्टी के कोई नेता कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। जदयू के प्रदेश स्तर के एक नेता ने बताया कि स्पीकर और गृह विभाग पर जदयू ने दावेदारी कर दी है। अभी सीएम का पद जदयू कोटे में है तो स्पीकर भाजपा के पास है और पहली बार सम्राट चौधरी ने डिप्टी सीएम रहते हुए गृह विभाग अपने पास रखा है। अब जदयू इसी आधार पर इन पदों पर अपना दावा कर रहा है। हालांकि भाजपा ये दोनों पद अपने पास रखना चाहती है। 2005 के बाद पहली गृह विभाग भाजपा के जिम्मे आई है। स्पीकर का पद सरकार को स्थिर रखने के लिए भी अहम माना जाता है। ऐसे में भाजपा किसी भी सूरत में इन दो अहम पदों को छोड़ने के लिए राजी नहीं है।

## लगातार तीसरी बार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष बने उमेश कुशवाहा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जनता दल यूनाइटेड के संगठनात्मक चुनाव में उमेश सिंह कुशवाहा एक बार फिर बिहार प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं। शुक्रवार को नामांकन के बाद उनके खिलाफ किसी अन्य नेता ने पर्चा दाखिल नहीं किया। इसके बाद उन्हें निर्विरोध तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। जदयू के संगठनात्मक चुनाव के तहत शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हुई। उमेश सिंह कुशवाहा ने इस पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। हालांकि, उनके सामने किसी अन्य नेता ने दावेदारी पेश नहीं की। ऐसे में उन्हें निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया। शाम करीब 4 बजे पार्टी की ओर से इसकी औपचारिक घोषणा कर दी गई। उमेश सिंह कुशवाहा पिछले करीब पांच साल से बिहार में जदयू संगठन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्हें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी और भरोसेमंद नेताओं में गिना जाता है।

### बिहार में राजस्व सेवा के अफसरों के लिए नया फरमान

## सोशल मीडिया पर सरकार की आलोचना की तो गिरेगी गाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व सेवा के अधिकारी अब इंटरनेट मीडिया पर सरकार की नीतियों की आलोचना नहीं करेंगे। कई अंचलाधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों की प्रतिकूल टिप्पणियों के बाद सरकार ने यह निर्णय लिया है। विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने शुक्रवार को अंचलाधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों के नाम आदेश जारी किया गया है। कहा है कि यह अनुशासनहीनता के दायरे में आएगा। अनुशासनिक कार्रवाई भी होगी। पत्र में कहा गया है कि उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा दो महीने से प्रमंडलीय एवं जिला मुख्यालयों में भूमि सुधार जन कल्याण संवाद कार्यक्रम चला रहे हैं। राजस्व प्रशासन के कई अधिकारी-कर्मचारी इंटरनेट मीडिया पर इस कार्यक्रम की प्रतिकूल आलोचना कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से सरकारी सेवक के आचरण के विरुद्ध है। पत्र में बिहार सरकारी सेवक (आचरण) नियमावली, 1976 के नियम 10 का उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार, कोई सरकारी सेवक किसी रेडियो प्रसारण में अथवा गुमनाम या छद्मनाम से या अपने नाम से या किसी अन्य व्यक्ति के नाम से प्रकाशित लेख में भारत सरकार या राज्य सरकार की किसी प्रचलित या नई नीति या कार्य की प्रतिकूल आलोचना करता है तो यह अनुशासहीनता के दायरे में आएगा। इसी नियमावली के नियम-9 में यह प्रविधान है कि समाचार पत्रों या रेडियो में सरकार के बारे में कोई सूचना बिना स्पष्ट निर्देश के नहीं दे सकता है। इसके तहत सरकारी सेवक द्वारा सरकार की किसी नीति के विरुद्ध इंटरनेट मीडिया में रील बनाकर विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर जारी करना सख्त रूप से प्रतिबंधित है। ऐसा भी करना सरकारी सेवक के आचरण के प्रतिकूल माना जाएगा। प्रधान सचिव के पत्र में कहा गया है कि सरकारी सेवकों को व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखना चाहिए। राजस्व प्रशासन से जुड़े कर्मियों का जन कल्याण संवाद के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणियां करना अनुशासनहीनता का द्योतक है। ऐसी गतिविधियों में शामिल होना आचार नियमावली के विरुद्ध माना जाएगा।




## बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में उड़ान भर रहीं बेटियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां उड़ान भर रही हैं। मैट्रिक और इंटरमीडिएट की पढ़ाई में लड़कों को पीछे छोड़ चुकी बेटियों का दबदबा अब सरकारी विद्यालयों में शिक्षण कार्य में भी बढ़ गया है। प्रारंभिक विद्यालयों में पचास प्रतिशत से अधिक शिक्षक आधी आबादी की हैं। माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य में भी बेटियों की हिस्सेदारी बढ़ गई है। स्कूली शिक्षा प्राप्त करने में लड़कियां लड़कों से आगे निकल चुकी हैं। शिक्षा विभाग की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। बिहार बोर्ड ने यह रिपोर्ट शिक्षा विभाग को सौंपी है। रिपोर्ट के आंकड़े के मुताबिक, मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की पढ़ाई में संख्या के लिहाज से लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में लड़कों की तुलना में 58,761 ज्यादा लड़कियां शामिल हुईं। इस परीक्षा में 15,12,687 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। इनमें 7,85,726 लड़कियां होंगी, जबकि लड़कों की संख्या 7,26,961 है। इसी प्रकार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट परीक्षा में भी लड़कों की तुलना में 33,842 ज्यादा लड़कियां शामिल हुई हैं। इंटर परीक्षा में कुल 13,17,846 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं उनमें 6,75,844 लड़कियां हैं जबकि लड़कों की संख्या 6,42,002 है।

# सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित

**सात निश्चय-3 अंतर्गत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जिले में आयोजित हुई जनसुनवाई, डीएम ने सुनी आमजनों की समस्याएं**

**समस्याओं का त्वरित समाधान**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 09 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना-रोह, ग्राम-ओहारी की रेखा देवी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित, थाना-रोह, ग्राम-खरगु बिगहा की रीता देवी द्वारा नली निर्माण के संबंध में, थाना-सिरदला, ग्राम-चांदपुर की बविता कुमारी द्वारा रास्ते से अतिक्रमण हटाने के संबंध में तथा थाना-मेसकौर, ग्राम-रेपुरा के बिहारी यादव द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा तथा सदर एवं रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जहां आमजनों की समस्याओं का समाधान किया गया।

## गोली कांड में जख्मी रंजीत चौधरी के फर्द बयान पर मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के कुझा गांव में चचरे भाई ने भाई को गोली मार जख्मी किया था। इस मामले में नारदीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस बाबत थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा जख्मी रंजीत चौधरी के फर्द बयान पर मामला दर्ज हुआ है। उन्होंने अपने चचरे भाई श्रवण चौधरी के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। इस घटना में आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 74/2026 दर्ज किया गया है। घटना में शामिल आरोपित श्रवण चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। यह घटना बीते चार मार्च को बुधवार की रात तकरीबन 11 बजे की है। घटना स्थल पर से पुलिस ने एक खोखा को बरामद किया था। फिलहाल जख्मी हालत में पटना में इलाज कराया जा रहा है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर से एक खोखा बरामद किया गया है। रिश्ते में दोनों चचरे भाई हैं। थानाध्यक्ष ने कहा चिकित्सक के अनुसार जख्मी की हालत में सुधार हो रहा है।

## सोमवार हाट के बेहतर संचालन को लेकर कार्यकारिणी समिति गठित

**विभिन्न गांवों एवं समुदायों से 28 सदस्यों को भी समिति में किया शामिल**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेसकौर (नवादा)।** प्रखंड के बीजुबीघा स्थित कोपीन मोड़ पर आदर्श सोमवार हाट के सुचारू संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हाट के व्यवस्थापक डॉ. अभय कुशवाहा ने की। इस दौरान हाट के विकास, साफ-सफाई, लाइटिंग, शौचालय निर्माण, सौंदर्यीकरण तथा विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में लगभग 100 ग्रामीण किसान भाई शामिल हुए।

सर्वसम्मति से मुख्य कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। समिति में संयोजक के रूप में जवाहर प्रसाद, अध्यक्ष डॉ. अभय कुशवाहा, उपाध्यक्ष प्रतीक चौधरी, सचिव बिहारी कुमार, संयुक्त सचिव उमा प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष अरविंद तांती तथा सह-कोषाध्यक्ष रंजय कुमार को चयनित किया गया। इनके सहयोग के लिए 10 विभिन्न गांवों एवं समुदायों से 28 सदस्यों को भी समिति में शामिल किया गया, ताकि हाट संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

हाट के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए आर्थिक सहयोग की व्यवस्था भी तय की गई। ग्रामीण किसान भाइयों से 10 रुपये, बड़े सब्जी, मसाला, ठेला, मछली-मुर्गा व कपड़ा विक्रेताओं से 20 रुपये, बकरी-पठरू एवं खचिया मौना विक्रेताओं से 30 रुपये तथा गाय-भैंस, लकड़ी, खाट-पलंग बेचने वालों से 50 रुपये सहयोग राशि ली जाएगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्राप्त राशि हाट के विकास के साथ-साथ क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और खेलकूद गतिविधियों पर भी खर्च की जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिल सके।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु किया जा रहा प्रचार-प्रसार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के द्वारा प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके लिए व्यवहार न्यायालय, नवादा में 3950 वादों को चिन्हित किया गया है तथा 3733 पक्षकारों को नोटिस तामिला के लिए सर्व किया गया है, जिसमें एमएसीटी वादों की सं0 96, मैट्रिमोनियल का 12, क्रिमिनल वाद 3433, जी0 ओ0 वादों में माइनिंग का 106, वन वाद 134, माप-तौल 82, श्रम वाद 23, धारा 138 एन० आई० एक्ट का 54, सिविल वाद का 10, टेलीफोन वाद का 251 तथा बैंक के 43999 मामले चिन्हित किए गए हैं।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए होम्योपैथिक चिकित्सक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला मुख्यालय के विजय सिनेमा रोड स्थित आर्य समाज मंदिर प्रांगण में जिले के प्रसिद्ध होम्यो चिकित्सा स्वर्गीय डॉ शशि भूषण कुमार सिन्हा की 22वीं पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि की अध्यक्षता डॉ सिन्हा के अनुज भ्राता डॉ. सुधीर कुमार ने किया। इस मौके पर भक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय सिन्हा एक कुशल व मजे हुए होम्यो चिकित्सा थे। किसी भी रोग में उनकी दवा जादू सा असर करता था। इसके अलावा यह हमेशा गरीबों की फ्री इलाज किया करते थे। यही कारण है कि आज भी ये लोगों के दिलों में रचे बसे हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा दो मिनट का मौन भी रखा।

## लखमोहना में श्री सीता राम महायज्ञ शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के लखमोहना गांव में श्री सीता राम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। धार्मिक माहौल और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ की शुरुआत की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर पूजा-अर्चना में शामिल हुए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

महायज्ञ के आयोजन को लेकर गांव में उत्सव जैसा माहौल है। सुबह से ही कलश यात्रा, हवन-पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया। यज्ञ स्थल पर दूर-दूर से आए श्रद्धालु भगवान श्रीराम और माता सीता की आराधना कर रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक अनिल सिंह भी पहुंचे और यज्ञ में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, शांति और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना भी की। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ 14 मार्च तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन पूजा-पाठ, प्रवचन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। महायज्ञ को सफल बनाने में ग्रामीणों और आयोजन समिति के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। गांव में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

## पीएम मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में 'कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन' पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा स्थित राजेन्द्र भवन में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 'कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन' विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार का सीधा प्रसारण किया गया। इस वेबिनार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली शामिल हुए,जहां कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं व पहलों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने,पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन के विकास, स्वामित्व योजना, स्वयं सहायता समूहों की भूमिका, ग्रामीण आजीविका और कृषि में आधुनिक तकनीक के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के बैनर तले क्षेत्र के किसानों ने वेबिनार का सीधा प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के बाद मौजूद कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह एवं अन्य वैज्ञानिकों ने बताया कि कार्यक्रम में हाई वैल्यू खेती जैसे-काजू,नारियल,बादाम आदि को बढ़ावा कृषि में एआई आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म,मत्स्य पालन के लिए जलाशयों का बेहतर उपयोग, ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों के लिए बेहतर बाजार इत्यादि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर कृषि वैज्ञानिक रौशन कुमार, अंगद कुमार, रजत रंजन, फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन, अनिल कुमार,मनोज कुमार, सलोनी कुमारी, पिंटू पासवान, सरवन रविदास समेत जिले के दर्जनों किसान मौजूद थे।

## अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटने से किशोरी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार थाना क्षेत्र के कचहरी मोड़ के पास शुक्रवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में ई-रिक्शा के नीचे दबने से 13 वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के मिर्चायगंज निवासी सूर्यभूषण पंडित की पुत्री वंदना कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**इलाज के लिए आई थी शहर, रास्ते में हुआ हादसा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वंदना को पेट दर्द की शिकायत थी। परिजन उसे इलाज के लिए बिहारशरीफ स्थित एक निजी क्लिनिक में लेकर आए थे। डॉक्टर ने प्रारंभिक जांच के बाद बच्ची को दवा खाने से पहले कुछ नाश्ता करने की सलाह दी थी। इसके बाद वह अपने परिजनों के साथ क्लिनिक से बाहर निकलकर नाश्ता करने जा रही थी। इसी बीच कचहरी मोड़ के पास एक अनियंत्रित ई-रिक्शा अचानक पलट गया, जिसकी चपेट में आकर वंदना उसके नीचे दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्ची को आनन-फानन में बिहारशरीफ सदर (मॉडल) अस्पताल ले जाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि वंदना अपने दो भाइयों की इकलौती बहन थी। इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

**पुलिस कर रही है मामले की छानबीन**

घटना की सूचना मिलते ही बिहार थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। इस संबंध में बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मध्य विद्यालय निमाटांड में पुस्तकालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली (नवादा)।** बिहार सरकार की दूरगामी सोच और पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षा के प्रति रुचि जगाने की कड़ी में मध्य विद्यालय निमाटांड, रजौली में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है, जहां विद्यालय के पठन-पाठन के वातावरण को और अधिक समृद्ध बनाने के उद्देश्य से सुसज्जित पुस्तकालय कक्ष का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस गौरवपूर्ण समारोह में नोडल शिक्षिका अंजू कुमारी व नीतू कुमारी के साथ पुस्तकालय मंत्री अंशिका कुमारी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन की रस्म अदा की,जो छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ता एक सशक्त कदम है। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद सहित अनोज कुमार, निखत बानो, मंजू कुमारी और नीतू कुमारी जैसी समर्पित शिक्षकों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया, जबकि सैकड़ों उत्साहित छात्र-छात्राओं की मौजूदगी ने इस पहल के प्रति उनकी उत्सुकता को स्पष्ट रूप से दर्शाया। इस पुस्तकालय की स्थापना का मूल ध्येय बच्चों में न केवल पुस्तकों के प्रति गहरा लगाव पैदा करना है, बल्कि इसके माध्यम से उनकी भाषा की शुद्धता को निखारना, उच्चारण में स्पष्टता लाना और उनके सामान्य ज्ञान के दायरे को निरंतर विस्तृत करना है।

## खेग्रामस की दो दिवसीय राज्य परिषद की बैठक को सफल बनाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** जिला मुख्यालय नवादा में अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) की 10 और 11 मार्च को होने वाली राज्य परिषद की बैठक को सफल बनाने को लेकर कौआकोल में व्यापक तैयारियां की जा रही है। इसकी जानकारी देते हुए खेग्रामस के जिला उपसचिव सह भाकपा माले नेता मंटू कुमार एवं दिलीप कुमार ने बताया कि बिहार में सरकार की गरीबों पर अत्याचार जारी है। दलित, मजदूरों एवं गरीबों पर सरकार द्वारा बगैर वैकल्पिक व्यवस्था किए बुलडोजर चलाये जा रहे हैं। वीबी जी राम जी योजना लाकर मजदूरों की हकमारी की जा रही है। जिसके खिलाफ और अन्य मुद्दों को लेकर खेग्रामस के बैनर तले दो दिवसीय राज्य परिषद की बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय स्तर के नेता का आगमन होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर गांव-गांव जाकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। एवं लोगों से तन,मन,धन से सहयोग करने की भी अपील किया जा रहा है।

## रजौली अंचल कार्यालय में जनसुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** स्थानीय अंचल कार्यालय में शुक्रवार का दिन आम जनता की समस्याओं के समाधान के नाम रहा। अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अपनी भूमि संबंधी और अन्य प्रशासनिक समस्याओं को अधिकारी के समक्ष रखा। इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य जमीन से जुड़े विवादों और सरकारी प्रक्रियाओं में होने वाली देरी को कम कर आम जनमानस को त्वरित न्याय दिलाना था।

सप्ताह में सोमवार व शुक्रवार के निर्धारित दिन होने वाली जनसुनवाई में अंचलाधिकारी ने न केवल शिकायतों को गंभीरता से सुनते हैं, बल्कि मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन भी करते हैं ।इसी क्रम में शुक्रवार को आए दो मामलों की जनसुनवाई के दौरान धमनी पंचायत के कुम्हरूआ गांव से आए राजेंद्र प्रसाद निराला ने अपनी जमाबंदी में लंबे समय से चली आ रही त्रुटियों के सुधार का मामला उठाया। वहीं, जोगियामारण पंचायत के भगवानपुर निवासी विनोद कुमार निराला ने सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण से जुड़ी समस्या को प्रमुखता से दर्ज कराया।इन मामलों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी ने संबंधित राजस्व कर्मियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि सुधार से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और गति प्रशासन की प्राथमिकता है। जमाबंदी में सुधार के आवेदन पर उन्होंने दस्तावेजों की जांच कर उसे समय सीमा के भीतर अपडेट करने का आदेश दिया। साथ ही, अतिक्रमण के मामले में उन्होंने यह साफ कर दिया कि सार्वजनिक रास्तों या सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके समाधान के लिए विधिवत प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अंचलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जनसुनवाई का आयोजन इसलिए किया जाता है ताकि लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे बिचौलियों के झांसे में आने के बजाय सीधे अंचल कार्यालय में आकर अपनी बात रखें।

## बंद घर से आठ लाख के सोने चांदी के जेवरात चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** सोहसराय थाना क्षेत्र के आशानगर संगतपर धोबीटोला मोहल्ला में बदमाशों ने बंद पड़े एक व्यवसायी के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया। गैस एजेंसी संचालक अनूप कुमार ने बताया कि पूरा परिवार पटना में रहते हैं। नीचे किराएदार रहता है, वह भी होली में घर गया हुआ था। इसी बीच मेन गेट का ताला काटकर घर के गोदरेज और अलमीरा से करीब आठ लाख के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। शुक्रवार को पड़ोसी ने ताला खुला देख घटना की जानकारी अनूप कुमार को दी। जानकारी मिलते ही परिवार का पूरा सदस्य घर पहुंचे, तब चोरी का खुलासा हुआ। पीड़ित के बड़े भाई रिटायर्ड अधिकारी है। सोहसराय थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि सूचना मिली है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल जा रहा है। जल्द मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## शराब के नशे में पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** बुढ़वा होली के पावन अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और नशाखोरों पर नकेल कसने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग ने विशेष अभियान चलाया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र के कड़े रुख और दिशा-निर्देशों के बाद समेकित जांच चौकी पर सघन वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व एसआई प्रवीण ने किया। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने शराब के नशे में धुत पांच व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़कर हिरासत में ले लिया। जांच की प्रक्रिया में एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि पकड़ा गया एक व्यक्ति 'रिपीट ऑफेंस' यानी बार-बार अपराध करने की श्रेणी में चिह्नित किया गया है, जो पूर्व में भी शराबबंदी कानून का उल्लंघन कर चुका है। पकड़े गए सभी व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और पुराने शराबी की गंभीरता को देखते हुए उसे दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, ताकि कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### दो गुटों में झड़प की घटना में 10 से अधिक घायल

**कौआकोल (नवादा)।** कौआकोल थाना क्षेत्र अंतर्गत छबैल पंचायत के कुतुबचक गांव में गुरुवार की देर शाम बुढ़वा होली के दिन झुमटा के दौरान डीजे पर अश्लील गाना बजाने को लेकर दो गुटों में झड़प हो गया। जिससे दोनों पक्षों में जमकर रोड़ेबाजी की घटना घटित हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों से दस से अधिक लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ही समुदाय के दो गुटों में झड़प की घटना हुई। जिसमें एक गुट के द्वारा झुमटा निकालकर डीजे पर अश्लील गाना बजाया जा रहा था और दूसरे गुट के गली में प्रवेश करने लगा। जिसका दूसरे पक्ष के द्वारा विरोध किया गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई और रोड़ेबाजी की घटना शुरू हो गई। जिसमें कुतुबचक गांव निवासी रिंकू देवी, मुसाफिर पासवान, ललिता देवी,शोभा देवी,ममता देवी,मौसम कुमारी, सौरभ कुमार, सोनु कुमार, रोहित कुमार,हारो महतो एवं दरावां गांव निवासी खुशबू देवी घायल हो गए। सभी घायलों का कौआकोल पीएचसी में ईलाज कराया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने कहा है कि घटना को लेकर दोनों पक्षों द्वारा समाचार प्रेषण तक कौआकोल थाना को कोई सूचना नहीं दी गई है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** रहुई में शुक्रवार को मनोकामना जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति के तत्वावधान में मातृ-शिशु पोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएम विशुनदेव पंडित ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 30 मार्च तक किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई। मातृ-शिशु पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वीओ, स्वास्थ्य समिति, सीएम तथा सीएमआरपी को सीएलएफ की ओर से प्रोत्साहित किया गया। बेहतर कार्य करने वाली टीमों को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई, ताकि अन्य समूह भी प्रेरित होकर इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में सीएलएफ के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष सहित सीएलएफ से जुड़ी बड़ी संख्या में दीदियां मौजूद रहीं।

दीदियों के साथ विभिन्न कैडर सदस्यों ने भी भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर एचएन-एमआरपी रुकमिनी कुमारी, एमबीके बसंत जमादार, सीएफ प्रियंका कुमारी, बीपीएम विशुनदेव पंडित तथा बीआरपी निखिल राज भी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने मातृ-शिशु पोषण को समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सही पोषण और जागरूकता से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बेहतर कार्य करने वाले समूहों को प्रोत्साहित करना रहा।

## डीएम ने सुनीं शिकायतें, कई शिकायतों का हुआ निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने शुक्रवार को कुल 9 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कुछ मामलों का समाधान संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा पहले ही कर दिया गया था, जबकि शेष मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सुनवाई के दौरान रोहित रंजन की शिकायत, जो गैरमजरूआ मालिक जमीन पर गलत ढंग से घेराबंदी से संबंधित थी, उसके निष्पादन के लिए अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी गई। वहीं भूषण कुमार द्वारा मध्य विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने से संबंधित मामले में भी सुनवाई की तिथि आगे बढ़ा दी गई। इसी क्रम में अंजलि भारती की वृद्धा पेंशन नहीं मिलने तथा संजय शर्मा की दिव्यांग पेंशन से संबंधित शिकायतों का जिला पदाधिकारी द्वारा निष्पादन कर दिया गया। सत्यदेव प्रसाद सिंह की खाता, खेसरा और रकवा दर्ज कराने से संबंधित शिकायत की जांच के लिए जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता, नालंदा को निर्देश दिया। वहीं मनोज कुमार की जमाबंदी से जुड़ी समस्या का भी निष्पादन कर दिया गया। इसके अलावा बिपिन कुमार द्वारा दर्ज अतिक्रमण से संबंधित शिकायत तथा अतिक्रमण हटाने से जुड़ी एक अन्य शिकायत का भी जिला पदाधिकारी द्वारा निस्तारण किया गया।

वहीं कमला देवी द्वारा अनुग्रह अनुदान की राशि नहीं मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए श्रम अधीक्षक, नालंदा को निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# डीजे बजाने को लेकर रेवाड़ा गांव में हिंसक झड़प

## दो घायल, पुलिस कर रही मामले की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज।** बेलागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रेवाड़ा गांव में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में तब्दील हो गयी। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जेपीएम अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में होली के कार्यक्रम के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच पहले बहस शुरू हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज आवाज में डीजे बजाने का विरोध किया जा रहा था, जिस पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई। घटना के दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग बीच-बचाव में जुट गए। घायलों की पहचान रामप्रवेश प्रजापति के पुत्र रवि कुमार (28 वर्ष) और रौशन कुमार (22 वर्ष) के रूप में की गई है। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बेलागंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई है। डीजे बजाने को लेकर आपसी विवाद में मारपीट हुई है। दो लोगों को इलाज के लिए रेफर किया गया है। पुलिस पूरे मामले की तहकीकात कर रही है और दोषियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन तनाव को देखते हुए पुलिस की नजर बनी हुई है।

# सरकारी स्कूल में चोरी : किचेन का ताला तोड़ आठ बोरी चावल व गैस सिलेंडर ले गए चोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कोंच (गया)।** चोरों ने सरकारी स्कूल को ही निशाना बना लिया। कोंच थाना क्षेत्र की कनौसी पंचायत स्थित विशुनपुर गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बीती रात चोरी की घटना हुई। चोरों ने स्कूल के किचन का ताला तोड़कर आठ बोरी चावल और गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। चोरों ने स्कूल की छत पर लगी पानी टंकी की पाइपलाइन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे विद्यालय में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई। बताया जाता है कि होली के अगले दिन गुरुवार को स्कूल सामान्य रूप से खुला था। विद्यालय की प्रभारी प्रिंसिपल सबिता कुमारी और वरीय शिक्षक गौतम कुमार ने बताया कि पढ़ाई-लिखाई खत्म होने के बाद शाम करीब चार बजे स्कूल बंद कर दिया गया था और उस समय तक सभी सामान सुरक्षित था। शुक्रवार सुबह 8 बजे गांव के कुछ लोगों ने मोबाइल पर स्कूल का ताला टूटा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रिंसिपल मौके पर पहुंचीं तो देखा कि स्कूल के कमरे और किचन का ताला टूटा पड़ा है। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि स्कूल परिसर में बाउंड्री वॉल नहीं होने के कारण सुरक्षा की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। रात में असामाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है, जिससे चोरी की घटना को अंजाम देना चोरों के लिए आसान हो गया। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन ने कोंच थाना की पुलिस को सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्कूल की ओर से अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत भी दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी स्कूल में इस तरह की चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

## एक नजर

### राज्यपाल बनाए जाने पर बधाई

**वजीरगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वजीरगंज प्रखंड युवा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष क्रांतिवीर शर्मा ने लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन को बिहार का राज्यपाल बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके समृद्ध अनुभव, उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण से बिहार के विकास, सुशासन और जनकल्याण को नई दिशा एवं गति मिलेगी।उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन की नियुक्ति बिहार के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि मैं उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

### डीडीसी ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**कोंच (गया) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोंच प्रखंड को मॉडल ब्लॉक बनाने की दिशा में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण शुक्रवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शैलेश कुमार दास ने किया। सरकार द्वारा कोंच प्रखंड को आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल ब्लॉक के रूप में विकसित करने के लिए नए भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने प्रखंड परिसर में संवेदक द्वारा कराए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कोंच प्रखंड को मॉडल ब्लॉक के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नए प्रखंड भवन के निर्माण के लिए परिसर में स्थान चिन्हित किया गया है, जो आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस होगा। उन्होंने संवेदक को समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। बताया गया कि फिलहाल पानी की व्यवस्था के लिए बोरिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### आग लगाने का आरोप

**बेलागंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के भालूआ-2 पंचायत अंतर्गत सलेमपुर गांव में गुरुवार की सुबह खलिहान में रखे नेवारी (पुआल) के पुंज में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और छह किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। घटना में कुल 41 हजार नेवारी जलकर राख हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों ने धान की कटाई और पिटाई के बाद जानवरों के चारे के लिए नेवारी के पुंज बनाकर खलिहान में सुरक्षित रखा था। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दिए जाने की आशंका जताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि ग्रामीणों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। पीड़ित किसानों में कमलेश कुमार की 7 हजार नेवारी, वीरेंद्र सिंह की 4 हजार, अरुण कुमार की 4 हजार, दुर्गा रविदास की 3 हजार, राजू सिंह की 3 हजार तथा अर्जुन सिंह की 20 हजार नेवारी जलकर नष्ट हो गई। सबसे अधिक नुकसान अर्जुन सिंह को हुआ है। किसानों का कहना है कि यह नेवारी वर्षभर मवेशियों के चारे के लिए रखी गई थी। अब अचानक हुए इस नुकसान से उनके सामने पशुओं के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया। बाल्टी और मोटर पंप के सहारे काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। सूचना मिलने पर बेलागंज थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है।

### यात्रियों के साथ मनमानी

**गयाजी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हिंदू के महान पर्व मे गुरुवार की सुबह स्टेशन के बाहर बाहरी टोटो जिनके पास गया जिला का न ड्राइविंग लाइसेंस है नही आधार,नही वौटर आइडी कार्ड वैसै टोटो बंद नही होने से आम जनता के साथ गया जी आने वाले को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है इसकी जानकारी यातायात एवं परिवहन विभाग को देने पर भी करवाई नही होती है जिससे गया शहर के टोटो चालक फस जाते हैं वार्ड पार्षद द्वारा बाहर टोटो चालक को उज्वला योजना आदी की बात सूत्र बता रहे हैं। डिम्पल कुमार वार्ड पार्षद दिपक चंद्रवंशी के मोहल्ले में लोग रहते हैं। जिससे हर रोज जाम और सुबह सुबह गुरुद्वार मोड जाम बनी रहती है कब तक करवाई होगी।

### वाहन दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल क्षेत्र के दिनारा थाना क्षेत्र में होली के दिन दो अलग-अलग बाइक दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पहला हादसा बरियारपुर के पास हुआ, जहां दो बाइकों की टक्कर में 46 वर्षीय राजेश कुमार सिंह की मौत हो गई। इस दुर्घटना में दो अन्य लोग भी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य हादसा भलुनी टोला के पास हुआ, जहां एक बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। इस हादसे में 26 वर्षीय सत्य प्रकाश भारती उर्फ लल्लू की मौत हो गई। इस दुर्घटना में भी दो अन्य युवक घायल हुए हैं। थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। होली के दिन हुई इन दुर्घटनाओं से क्षेत्र में शोक की लहर है।

### मारपीट मामले में सात की गिरफ्तारी

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट थाना क्षेत्र के अमरथा गांव में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। नशे की हालत में हुई इस झड़प में दोनों ओर से कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घायलों को काराकाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया।थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रथम पक्ष की ओर से अंजू देवी ने अखिलेश पासवान, रमेश पासवान, अशोक पासवान, ललन राम और सीमा देवी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# घर पर चढ़कर की रोड़ेबाजी, सीसीटीवी का वीडियो वायरल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में अखिलेश कुमार के घर पर बीती रात चढ़कर रोड़ेबाजी की घटना का सी टी वी विडियो वायरल हो रहा है। उक्त घटना गुरुवार की संध्या 8:00 बजे की बताई जा रही है वायरल वीडियो में आधा दर्जन से अधिक युवक अखिलेश कुमार के घर पर रोड़े बाजी करते हुए दिख रहे हैं। इस मामले में अखिलेश कुमार ने संतु कुमार, राजबललभ यादव, उमा यादव, सहित दर्जनों युवकों पर आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में आवेदन? दिया है। अखिलेश कुमार ने आरोप लगाया है की उनसे रंगदारी की मांग की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में घटना के बाद कुछ लोग सुबह मामले को रफा दफा करने की बात कह रहे हैं और मामला में बता रहे हैं कि खेत में पटवन को लेकर चर्चा की जा रही है। अखिलेश कुमार के पुत्र रॉकी कुमार के अनुसार रात्रि में पुलिस की मदद के लिए कॉल लगाया गया। लेकिन सुबह 10:00 गांव में पुलिस पहुंची। अगर कोई बड़ी घटना घट जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता। दरवाजा मजबूत होने के कारण रात्रि में दरवाजा नहीं टूट पाया। इस मामले में प्रभारी थानाध्यक्ष बिजली कुमारी ने बताया कि मामले से संबंधित आवेदन मिला है और इसकी जांच की जा रही है।

# श्रद्धा पूर्वक मनाई गई कवि रामनाथ बाबू की पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**वजीरगंज।** वजीरगंज के दखिनगांव में शुक्रवार को एक समारोह आयोजित कर पूर्व प्रधानाध्यापक सह साहित्यकार व समाजसेवी स्वरामनाथ सिंह की 10वीं पुण्यतिथि मनाई गई। हिन्दी-मगही साहित्यिक मंच के बैनर तले आयोजित पुण्यतिथि समारोह में सबसे पहले शिष्यों एवं रचनाकारों व मंच सदस्यों ने स्व रामनाथ बाबु के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व रामनाथ बाबु के शिष्य रहे सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रवीन्द्रनाथ सिंह उर्फ बाटो बाबु ने कहा कि वे बच्चों को प्रेम पूर्वक पढ़ाते थे, उनकी पढ़ाने की शैली इतनी जोरदार थी ,कि बिना लिखे और याद किए सब कुछ समझ में भी आता था और स्मृति में बस भी जाता था। वे प्रधानाध्यापक थे, लेकिन कभी अगर पांच-सात मिनट विद्यालय पहुंचने में किसी वजह से देरी हो जाती थी, तो वे स्वतः आकस्मिक अवकाश लेकर पूरे दिन शिक्षण कार्य करते थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह ने कहा कि योग्यता और निष्ठा दो अलग-अलग चीज होती है, पहले के शिक्षक निष्ठा पूर्वक अपनी कर्तव्यों का निर्वहन करते थे, जो आज के शिक्षकों में उनके मुकाबले कम ही देखने को मिलती है। वक्ताओं ने कहा कि वे कुशल शिक्षक तो थे ही छात्र-छात्राओं में उनके व्यक्तित्व को निखारने का काम भी करते थे। मंच संरक्षक कृष्णचन्द्र चौधरी ने कहा कि उनकी रचित कविताएं, नाट्य एवं कहानियां सभी छात्रों को कुछ और करने एवं कहने की प्रेरणा देती थी। आज उनके निर्देशन में मेरे जैसे दर्जनों छात्र साहित्य प्रेमी तो बने ही अपनी योग्यतानुसार कोई शिक्षक तो कोई अन्य सरकारी पदों पर रहकर सेवाएं भी दी हैं। इनके जीवन के उच्च विचारों के बारे में आज के बच्चों को बताने की आवश्यकता है, ऐसे में उनके पौत्र सह पंचायत समिति सदस्य आनंद मिलींद तथा मंच के माध्यम से समारोह आयोजित कर उनकी पुण्यतिथि मनाया जा रहा है, जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। समारोह को पंकज कुमार संजय, असीम कुमार पवन, कमला प्रसाद सिंह, शम्भुशरण शर्मा, कनक कुमार कर्मवीर, संजीत बख्तरिया, कृष्णा सिंह, रामचन्द्र दास, बच्चू शर्मा, निखिल कुमार, उमेश सिंह, अरूण यादव, ओम जी, अजय सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# धूल खेली से अबीर-गुलाल तक झूमे लोग, बेलागंज व चाकंद में शांति के बीच संपन्न हुआ रंगों का त्योहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज।** बेलागंज और चाकंद में आपसी समरसता, सौहार्द और रंगऽगुलाल के उत्साह के साथ होली का पर्व हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पूरे दिन रंगों की फुहार और उत्सव का माहौल छाया रहा। शहरी इलाकों में जहां आधुनिक साउंड सिस्टम पर युवा थिरकते नजर आए, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक होली गीत, ढोल-मांदर और चौपाल की संस्कृति की झलक देखने को मिली। सुबह से ही बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। कई जगहों पर लोगों ने ‟धूल खेली” की परंपरा निभाई, जिसके बाद रंग और गुलाल का दौर देर दोपहर तक चलता रहा। बाजारों और मुख्य चौक-चौराहों पर सुबह से ही चहल-पहल रही। मिठाई की दुकानों पर भीड़ देखी गई, वहीं पिचकारी और रंगों की दुकानों पर बच्चों की खासा उत्साह दिखा। मोहल्लों और गांवों में सामूहिक होली मिलन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने गले मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बेलागंज, चाकंद, मेन एवं पाई बिगहा थाना क्षेत्रों में दंडाधिकारियों के देखरेख में पुलिस टीम की गठन की गई थी और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। गश्ती दल लगातार भ्रमण करते रहे, जिससे कहीं भी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। हालांकि कुछ स्थानों पर मामूली कहासुनी और छिटपुट घटनाएं सामने आईं, लेकिन स्थानीय प्रशासन की तत्परता से स्थिति पर तुरंत काबू पा लिया गया। कुल मिलाकर पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। होली के इस रंगीन पर्व ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि सामाजिक एकता और पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिकता का समन्वय ही क्षेत्र की असली पहचान है।

# एसडीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं, दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान 45 मामले सामने आए, जिनमें से 9 भूमि विवाद से संबंधित, 31 राशन कार्ड से संबंधित और 5 अन्य मामले थे।अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों और पदाधिकारियों को निर्देशित किया। यह जनता दरबार आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए आयोजित किया गया था, जिससे उन्हें अपनी बात कहने का अवसर मिल सके। इस तरह के जनता दरबार का आयोजन समय-समय पर किया जाता है, जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान हो सके और उन्हें प्रशासन के साथ जुड़ने का अवसर मिले। क्या आप जानना चाहते हैं कि बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय में और कौन से कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं या जनता दरबार के बारे में अधिक जानकारी चाहते हैं।

# दानापुर मंडल से नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त 11 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** होली के बाद लौटने वाले यात्रियों के लिए आज दिनांक 06.03.2026 को दानापुर मंडल से नियमित ट्रेनों के अलावा देश के विभिन्न स्थानों के लिए 11 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों में पटना से नई दिल्ली, पटना से अमृतसर, पटना से डॉक्टर अंबेडकर नगर, पटना से अहमदाबाद, दानापुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस, दानापुर से पुणे, दानापुर से एसएमवीटी बेंगलुरु, शेखपुरा से आनंद विहार के लिए दो ट्रेनें एवं स्थानीय यात्रियों के लिए भी पटना एवं राजगीर के बीच स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जिससे हजारों की संख्या में यात्रीगण लाभान्वित होंगे। दानापुर मंडल हर प्रकार से अपने यात्रियों को सुविधा देने का प्रयास करता है। होली के बाद वापसी यात्रा के दौरान ट्रेनों/स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा/सुरक्षा, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त फ़ेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के परिचालन के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। स्टेशनों पर तथा ट्रेनों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गयी है । साथ ही राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और रेल सुरक्षा बल के बीच समन्वय स्थापित करके भीड़ प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। प्रमुख स्टेशनों एवं दानापुर मंडल के कंट्रोल रूम में बने वार रूम से चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गयी है। यात्रियों की सहायता के लिए टीटीई और रेल सुरक्षा बल की तैनाती के साथ-साथ अधिक भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों पर अधिकारियों की भी तैनाती की गयी है। यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चौकसी बरत रहे हैं। अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए कुछ स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। अधिक भीड़ वाले ट्रेनों में कतारबद्ध बोर्डिंग के लिए अतिरिक्त स्टाफ तैनात किए गए हैं ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए और उन्हें लंबी लाइनों से बचने के लिए मोबाइल यूटीएस मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

सोशल मीडिया के माध्यम से भी यात्रियों को स्पेशल ट्रेनों की सूचना लगातार दी जा रही है। यात्री सुरक्षा को देखते हुए मुख्य स्टेशनों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे से रेल सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी की जा रही है। पैदल उपरि पुल पर यात्रियों के सामान्य आवागमन को ध्यान रखते हुए रेल सुरक्षा बल/पुलिस प्रशासन के अतिरिक्त वाणिज्य विभाग के कर्मचारी को भी तैनात किया गया है। दानापुर मंडल सदैव अपनी यात्रियों की सेवा में उपस्थित रहने को कृत संकल्पित है।

# युवाओं में बढ़ रहा नशे का प्रकोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नशे की चपेट में आ रहे नई पीढ़ी के युवाओं के कारण अभिभावकों की चिंता बढ़ने लगी है। शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण स्तरों तक नशे की चपेट में आ रहे युवाओं के कारण जहां अभिभावक चिंतित हैं, तो वहीं समाज में विकृत रूप उत्पन्न हो रहा है। होली, दिवाली, दशहरा जैसे पर्व त्यौहार हमारे जीवन में खुशी और उत्साह लाते हैं। लेकिन कुछ युवा इन त्यौहारों को नशे के प्रयोग से खराब कर देते हैं। नशे के प्रयोग से न केवल उनका स्वास्थ्य खराब होता है, बल्कि उनके परिवार और समाज पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। विशेषज्ञों के द्वारा नशे के प्रयोग के कई कारण बताएं जाते हैं -सामाजिक दबावः युवा अपने दोस्तों के साथ नशे का प्रयोग करते हैं, ताकि वे उनके साथ जुड़ सकें।

तनाव और दबाव : युवा अपने जीवन के दबाव और तनाव से बचने के लिए नशे का प्रयोग करते हैं।

उत्साह और मजाः युवा नशे के प्रयोग से उत्साह और मजा लेते हैं, लेकिन यह उनके लिए खतरनाक हो सकता है।

नशे के प्रयोग के प्रभावः

स्वास्थ्य समस्याएंः नशे के प्रयोग से युवाओं को स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि लिवर की समस्या, हृदय की समस्या आदि।

समाजिक समस्याएंः नशे के प्रयोग से युवाओं के रिश्ते खराब हो सकते हैं, और वे समाज से अलग हो सकते हैं।

आर्थिक समस्याएंः नशे के प्रयोग से युवाओं को आर्थिक समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि पैसे की बर्बादी, नौकरी की समस्या आदि।

निराकरण के संबंध में निम्न तथ्य बताया जाता है।

शिक्षा और जागरूकताः युवाओं को नशे के प्रयोग के खतरों के बारे में शिक्षित करना चाहिए।

परिवार का समर्थनः परिवार के सदस्यों को युवाओं का समर्थन करना चाहिए और उन्हें नशे के प्रयोग से बचाना चाहिए।

सामाजिक समर्थनः समाज को युवाओं का समर्थन करना चाहिए और उन्हें नशे के प्रयोग से बचाना चाहिए।

काउंसलिंग और उपचारः युवाओं को नशे के प्रयोग से बचाने के लिए काउंसलिंग और उपचार की व्यवस्था करनी चाहिए। इस तरह पर्व त्यौहार एवं किसी भी उत्सव के माहौल में युवाओं द्वारा नशे के प्रयोग एक चिंताजनक स्थिति है। हमें युवाओं को नशे के प्रयोग के खतरों के बारे में शिक्षित करना चाहिए और उन्हें नशे के प्रयोग से बचाना चाहिए। परिवार, समाज और सरकार को मिलकर इस समस्या का समाधान करना चाहिए।


बिहार सरकार

**समाहरणालय औरंगाबाद**

(जिला राजस्व शाखा)

**सैरात बन्दोवस्ती की अल्पकालीन आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए निम्नांकित सैरात की बन्दोवस्ती की कार्रवाई अद्योहस्ताक्षरी के उपस्थिति में निम्नांकित तिथि को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में की जायेगी।

| क्र0 | सैरात का नाम | अंचल का नाम | सुरक्षित जमा राशि रूपये में | जमानत की राशि (सुरक्षित जमा राशि का 25% प्रतिशत) | प्रथम तिथि एवं समय | द्वितीय तिथि एवं समय | तृतीय तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | देव चैती छठ मेला–2026 | देव | 7,46,294 /– | 1,86,574 /– | 10.03.2026 11:30 बजे पूर्वाह्न | 13.03.2026 11:30 बजे पूर्वाह्न | 16.03.2026 11:30 बजे पूर्वाह्न |

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उक्त तिथि को निम्नलिखित शर्तों एवं बंधेजों के आधार पर बंदोवस्ती की कार्रवाई की जायेगी।

बंदोबस्ती की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 025679 ( Revenue ) 2025-26

समाहर्त्ता, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-40-25, दिनांक 02.03.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-40-25 के तहत निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के अधीन 150 वर्ग मिमी कॉपर फीडर वायर द्वारा वर्तमान अल्यूमीनियम फीडर तथा क्रॉस फीडर वायर के प्रतिस्थापना के संबंध में 25केवीए ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 5,86,03,887.30; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 4,43,000; **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 18 (अठारह) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 24.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खोला जानाः** निविदा बंद होने के उपरांत किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(HWH-677/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

## सीबीआई. : अपने आका की आवाज, सांठगांठ का ब्यूरो

मध्य -पूर्व में ईरान के विरुद्ध अमरीका और इसराईल द्वारा युद्ध छेड़ने के बाद सारे विश्व में हाहाकार मचा हुआ है, तो भारत में भाजपा और 'आप' सी.बी.आई. की विशेष अदालत द्वारा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित 23 आरोपियों को दिल्ली आबकारी नीति 2021 के मामले में अनियमितता और रिश्वतखोरी में भूमिका के लिए उन्हें बरी करने से एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। स्पष्ट रूप से सी.बी.आई. इस निर्णय से असहमत है और वह अपील करेगी किंतु अभी तक 2009 के 2जी घोटाले में अंतिम निर्णय नहीं आया और यह अभी उच्च न्यायालय में ही पड़ा है। किंतु यह महत्वपूर्ण नहीं है। कोई भी समाज षड्यंत्र, अपराध और भ्रष्टाचार से ऊपर नहीं है। अमरीका ने एपस्टीन फाइल खोली। इस मामले में केजरीवाल की 'आप' कठघरे में थी, जिससे उनकी पार्टी को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। पद पर रहते हुए किसी मुख्यमंत्री को जेल भेजा गया और यही पिछले वर्ष दिल्ली विधानसभा चुनावों में मुख्य मुद्दा बना, जिसमें भाजपा की जीत हुई। इससे स्पष्ट होता है कि हमारे राजनेता हमेशा सी.बी.आई. जांच की मांग क्यों करते हैं। जो नेता सत्ता में होते हैं वे एजैंसी को अपनी उंगलियों पर नचाते हैं। यह एक दंतविहीन शेर है जो अपने मित्रों की सहायता करता है और विरोधियों के साथ राजनीतिक हिसाब चुकता करता है, क्लीन चिट देता है, राजनीतिक लीपापोती करता है और कानून प्रवर्तकों को कानून तोड़ने वाला और अपराध तथा भ्रष्टाचार को वैध बनाता है। ऐसे अनेक आरोप हैं कि एजैंसी का उपयोग किस तरह राजनीतिक विरोधियों को धमकाने और दबाने के लिए किया जाता है, चाहे कांग्रेस की सरकार में हो या मोदी सरकार में। राजनीतिक विरोधियों पर छापे डाले जाते हैं और इसमें प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग एजैंसी के सहयोगी बन जाते हैं। प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाती है, घंटों तक पूछताछ की जाती है, चार्जशीट बनाई जाती है। महत्वपूर्ण मामले में धीमी कार्रवाई की जाती है, जांच में गड़बड़ी की जाती है या उसे अधूरा छोड़ दिया जाता है या बिल्कुल नहीं की जाती। परिणामस्वरूप होता यह है कि अंततः सी.बी.आई. मामले को सिद्ध नहीं कर पाती। यदि ऐसे मामले में आरोपी मान जाता है तो दबाव कम कर दिया जाता है और यदि नहीं मानता तो दबाव बढ़ा दिया जाता है। दुखद तथ्य यह है कि आज व्यवस्था ऐसी हो गई है कि जो भी दल सत्ता में आता है, सी.बी.आई. उसकी कठपुतली बन जाती है। अपने विरोधियों को दबाने के लिए सी.बी.आई. का दुरूपयोग किया जाता है, चाहे कोई भी दल सत्ता में हो। देश के 19 राज्यों में विभिन्न अदालतों में सांसदों और विधायकों के विरुद्ध 3211 मामले लंबित हैं। इनमें कुछ ऐसे मामले भी हैं, जिनकी जांच सी.बी.आई. द्वारा की जा रही है। इससे एजैंसी की प्रतिष्ठा खराब हुई है क्योंकि वह आरोपों के समर्थन में अपेक्षित साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाती। इससे भ्रष्टाचार को समाप्त करने की उसकी ईमानदारी और विश्वसनीयता पर भी आशंकाएं पैदा होती हैं। सी.बी.आई. जांच में मुख्य बात यह होती है कि हमेशा कहा जाता है कि उचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा, किंतु सत्तारूढ़ वर्ग द्वारा अपने राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध सी.बी.आई. को एक औजार बनाया जाता है। जब एजैंसी धनशोधन निवारण अधिनियम के कठोर प्रावधानों को लागू करती है तो यह अपेक्षा की जाती है कि ठोस साक्ष्य होंगे और मामला भी ठोस बनाया जाएगा। किंतु जब ये मामले न्यायालय में विचारण से पहले ही गिर जाते हैं तो इससे राजनीतिक उद्देश्यों के बारे में प्रश्न उठते हैं। समय आ गया है कि सी.बी.आई. जांच के उच्च मानक स्थापित करे। उसे यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि उसे न केवल कानून से, अपितु जनता के विश्वास से भी शक्ति मिलती है और जब वह गलत या स्वार्थ प्रेरित जांच करती है तो इससे संस्थागत विश्वसनीयता भी समाप्त होती है।

# ईरान पर चुप्पी हमें शर्मसार करेगी

**एटम बम की बात सरासर झूठ है। अमरीका का रक्षा मंत्रालय कबूल कर चुका है कि ईरान एटम बम बनाने से कोसों दूर है। पिछले साल ईरान पर हमला करने के बाद ट्रम्प ने खुद कहा था कि ईरान के एटमी कार्यक्रम को नेस्तनाबूद कर दिया गया है। ईरान और अमरीका के बीच मध्यस्थता करने वाले बहरीन के विदेश मंत्री ने साफ कहा है कि ईरान लिख कर देने को तैयार था कि वह अभी या भविष्य में कभी भी एटम बम नहीं बनाएगा। अगर अमरीका को चोरी-छुपे एटम बम की चिंता है तो उसे सबसे पहले इसराईल और पाकिस्तान पर हमला करना चाहिए, जिनके पास अवैध एटम बमों का जखीरा है। सच कहूं तो एटम बम रोकने की सारी बात ही पाखंडपूर्ण है। खुद दसियों हजार एटम बम रखने वाला अमरीका किस मुंह से दूसरों को पहला बम बनाने से रोक सकता है?**

**योगेन्द्र यादव**

'आप सुनिए मेरी बात। नैतिकता, आदर्श, सिद्धांत ये सब अपने घर-समाज के नियम हैं। विदेश नीति इनसे नहीं चलती है। वहां हर कोई अपना राष्ट्रीय हित साधने आता है। हमें भी यही करना होगा। यही हमारी सरकार कर रही है। आप खामखा उपदेश मत दीजिए।' फिर अपने लहजे को हल्का करने की नीयत से मुस्कुराए और बोले, 'आपको वो गाना याद है, कसमे वादे प्यार वफा, सब बातें हैं बातों का क्या? कोई किसी का नहीं है, झूठे नाते हैं नातों का क्या।'

बातचीत शुरू ऐसे नहीं हुई थी। हम फिर पार्क में मिले थे। जैसा जमाने का दस्तूर है, चर्चा खेल और युद्ध पर चल रही थी। टी-20 पर चर्चा ऐसी, मानो खेल नहीं युद्ध चल रहा हो। और ईरान पर हमले और जवाबी हमले की चर्चा ऐसी मानो युद्ध नहीं खेल चल रहा हो। मिसाइल और लाशों को रन और विकेट की तरह गिना जा रहा था। हर हिंदुस्तानी कानून, देसी दवा और क्रिकेट के साथ-साथ अब सामरिक विषयों का एक्सपर्ट भी बन गया था। बुमराह को स्विंग और यॉर्कर सिखाने वाले एक्सपर्ट अब ट्रम्प को हवाई युद्ध और पश्चिम एशिया को कूटनीति सिखा रहे थे। ईरान की तबाही और तेल के दाम पर निरपेक्ष भाव से चर्चा चल रही थी, जैसे मैच से पहले पिच की समीक्षा हो रही हो। भारत के विकल्पों पर चर्चा हो रही थी।

मेरे बोलने में जरूर कुछ तल्खी रही होगी। मैंने कहा, जरा एक मिनट के लिए सोचिए, अगर ईरान की जगह हम होते और अगर कोई ऐसी बातचीत कर रहा होता तो हमें कैसे लगता? आखिर किसी की बर्बादी पर हम इतनी चटपटी चर्चा कैसे कर सकते हैं? उन्हें बात नागवार गुजरी थी। हम ईरान की तुलना भारत से कैसे कर सकते हैं? वहां इस्लामी चरमपंथी मुल्लाओं का राज है। जनता उस तानाशाही से मुक्ति चाहती है। यूं भी ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी की नाक में दम कर रखा है। चोरी-छुपे एटम बम बना रहा है। उसे रोकना तो पड़ेगा न। इस तरह के तर्क सुनकर मेरे कान पक चुके थे। अमरीका को ईरान के लोकतांत्रिक होने या न होने से रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता।



सच यह है कि ईरान के पहले लोकतंत्र को खत्म करने का काम 1953 में अमरीका की सी.आई.ए. ने किया था। अमरीका ने ही ईरान पर राजशाही लादी थी, जिसके खिलाफ वहां इस्लामी क्रांति हुई थी। और जो भी बोले, अमरीका तो इस सवाल पर न ही बोले। इसमें कोई शक नहीं कि वहां इस्लाम के नाम पर जो शासन चल रहा है, उससे जनता में भारी असंतोष है। हाल ही में जनता ने विद्रोह किया था, जिसे ईरान की सरकार ने बेरहमी से कुचल दिया था। लेकिन क्या इससे अमरीका को वहां दखलअंदाजी का हक मिल जाता है? अमरीका का जब मन आए वेनेजुएला के राष्ट्रपति का अपहरण कर ले, जब चाहे ईरान के राष्ट्राध्यक्ष की हत्या कर दे। इसे हम कैसे देखते रह सकते हैं? मुझ जैसे लोगों को हमारी सरकार से लाख शिकायत है लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि उसकी आड़ लेकर कोई विदेशी ताकत भारत की जनता को मुक्त करवाने के नाम पर भारत पर हमला कर दे। सीधी बात है-ट्रम्प को यह मंजूर नहीं कि ईरान उसके सामने सिर उठाकर चले। इसलिए उसने जोर-जबरदस्ती से वहां सत्तापलट करवाने की ठान ली है।

एटम बम की बात सरासर झूठ है। अमरीका का रक्षा मंत्रालय कबूल कर चुका है कि ईरान एटम बम बनाने से कोसों दूर है। पिछले साल ईरान पर हमला करने के बाद ट्रम्प ने खुद कहा था कि ईरान के एटमी कार्यक्रम को नेस्तनाबूद कर दिया गया है। ईरान और अमरीका के बीच मध्यस्थता करने वाले बहरीन के विदेश मंत्री ने साफ कहा है कि ईरान लिख कर देने को तैयार था कि वह अभी या भविष्य में कभी भी एटम बम नहीं बनाएगा। अगर अमरीका को चोरी-छुपे एटम बम की चिंता है तो उसे सबसे पहले इसराईल और पाकिस्तान पर हमला करना चाहिए, जिनके पास अवैध एटम बमों का जखीरा है। सच कहूं तो एटम बम रोकने की सारी बात ही पाखंडपूर्ण है। खुद दसियों हजार एटम बम रखने वाला अमरीका किस मुंह से दूसरों को पहला बम बनाने से रोक सकता है?

कम से कम भारत तो इस पाखंड में शामिल न हो। जब तक हमारे एटम बम को दुनिया की मान्यता नहीं मिली थी, तब तक यही उपदेश हमें भी दिए जाते थे। और बाकी दुनिया को हम यही कहते थे-तुम कौन होते हो हमें सिखाने वाले। हमें तो ईरान के साथ खड़ा रहना चाहिए। कल तक हमारे प्रधानमंत्री ईरान और भारत के ऐतिहासिक संबंधों की दुहाई देते थे। पश्चिम एशिया के कुछेक देश जो आड़े वक्त हमारे काम आए थे, उनमें से ईरान एक है। चलिए खड़े होने की हिम्मत नहीं है तो कम से कम उनके राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर अफसोस तो जता सकते थे। इतना तो अमरीका की पिट्ठू पाकिस्तानी सरकार ने भी कह दिया। पता नहीं ट्रम्प के पास ऐसी क्या चाबी है कि मोदी जी सामान्य शिष्टाचार का बयान भी नहीं दे सकते। सच कहूं तो मुझे शर्म आती है। पहले हमारा देश गरीब था लेकिन सिर नहीं झुकाता था। अमरीका के सातवें बेड़े के सामने हमारी कोई ताक़त नहीं थी लेकिन इंदिरा गांधी अमरीकी राष्ट्रपति निक्सन को दो-टूक जवाब दे सकती थी। क्या हो गया है हमारी दृष्टि और आदर्शों को?

बस मेरे मुंह से 'आदर्श' सुनते ही उन्होंने पलटवार किया था और 'जंजीर' का गीत याद दिलाया था। उनके चेहरे पर मुस्कुराहट थी। अब मेरी बारी थी- ''जो परिवार और समाज में होता है वही दुनिया नामक परिवार में भी होता है। न घर सिर्फ नैतिकता और आदर्श से चलता है, न दुनिया बिल्कुल इनके बिना चल सकती है। नैतिकता नीति से अलग नहीं है। दीर्घकाल में राष्ट्रहित को हासिल करने के लिए ही सिद्धांत चाहिए। रही बात आदर्श की, उसे छोड़कर सबसे ज्यादा नुकसान हमारा ही होगा। अगर अमरीका को गुंडागर्दी की छूट मिल गई तो इसी छूट का इस्तेमाल कल चीन भी करेगा। चीन की नजर में पहले ताइवान का नंबर आएगा। और कौन जाने कभी हमारा नंबर भी आ सकता है। अगर आदर्श का दामन छोड़ देंगे तो कल हमारे साथ कौन खड़ा होगा? जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली दुनिया में अगर हम लाठी वाले की लल्लो-चप्पो करेंगे तो इज्जत तो जाएगी ही, एक दिन उसकी लाठी भी हमीं पर पड़ेगी।''अनायास मुझे भी एक फिल्मी गीत की एक पंक्ति याद आ गई-'बिक गया जो वो खरीदार नहीं हो सकता।'

अध्यात्म

## उपदेशों को जीवन में उतारे बगैर उनका कोई मोल नहीं



एक राजा के विशाल महल में एक सुंदर वाटिका थी, जिसमें अंगूरों की एक बेल लगी थी। वहां रोज एक चिड़िया आती और मीठे अंगूर चुन-चुनकर खा जाती और अधपके और खट्टे अंगूरों को नीचे गिरा देती।

माली ने चिड़िया को पकड़ने की बहुत कोशिश की पर वह हाथ नहीं आई। हताश होकर एक दिन माली ने राजा को यह बात बताई। यह सुनकर भानुप्रताप को आश्चर्य हुआ। उसने चिड़िया को सबक सिखाने की ठान ली और वाटिका में छिपकर बैठ गया।

जब चिड़िया अंगूर खाने आई तो राजा ने तेजी दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। जब राजा चिड़िया को मारने लगा, तो चिड़िया ने कहा, 'हे राजन, मुझे मत मारो। मैं आपको ज्ञान की 4 महत्वपूर्ण बातें बताऊंगी।' राजा ने कहा, 'जल्दी बता।'

चिड़िया बोली, 'हे राजन, सबसे पहले, तो हाथ में आए शत्रु को कभी मत छोड़ो।' राजा ने कहा, 'दूसरी बात बता।' चिड़िया ने कहा, 'असंभव बात पर भूलकर भी विश्वास मत करो और तीसरी बात यह है कि बीती बातों पर कभी पश्चाताप मत करो।'

राजा ने कहा, 'अब चौथी बात भी जल्दी बता दो।' इस पर चिड़िया बोली, 'चौथी बात बड़ी गूढ़ और रहस्यमयी है। मुझे जरा ढीला छोड़ दें क्योंकि मेरा दम घुट रहा है। कुछ सांस लेकर ही बता सकूंगी।' चिड़िया की बात सुन जैसे ही राजा ने अपना हाथ ढीला किया, चिड़िया उड़कर एक डाल पर बैठ गई और बोली, 'मेरे पेट में दो हीरे हैं।'

यह सुनकर राजा पश्चाताप में डूब गया। राजा की हालत देख चिड़िया बोली, 'हे राजन, ज्ञान की बात सुनने और पढ़ने से कुछ लाभ नहीं होता, उस पर अमल करने से होता है। आपने मेरी बात नहीं मानी। मैं आपकी शत्रु थी, फिर भी आपने पकड़कर मुझे छोड़ दिया। मैंने यह असंभव बात कही कि मेरे पेट में दो हीरे हैं फिर भी आपने उस पर भरोसा कर लिया। आपके हाथ में वे काल्पनिक हीरे नहीं आए, तो आप पछताने लगे।

# केवल डिजिटलाइजेशन नहीं है 'ईज ऑफ डूइंग बिजनैस'

**'बिजनैस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान' के तहत मध्य प्रदेश, तेलंगाना और हरियाणा लगातार 'टॉप अचीवर्स' की श्रेणी में शामिल रहे हैं। हरियाणा ने सिंगल-विंडो सिस्टम, समयबद्ध मंजूरी, श्रम सुधार और औद्योगिक नीतियों में व्यापक बदलाव किए हैं। गुडगांव, फरीदाबाद और सोनीपत जैसे औद्योगिक केंद्र इस सुधारवादी दृष्टिकोण के उदाहरण हैं। कारोबार की सहजता के लिए सबसे प्रभावी समाधान डिरैगुलेशन कमीशन हो सकता है। डिरैगुलेशन का मतलब नियमों को समाप्त करना नहीं, बल्कि उन्हें तार्किक, स्पष्ट और सीमित बनाना है। जब नियम कम और स्पष्ट होंगे, तो अफसरशाही का विवेकाधिकार कम होगा और भ्रष्टाचार के रास्ते अपने आप कम हो जाएंगे। डिरैगुलेशन कमीशन केंद्र और राज्यों के नियमों में तालमेल स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ केंद्र सरकार के सिंगल विंडो सिस्टम को और अधिक कारगर बना सकता है।**

**डा. अमृत सागर मित्तल**

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और 2035 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य सामने है। बीते दशक में भारत ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनैस' में उल्लेखनीय सुधार करते हुए विश्व बैंक की रैंकिंग में वर्ष 2014 के 142वें स्थान से छलांग लगाकर 63वें पायदान तक पहुंच बनाई। यह सुधार केंद्र सरकार की नीतिगत इच्छा शक्ति का प्रमाण है लेकिन अभी भारत को वैश्विक निवेश के शीर्ष केंद्रों की श्रेणी में पहुंचने के लिए बहुत कुछ करना बाकी है। भारत के सभी राज्यों में भी कारोबारी सहजता की स्थिति समान नहीं है। 2015 से शुरू हुए केंद्र सरकार के बिजनैस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान (बी.आर.ए.पी.) के तहत राज्यों की रैंकिंग बताती है कि कारोबार सुधार की दिशा में बड़े पैमाने पर डिजिटलाइजेशन व सिंगल विंडो सिस्टम अपनाने वाले राज्यों में मध्य प्रदेश, तेलंगाना और हरियाणा के साथ पंजाब भी शामिल है लेकिन अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए जटिल व बोझिल नियमों में भी बदलाव की दरकार है।

**मुश्किलें बरकरार :** पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने डिजिटलाइजेशन के माध्यम से प्रक्रियाओं को तेज और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया है। आज कंपनी रजिस्ट्रेशन, टैक्स फाइलिंग, जी.एस.टी. रिटर्न और कई लाइसैंस ऑनलाइन हो चुके हैं। इससे भ्रष्टाचार में कुछ कमी आई है और प्रक्रियाओं की पारदर्शिता बढ़ी है।

लेकिन डिजिटलाइजेशन केवल प्रक्रिया को ऑनलाइन करता है, उसे सरल नहीं बनाता। यदि नियम जटिल हैं, तो उनका डिजिटल स्वरूप भी जटिल ही रहेगा। उदाहरण के लिए, यदि किसी कारोबारी को 25 अलग-अलग मंजूरियां लेनी हैं, तो ऑनलाइन पोर्टल केवल उन मंजूरियों को डिजिटल बना सकता है, उनकी संख्या और उनसे जुड़े विभागों की संख्या कम नहीं कर सकता। आज भी एक सामान्य कंपनी को 1536 कानूनों का पालन करना पड़ता है और 6000 से अधिक कंप्लायंस पूरे करने होते हैं। इनमें श्रम कानून, पर्यावरण मंजूरी, टैक्स कानून, उद्योग मानक और वित्तीय नियामकों के नियम शामिल हैं। एक छोटी फार्मा कंपनी को केवल कंप्लायंस पर हर साल 12 से 20 लाख रुपए खर्च करने पड़ते हैं, जबकि एक छोटे ढाबे को भी 30 से अधिक नियमों का पालन करना पड़ता है।

वास्तविकता यह है कि लाइसैंस राज ने केवल अपना रूप बदला है। आज नियमों की संख्या इतनी अधिक है कि उनका पूरी तरह से पालन करना छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए लगभग असंभव है। जब नियम अस्पष्ट और जटिल होते हैं, तो अधिकारियों के पास विवेकाधिकार बढ़ जाता है। यही



विवेकाधिकार भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा स्रोत है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब प्रक्रियात्मक गलतियों को भी आपराधिक दंड बना दिया जाता है। जी.एस.टी. कानून की धारा 132 के तहत तकनीकी गलती भी 3 साल जेल की सजा जैसा आपराधिक मामला बन सकती है।

सरकार ने इस समस्या को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए 'जन विश्वास एक्ट 2023' लागू किया, जिसके तहत 26,000 से अधिक आपराधिक प्रावधानों में से 4623 को अपराध की श्रेणी से बाहर कर आर्थिक दंड में बदला गया। पंजाब ने 1,498 कंप्लायंस समाप्त कर सुधार की दिशा में कदम उठाया है, हरियाणा ने 17 विभागों के 42 कानूनों के 164 प्रावधानों को डिक्रिमिनलाइज करने की प्रक्रिया शुरू की है लेकिन अभी भी हजारों जटिल नियम और आपराधिक प्रावधान कारोबार की सहजता में रुकावट हैं।

**राज्यों की प्रतिस्पर्धा :** 'बिजनैस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान' के तहत मध्य प्रदेश, तेलंगाना और हरियाणा लगातार 'टॉप अचीवर्स' की श्रेणी में शामिल रहे हैं। हरियाणा ने सिंगल-विंडो सिस्टम, समयबद्ध मंजूरी, श्रम सुधार और औद्योगिक नीतियों में व्यापक बदलाव किए हैं। गुडग़ांव, फरीदाबाद और सोनीपत जैसे औद्योगिक केंद्र इस सुधारवादी दृष्टिकोण के उदाहरण हैं। कारोबार की सहजता के लिए सबसे प्रभावी समाधान डिरैगुलेशन कमीशन हो सकता है। डिरैगुलेशन का मतलब नियमों को समाप्त करना नहीं, बल्कि उन्हें तार्किक, स्पष्ट और सीमित बनाना है। जब नियम कम और स्पष्ट होंगे, तो अफसरशाही का विवेकाधिकार कम होगा और भ्रष्टाचार के रास्ते अपने आप कम हो जाएंगे। डिरैगुलेशन कमीशन केंद्र और राज्यों के नियमों में तालमेल स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ केंद्र सरकार के सिंगल विंडो सिस्टम को और अधिक कारगर बना सकता है।

**आगे की राह :** विश्व स्तर पर निवेशक सबसे पहले यह देखते हैं कि किसी देश का रैगुलेटरी सिस्टम कितना सरल और स्थिर है। सिंगापुर, वियतनाम और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों ने इसी आधार पर वैश्विक निवेश आर्ज़षित किया है। भारत को युवा आबादी, विशाल घरेलू बाजार और प्रतिभा की क्षमता का पूरा लाभ लेने के लिए रैगुलेटरी सिस्टम को और सहज करने की जरूरत है। विकसित भारत का सपना सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से ही साकार होगा।(लेखक कैबिनेट मंत्री रैंक में पंजाब इकोनॉमिक पॉलिसी एवं प्लानिंग बोर्ड के वाइस चेयरमैन भी हैं)

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

पहले की गयी मेहनत आज सुखद परिणाम दे सकती है। छात्र पढ़ाई-लिखाई को लेकर चिन्तित रहेंगे। परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ**

कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होगी। परिवार के साथ बैठकर गम्भीर विषयों पर चिन्तन करेंगे।

**मिथुन**

नौकरी को बदलने का विचार बना सकते हैं। धर्म के प्रति मन में आस्था कम हो सकती है। आपके आदर्शों और व्यवहार की प्रशंसा होगी।

**कर्क**

धार्मिक आयोजन में जाने का अवसर मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। रुके निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर सकते हैं।

**सिंह**

घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आपका मन किसी कारण खराब हो सकता है। अजनबी लोगों से दोस्ती करने से बचें। दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी।

**कन्या**

अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाये रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। सन्तान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला**

कार्यक्षेत्र में आपको भावुकता में आकर निर्णय नहीं लेने चाहियें। समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पायेंगे। मित्रों के साथ भोजन का आनन्द ले सकते हैं।

**वृश्चिक**

यद्यपि विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। मन में अज्ञात भय का प्रभाव रहने वाला है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें।

**धनु**

कार्यक्षेत्र में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिये। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक सम्बन्धों का तनाव दूर होगा।

**मकर**

परोपकार के कार्यों में मन लगायेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। परिवार के सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**कुंभ**

नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों को परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असन्तुष्ट हो सकते हैं। समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनायेंगे।

**मीन**

करियर को लेकर किसी से सलाह लेना उचित नहीं है। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट, छिनतई, जान से मारने की धमकी एवं बदसलूकी का आरोप, छह लोगों को किया नामजद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली की संध्या मसौढ़ी थाने क्षेत्र के सरवां गांव में आपसी विवाद में दो गुटों में मारपीट और फायरिंग करने के मामले में दूसरे पक्ष ने भी शुक्रवार को मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है, इस मामले में कमला देवी पति स्वर्गीय रघुवंश नारायण सिंह के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा गया है कि जब हम घर में अकेले बैठे हुए थे उस वक्त राजेश पासवान पिता स्व वासो पासवान दीपू कुमार, राजीव कुमार पिता स्व मधेश पासवान, अंकित कुमार, गजेंद्र कुमार, बबलू पासवान, दीपक कुमार के साथ 10 अज्ञात लोग आए और मारपीट करने लगे,हमें जान से मारने की कोशिश की हमारे पति राज कपूर सिंह बचाने आए उनके साथ भी मारपीट की, हमारी बहू के साथ बदसलूकी किया एवं छिनतई की, इसके साथ हवाई फायरिंग कर धमकी देकर चले गए, इस पूरे मामले में पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच में जुटी है।

### मारपीट मामले में दूसरे पक्ष ने भी छह लोगों किया नामजद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बैरमचक गांव में आपसी विवाद में दो गुटों में आपसी झड़प में पहले पक्ष पूनिया देवी पति रंजीत बिंद ने चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसको लेकर दूसरे पक्ष के श्यामलाल बिंद पिता स्वर्गीय जवाहर बिंद ने भी छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि जब हमारी पत्नी शौच के लिए बाहर गई थी तो लौटते वक्त गांव के लिए तकरीबन 6 लोगों ने उसके साथ जबरन मारपीट की लोहे के रॉड से जख्मी कर दिया जब हम बचाने गए और हमारे दामाद बचाने गए उन्हें भी लोहे के रॉड से मारपीट कर जख्मी कर दिया है जिस पर हाथ कट गया है इस पूरे मामले में चंदन कुमार ,आदित्य कुमार पिता रंजीत बिंद, भुवनेश्वर उर्फ झोटेला, सूरज कुमार, पुनिया देवी, सुन्ती देवी आदि पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, दोनों पक्षों की ओर से दिए गए आवेदन पर पुलिस जांच कर रही हैं।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**चांदन (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चांदन कटोरिया मुख्य सड़क मार्ग के तिवारी चौक के समीप आज शुक्रवार दोपहर को दो बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए।सभी घायलों को स्वजनों ने स्थानीय लोगों व चांदन थाना पुलिस के सहयोग इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन पहुंचाया। जहां ऑन ड्यूटी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ०आशिष कुमार व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ०रमेश कुमार ने प्राथमिक इलाज कर घायल रविशंकर पाण्डेय पिता बैजनाथ पांडेय सा०पांडेटोला चांदन व सुनील कुमार पिता लूटन दास सा० तुर्की की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल देवघर रेफर कर दिया। जबकि इस दुर्घटना में घायल श्याम पांडेय सा०चकाई निवासी को इलाज कर घर भेज दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने बताया दोनों पक्षों में से किसी भी पक्ष के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है आवेदन दिये जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप में जख्मी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी- पितवांस मार्ग में मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हासाडीह पुल के समीप तेज रफ्तार से जा रहे एक बाईक सवार युवक का सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप में जख्मी हो गया है। जख्मी युवक की पहचान राजू चौधरी उम्र 40 वर्ष पिता स्वर्गीय जयचंद चौधरी खरौना गांव का निवासी बताया जाता है। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने उसे इलाज को लेकर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया है। दरअसल स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार से एक बाइक सवार युवक पितवांस की ओर जा रहा था, वही हासाडीह पुल के पास दीवाल के कोने से टकरा गया जिससे वह दूर तक फेंका गया, और गंभीर रूप में जख्मी हो गया है। जिसे आनन फानन में डायल 112 को सूचना दी गई और स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही हैं।

### ज्ञान स्थली विद्यालय में सजेगी सुरों की महफिल

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्पिक मैके और ज्ञान स्थली इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "वसंतोत्सव" कार्यक्रम आगामी रविवार को दोपहर सिंगरियावां स्थित विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के तबला वादक पंडित मिथिलेश कुमार झा, हारमोनियम पर पंडित धर्मनाथ झा व पंडित हरीश तिवारी शास्त्रीय गायन और संगीत



प्रतिभा से कार्यक्रम को आकर्षक बनाएंगे।कार्यक्रम में भजन अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी जिससे शास्त्रीय संगीत प्रेमियों को एक नया अहसास मिलेगा। वाद्ययंत्रों और संगीत में साक्षात सरस्वती मां का निवास होता है।विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता को विकसित करने में सहायक होते हैं।विद्यालय के निदेशक शिक्षाविद रवि रंजन ने सभी अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह ह्लसुरों की महफिलह्व निश्चित रूप से संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार संध्या साबित होगी।

### नंदकिशोर यादव के राज्यपाल बनने पर श्रीकृष्ण चेतना समिति ने दी बधाई



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर बधाई देने के लिए शुक्रवार को श्री कृष्ण चेतना समिति -बिहार प्रदेश के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ,उपाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन उर्फ.गुड्डू उनके आवास पर पहुंचे।श्री कृष्ण चेतना समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन उर्फ. गुड्डू ने नंदकिशोर यादव को राज्यपाल नियुक्त होने पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जनसेवा के प्रति आपका समर्पण, समृद्ध राजनीतिक अनुभव और संगठन के प्रति आपकी निष्ठा सदैव प्रेरणादायी रही है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में जैसे बिहार प्रगति किया वैसे ही नागालैंड भी प्रगति ओर जाकर सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगा।वही श्री कृष्ण चेतना समिति -बिहार प्रदेश के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव और उपाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन उर्फ.गुड्डू ने समिति के तरफ से अंगवस्त्र और गुलदस्ता प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

### बाराहाट प्रखंड कार्यालय में कल्याण पदाधिकारी ने विकास मित्रों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की

**बाराहाट बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज बाराहाट प्रखंड कार्यालय वेशम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रौशन कुमार के नेतृत्व में प्रखंड के सभी पंचायतों के विकास मित्रों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान अधिकारी ने बैठक में गैर हाजिर रहने पर खड़ाहरा पंचायत के विकास मित्र से स्पष्टीकरण मांगा। वहीं अधिकारी ने उपस्थित विकास मित्रों को दिशा -निर्देश देते हुए कहा --समय पर विकास रजिस्टर अघटन प्रस्तुत करें। अधिकारी ने यह भी कहा कि पीएम आवास



योजना ग्रामीण में योग्य लाभुकों का 100 प्रतिशत जांच सुनिश्चित कराएंगे। अधिकारी ने कहा सुबह में एससी /एसटी के स्कूली बच्चों को घर से विद्यालय तक पहुंचाएंगे। 11 मार्च और 12 मार्च को आवासीय विद्यालय में होने वाले कक्षा 1 के लिए लॉटरी को को लेकर प्रचार प्रसार करेंगे। आवेदन करने वाले प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावको को उक्त स्थल पर पहुंचाएंगे।द बैठक में मुख्य रूप से बभनगामा पंचायत के विकास मित्र सुभाष दास,पथरा पंचायत के विकास मित्र महावीर दास,पंजवारा पंचायत के विकास मित्र कैलाश दास,भूरना पंचायत के विकास मित्र मंटू दास,नारायणपुर पंचायत के शिव शंकर दयाल,सोनडीहा दक्षिणी पंचायत के विकास मित्र खुशबू कुमारी,सोनडीहा उत्तरी पंचायत के विकास मित्र गायत्री देवी,सबलपुर पंचायत के विकास मित्र अनीता देवी,खड़ीहारा पंचायत के विकास मित्र गूंजना कुमारी,औरिया पंचायत के विकास मित्र सुलोचना देवी, गोड़धाबर पंचायत के विकास मित्र ज्योति कुमारी मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषि पदाधिकारी समेत किसान कोऑर्डिनेटर, सलाहकार को दिया गया प्रशस्ति पत्र

## मसौढ़ी ई किसान भवन में 21 पदाधिकारी/ कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में सरकार द्वारा चलाया जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारी समेत किसान कोऑर्डिनेटर एवं किसान सलाहकार को अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार शाह यहां तो प्रशस्ति पत्र दिया गया दरअसल शुक्रवार को मौली प्रखंड मुख्यालय के ई किसान भवन में मसूड़े मंडल के तीनों प्रखंड के किस के बीच एक विशेष बैठक आहूत की गई और इस बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण की समीक्षा करते हुए इस अभियान में कार्यरत सभी किसान कोऑर्डिनेटर किसान सलाहकार के बीच उत्कृष्ट कार्य करने वाले तकरीबन 21 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया जिसमें तीनों प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारी में हर्ष पटेल प्रखंड कृषि पदाधिकारी मसौढ़ी,अनिल कुमार बैठा प्रखंड कृषि पदाधिकारी पुनपुन, विवेकानन्द - प्रखंड कृषि पदाधिकारी धनरूआ, के अलावा कृषि कोर्डिनेटर रविकांत, विजय कुमार, रंजीत कुमार, किसान सलाहकार में मदन प्रसाद समेत 21 लोगों को बेहतर कार्य को लेकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार साह ने बताया की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक पंचायत और मौजा में प्रतिनियुक्त किसान सलाहकारों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई थी,जहाँ किसान सलाहकार मोबाइल व पामटॉप के जरिए संबंधित खसरा स्थल पर पहुंचकर तस्वीर लेते हैं, उसे जियो टैग करते हैं और ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इससे सरकार को रियल टाइम में यह जानकारी मिल सकेगी कि किस क्षेत्र में किस प्रकार की खेती या फसल चक्र अपनाया जा रहा है। अब डिजिटल सर्वे पूरा होने के बाद सरकार इस डेटा के आधार पर खेती से जुड़ी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करेगी। किसानों की रुचि, मिट्टी की प्रकृति और क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुसार फसल प्रोत्साहन, बीज वितरण, अनुदान एवं अन्य कृषि योजनाओं का निर्धारण किया जाएगा।

## कामेश्वर सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण : समाजसेवी की पुण्यतिथि पर नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड मुख्यालय स्थित कामेश्वर चौक के पास शुक्रवार को आयोजित शहीद कामेश्वर सिंह की 22 वीं पुण्यतिथि पर पूर्व मंत्री श्याम रजक और विधान पार्षद रविंद्र सिंह के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके द्वारा उनकी स्थापित प्रतिमा पर लोगों ने पुष्प अर्पित किए गए।श्याम रजक ने कामेश्वर सिंह को पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता कहा। और बताया कि इनके परिजनों व स्थानीय लोगों की प्रशंसा करनी चाहिए कि उनके द्वारा इनकी पुण्यतिथि का आयोजन प्रत्येक वर्ष निरंतर होता आ रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 2003 में 6 मार्च को अपराधियों ने कामेश्वर सिंह की हत्या कर दी थी। जब वे अपने गांव चिनियाबेला से पुनपुन आ रहे थे। बताया जाता है कि कामेश्वर सिंह सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहद करीब थे। वर्ष 2006 में पुनपुन बांध के पास इनकी स्थापित आदमकद प्रतिमा का अनावरण उस वक्त सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही किया था। इनका कार्य हमेशा समाज के प्रति समर्पित रहा। जिसकी पूर्ति संभव नहीं है। विधान पार्षद रविन्द्र सिह ने कहा की कामेश्वर प्रसाद सिंह को पुनपुन क्षेत्र में समाज के प्रति समर्पित एक कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है।

## बाढ़ के लाल ने सेल्फ स्टडी से किया कमाल, यूपीएससी में हासिल की 50 वा रैंक

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक प्रखंड के ढीवर गांव निवासी इशित्व आनंद ने देश की प्रतिष्ठित संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 50 वां रैंक हासिल कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इशित्व आनंद के पिता राजेश कुमार निजी इंजीनियर हैं और उनकी माता अनमोल कुमारी मुगलसराय रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ में सहायक पुलिस उप निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। उनके दादा आनंदी प्रसाद सिंह सेवा निवृत पोस्ट मास्टर हैं और वह ग्रामीण बच्चों को कम फीस पर पढ़ाने का काम कर रहे हैं ।वहीं दादी रेखा सिन्हा सेवानिवृत प्रधान शिक्षिका है। जैसे ही ईशित्वा आनंद की सफलता की खबर आई ढीवर गांव में खुशियां छा गई। उनके परिवार के लोग, दादा और दादी काफी खुश दिखे। वहीं शुभचिंतकों का बधाई देने हेतु घर पर तांता लग गया। ईशित्वा आनंद ने मसूरी के रेलवे स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। उसके बाद वे किरोड़ीमल कॉलेज दिल्ली में अपनी पढ़ाई पूरी की। भूगोल उनका मुख्य विषय रहा। उनकी दादी बताती है कि वह बचपन से ही पढ़ने में काफी तेज था। कुशाग्र बुद्धि के आनंद ने लगभग सभी स्कूली और कॉलेज स्तर की पढ़ाई में हमेशा टॉप रहे। इस दौरान उन्हें कई पुरस्कार भी प्राप्त हुए। उनकी दादी रेखा सिन्हा कहती है कि पूरे गांव के युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं उनके दादा से जब बात की गई तो उन्होंने अपार प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनका पूरा परिवार शिक्षा के लिए समर्पित है।



## पुलिस की गाड़ी पर पथराव मामले पर तीन नामजद, पांच अज्ञात पर केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के सेवई गांव में बीते गुरुवार की देर शाम को एक विवाद को सुलझाने गई पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर शिशा क्षतिग्रस्त कर दिया जाने मामले पर पुलिस के बयान पर तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है, जबकि 5 अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है, जिसमे भीम पासवान, मुकुल कुमार एवं रमेश पासवान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई में जुट गई है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि सेवई गांव में बिजली चौधरी और भीम पासवान के बीच परती जमीन में चार पहिया वाहन लगाने को लेकर विवाद हो रहा था जैसे ही सूचना मिली पुलिस वहां पर सुलझाने गई तो कुछ लोगों ने पुलिस की गाड़ी को देखकर ईट पत्थर चलाना शुरू कर दिए जिसमें डायल 112 की गाड़ी का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया था,हालांकि पुलिस के कहीं चोट नहीं लगी है इस मामले में दो लोग को हिरासत में भी लिया गया था,पुलिस गाड़ी क्षतिग्रस्त करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## नगर परिषद मसौढ़ी के वार्डों में लोगों को स्वच्छता के प्रति नुक्कड़ नाटक से किया जा रहा जागरूक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परीषद मसौढ़ी में स्वछता सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत वार्डों में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करने का काम किया जा रहा है। मकसद एक ही कि लोगों को जागरूक होने पर स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर परीषद को सर्वोच्च स्थान मिल सके।नगर परीषद मसौढ़ी के ईओ राजु रंजन ने बताया कि नुक्कड़ नाटक के द्वारा विभिन्न वार्डों में लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नगर को स्वच्छ रखने का संदेश देकर नगरवासियों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं स्थाई सशक्त कमेटी सदस्य सदस्य ई.शंभू सिंह ने कहा कि उक्त नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नगरवासियों से नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग करने की अपील की



जा रही है ।नगरवासियों को जागरूक होकर नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग कर नगर को स्वच्छता में नम्बर एक पायदान पर लाने को प्रयास किया जा रहा है। जो यह नगरवासियों के सहयोग से ही सम्भव है। ईओ ने कहा कि नुक्कड़ नाटक मंडली के कलाकारों ने नगर के सभी 34 वार्डों में घूम घूम कर डस्ट बिन का प्रयोग करने,कूड़ा कचड़ा इधर उधर नहीं फेंकने को ले नाटक व गीत संगीत एवं नृत्य के माध्यम से नगरवासियो को जागरूक कर रहे हैं। नगर के लोगों में स्वच्छता का भाव उत्पन्न होने पर नगर परीषद न केवल साफ रहेगा बल्कि कई तरह की बीमारियों से भी नगरवासियों को मुक्ति मिलेगी। स्वच्छता एक भाव है जो जन जन को जागरूक कर लाया जा सकता है। इसे दिनचर्या में शामिल कर घर, गली, वार्ड, नगर को साफ, स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में आम लोगों की भागीदारी शत-प्रतिशत जरूरी है।

# सहकारी हब के निर्माण कार्यालय का हुआ भूमि पूजन एवं शिलान्यास



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आपार हर्ष की बात है कि बिहार को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि., बुद्धमार्ग, पटना की जमीन खास महाल प्लॉट संख्या-43 एवं 44 पर सहकारी हब के निर्माण का भूमि पूजन एवं शिलान्यास फेडरेशन के माननीय अध्यक्ष श्री विनय कुमार शाही के अध्यक्षता में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री डा. प्रमोद कुमार एवं विशिष्ट अतिथि जिवेश कुमार मिश्रा पूर्व मंत्री एवं विधान सभा सदस्य, तथा विशेष आमंत्रित विधान पार्षद विजय कुमार सिंह, अध्यक्ष रमेशचन्द्र चौबे, बिहार राज्य सहकारी बैंक लि., विशाल सिंह, अध्यक्ष, NCCF नई दिल्ली-सह- बिस्कोमान पटना, सुधीर रंजन, अध्यक्ष वैशाली सेन्ट्रल को. बैंक, रितेश कुमार, अध्यक्ष पाटलिपुत्र सेन्ट्रल को. बैंक, अमर नाथ पाण्डेय, अध्यक्ष मुजफ्फरपुर सेन्ट्रल को. बैंक, विनोद कुमार, अध्यक्ष प्रतिनिधि, मुंगेर-जमूई सेन्ट्रल को. बैंक, पंकज कुमार, उपाध्यक्ष, नालन्दा सेन्ट्रल को. बैंक, संजीव कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष, बेतिया सेन्ट्रल को. बैंक, रामविशुन सिंह, उपाध्यक्ष, पाटलिपुत्रा सेन्ट्रल को. बैंक, अमरेन्द्र कुमार मून्ना, पूर्व अध्यक्ष, नालन्दा सेन्ट्रल को. बैंक, विंध्याचल राय, अधिवक्ता, फेडरेशन के उपाध्यक्ष राजेश कुमार, फेडरेशन के निदेशक मंडल के सदस्य सुधा सिन्हा, गौरी शंकर सिंह, संजय कुमार मिश्रा, अरूण कुमार यादव, रामा ठाकुर, अखिलेश कुमार, राजकिशोर सिंह, अब्दुल अंसारी, नरेन्द्र कुमार, फेडरेशन के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, सहकारी नेता रामाकांत तिवारी, एवं फेडरेशन के कर्मचारीगण तथा अन्य सहकारी गणमान्य सदस्य उपस्थित हुए। फेडरेशन के माननीय अध्यक्ष श्री विनय शाही द्वारा सभी आये हुए अतिथियों का स्वागत किया गया।

## सौरभ कुमार ने यूपीएससी में रैंक 689 हासिल कर बढ़ाया भोजपुर का मान

**गड़हनी (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कड़ी मेहनत और लगन के दम पर भोजपुर जिले के गडहनी प्रखंड अन्तर्गत बालबांध गांव के सौरभ कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक (अक्क्र) 689 प्राप्त कर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। सौरभ कुमार की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। सौरभ कुमार के पिता उमेश राय ने इस सफलता पर ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सब भगवान की असीम कृपा और बेटे की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से पूरे परिवार और समाज को गर्व महसूस हो रहा है।



## रणवीर सेना सुप्रीमो ब्रह्मेश्वर सिंह की पोती आकांक्षा ने क्रैक की यूपीएससी

### यूपीएससी की परीक्षा में हासिल किया 301 वां स्थान

**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के कतीरा मुहल्ला निवासी व रणवीर सेना के सुप्रीमो रहे बरमेश्वर सिंह मुखिया की पोती आकांक्षा सिंह ने देश की चर्चित यूपीएससी की परीक्षा क्रैक कर भोजपुर का नाम रौशन किया है। इस परीक्षा में उसे 301 वां स्थान प्राप्त हुआ है। आकांक्षा सिंह के पिता इंदू भूषण सिंह तथा मां रिंकू देवी है। एक बहन और एक भाई में बडी आकांक्षा ने दशवीं एवं 12वीं तक की पढ़ाई आरा शहर के कैथोलिक मिशन हाई स्कूल से की है। अंग्रेजी (प्रतिष्ठा) से ग्रेजुएशन की पढ़ाई शहर के हर प्रसाद दास जैन कॉलेज से पुरी की। आकांक्षा ने बताया कि वह शुरू से ही यूपीएससी की परीक्षा क्रैक करने की मन में ठानी थी। इसके लिए लगातार 8 से 10 घंटे पढ़ाई करती थी। उसने कहा कि इस रिजल्ट से वह संतुष्ट नहीं है। वह आगे भी यूपीएससी की परीक्षा देकर भारतीय विदेश सेवा में जाना चाहती है। ताकि भारत का अन्य देशों के साथ रिश्ता मजबूत हो सके। आकांक्षा ने बताया कि यूपीएससी का इंटरव्यू 30-32 मिनट का हुआ था, जिसमें पद्मश्री भरत सिंह भारती से जुड़े प्रश्न पूछे गए थे। आकांक्षा के पिता इंदू भूषण सिंह ने बताया कि गुरु जी, बुजुर्गों एवं समाज के लोगों के आशीर्वाद से बेटी ने यह सफलता हासिल की है, उन्होंने बताया कि अपने समय में हमारे दिवंगत पिता बरमेश्वर सिंह मुखिया ने भी एमबीबीएस क्रैक किया था।



## 8 हजार 40 पीस कोडिन युक्त कफ सिरप के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में भागलपुर जिले के इशाकचक थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने 8 हजार 40 पीस कोडिन युक्त कफ सिरप बरामद कर एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के इस्लामनगर में एक व्यक्ति द्वारा भारी मात्रा में कोडिन युक्त कफ सिरप एकत्र कर खरीद-बिक्री करने की सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस उपाधीक्षक नगर - वन और डीआईयू ब्रांच की अगुवाई में गठित विशेष पुलिस टीम ने इस्लामनगर के एक घर में छापा मारा। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा वहां से आठ हजार चालीस पीस कोडिन युक्त कफ सिरप और 21 हजार पीस टेन टैबलेट बरामद किया गया है और मौके पर से एक अपराधी मो.फरहान की गिरफ्तारी की गई है।

## धनरूआ के अतरपुरा में मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कलश यात्रा आयोजित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के सांडा पंचायत के अतरपुरा गांव में मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन को लेकर शुक्रवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया,जहां हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए।यह कारवां अतरपुरा गांव से धनरूआ पंच शिव मंदिर तक हजारों की संख्या में गाजे बाजे के साथ पहुंची, जहां तकरीबन 1000 से अधिक महिला श्रद्धालु सर पर कलश रखकर जलभरी के लिए पंच शिव मंदिर से जलभरी कर वापस पुनः प्राण प्रतिष्ठा स्थल पर कार्यक्रम के पास पहुंचे। आयोजक की टीम ने बताया कि शनिवार को देवी पूजन हवन एवं अखंड की शुरूआत की जाएगी, उसके बाद रविवार को पूजा एवं हवन स्थापना होगी, वहीं 9 मार्च को सोमवार को देवी प्राण प्रतिष्ठा हवन अखंड पूणार्हुति एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, चार दिवसीय अनुष्ठान को लेकर पूरे इलाके में उत्साह का माहौल है।

## नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए सतीश कुमार सिंह ने किया नामंकन

**कोईलवर (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोईलवर प्रखंड के भदवर कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) के चुनाव की प्रक्रिया शुक्रवार से विधिवत शुरू हो गई। पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने अपना नामांकन पत्र निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक को सौंपा। निवार्ची पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक ने बताया कि नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए एक अभ्यर्थी तथा प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए कुल 9 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया है। नामांकन की प्रक्रिया 7 मार्च तक जारी रहेगी। नामांकन पत्रों की जांच 9 एवं 10 मार्च को की जाएगी, जबकि 11 मार्च को अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि भदवर पैक्स में कुल 2100 मतदाता हैं, जो 18 मार्च को मतदान के माध्यम से प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान संपन्न होने के बाद उसी दिन मतगणना भी कराई जाएगी। संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया 20 मार्च को समाप्त कर दी जाएगी। इधर लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वाले निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। किसानों को समय पर खाद, बीज सहित कृषि से जुड़ी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रही है, ताकि किसी भी किसान को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अभी कई विकास कार्य अधूरे हैं, जिन्हें पूरा करने के उद्देश्य से उन्होंने पुनः अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्र की जनता और किसानों का प्यार व समर्थन उन्हें फिर से मिलेगा और वे आगे भी किसानों की भलाई के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। नामांकन के दौरान उनके साथ चेयरमैन सत्येंद्र सिंह, व्यापार मंडल के अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, रामेंद्र सिंह, जयराम सिंह, सोनू राय, सबीन्द्र सिंह और पप्पू सिंह सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# मसौढ़ी में नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा,रासलीला व रामकथा का आयोजन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी स्थित वीर कुंवर सिह कॉलोनी में श्री श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर भव्य रूप से शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जहाँ हजारों की संख्या मे महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश रख कर मणीचक धाम तक गाते बजाते उत्साह के साथ पहुचे। गौरतलब है की 9 दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारम्भ शुक्रवार को कलश यात्रा व कलश स्थापना के साथ हुआ। गाजे बाजे के साथ निकाली गई, कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया जहाँ महिलाओं, युवतियों व कन्याओं ने कलश की स्थापना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जल भरने की प्रक्रिया विधान पूर्वक संपन्न होने के बाद कलश यात्रा वापस विर कुंवर सिंह कॉलनी यज्ञ स्थल पर पहुंचा, जहां साधु संतों कि मंत्रोच्चारण के बाद यज्ञ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा को लेकर भक्तों के जयकारे के कारण भक्तिमय हो उठा। यज्ञ आयोजन मंडल के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन पूजा के साथ शाम में शाम 7:00 बजे से 9:00 तक राम कथा का आयोजन किया जाएगा, उसके बाद 9:00 से वृंदावन से आए हुए कलाकारों के द्वारा रासलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ का समापन 14 मार्च को यज्ञ पूणार्हुति व विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न होगा। आयोजक की माने तो इसका उद्देश्य क्षेत्र में सुख-समृद्धि और धन-धान्य की वृद्धि करना है। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन विशेष पूजा-पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मौके पर मुख्य पार्षद पिंकी देवी ,चिदानंद कश्यप, नीलकंठ मनी, अर्जुन सिंह, पवन सिंह, सत्येंद्र सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र उर्फ भुटाली, सहेंद्र कुमार, लक्ष्मण सिंह,आदित्य प्रकाश आदी शामिल रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन की चपेट में आकर दो वृद्ध की मौत

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल अंतर्गत छपरा-सीवान रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात वृद्ध की मौत हो गई। घटना एकमा स्टेशन व महेन्द्रनाथ हाल्ट के बीच डाउन लाइन पर हुई, जहां रेलवे ट्रैक पर कटे हुए सिर व धड़ अलग हुए शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं दूसरी घटना में महेन्द्रनाथ हाल्ट से पश्चिम तरफ रसूलपुर थाना क्षेत्र के बाल गांव निवासी 6 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त वृद्ध की मौत ट्रेन से कटकर हो गई।स्थानीय लोगों के अनुसार मुकुंदपुर-वंशीछपरा रेलवे गुमटी से करीब 200 मीटर पश्चिम ट्रैक पर एक व्यक्ति के कटे होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रसूलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। रसूलपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 55 से 60 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। घटनास्थल से सिर और धड़ अलग अवस्था में बरामद हुआ। मृतक लुंगी और कुर्ता पहने हुए था तथा उसके बाल सफेद थे। समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात मालगाड़ी की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हुई है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह ट्रेन से गिरकर हादसे का शिकार हुआ या फिर किसी कारणवश रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया था। फिलहाल, रसूलपुर थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही मृतक की पहचान कराने के लिए आसपास के थानों को सूचना दी गई है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा-सिवान रेलखंड पर एकमा स्टेशन के पूरब ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि एकमा थाना क्षेत्र के माने मठिया गांव के पास रेलवे लाइन पार करने के दौरान महिला किसी ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एकमा थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। मृतका की पहचान डेरनी थाना क्षेत्र के जीतनपुर गांव निवासी दिलीप गिरि की पत्नी पूजा देवी (30) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि महिला का मायका एकमा थाना क्षेत्र के माने मठिया गांव में है, जहां वह आयी थी और वह किसी काम से रेलवे लाइन पार कर रही थी, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### हत्या के प्रयास मामले में आरोपी गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के रामपुर बिंदालाल गांव में हत्या के प्रयास से जुड़े एक मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एकमा थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर रामपुर बिंदालाल गांव निवासी सुनील साह के पुत्र लकी सोनी को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध हत्या के प्रयास से संबंधित मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी और वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### फरवरी में वाहन चालकों से 79.61 लाख जुर्माना की वसूली

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यातायात पुलिस ने इस साल फरवरी माह में 4609 वाहन चालकों से 79.61 लाख रुपये जुमार्ना की वसूली की है। यातायात डीएसपी अतनु दत्ता ने बताया कि विगत फरवरी माह में 79 लाख 61 हजार पांच सौ रुपये जुमार्ना वसूला गया है। बिना हेलमेट वाले 2582 वाहन चालकों से 25 लाख 80 हजार, ट्रिपल लोडिंग 52 बाइक चालकों से पांच लाख 22 हजार, बाइक चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले दो चालकों से 10 हजार, तेज गति से वाहन चलाने वाले 586 चालकों से 11 लाख 72 हजार, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले 353 वाहन चालकों से 12 लाख 65 हजार, बिना सीट बेल्ट वाले 39 लोगों से 39 हजार, बिना नंबर प्लेट वाले 30 वाहन चालकों से 15 हजार रुपये, नो पार्किंग में वाहन लगाने वाले 180 वाहन मालिक से 90 हजार, बिना प्रदूषण के कागजात वाले 163 वाहन चालकों से एक लाख 63 हजार, बिना इंश्योरेंस वाले 239 वाहन चालकों से चार लाख 78 हजार, रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वाले दो चालकों से 10 हजार व अन्य यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले 1346 वाहन मालिकों से 16 लाख 15 हजार पांच सौ रुपये जुमार्ना वसूल किया गया है।

### बैठक में इंस्पेक्टर ने दिए कई निर्देश

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अंचल कार्यालय में शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार ने थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन, रात्रि गश्ती तेज करने,फरार और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने को कहा। उन्होने शराब एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपराध नियंत्रण और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार,मानपूर थानाध्यक्ष संजय कुमार पुरूषोतमपूर थानाध्यक्ष सुधा कुमारी कंगली के मो लाडले सिकटा के नितीश कुमार मौर्या,रीडर शिव कुमार सुरेंद्र कुमार मुन्ना कुमार,जयशंकर यादव आदि मौजूद रहें।

### दो ट्रकों की टक्कर, दोनों चालक गंभीर

**भगवानपुरहाट /सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में एनएच-331 पर सोमवार को दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रकों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। हादसे के कारण कुछ समय तक एनएच-331 पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है।

### संत जेवियर स्कूल में होली मिलन पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**केसरिया (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संत जेवियर स्कूल में होली मिलन के साथ-साथ पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के अध्यक्ष आशीष जायसवाल, निर्देशक संजौली जायसवाल प्राचार्य साइन मार्टिन के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। वही बच्चों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी गई। वही विद्यालय में शैक्षणिक सत्र के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले श्रेया पांडे अंकुश कुमार उत्तम कुमार




कायरा सिंह आयुष कुमार , आयुष कुमार सिंह शिक्षा भारती सहित दर्जनों छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। बच्चों के द्वारा रंगारंग समूह नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उमंग और उत्साह भर दिया। वही कार्यक्रम में आए अतिथियों को आशीष जायसवाल ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर शिक्षक यशराज शेखर अनुज मार्टिन फिरोज आलम मनीष कुमार दिव्या मार्टिन खुशबू कुमारी दिलीप कुमार के साथ-साथ गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जनता दरबार में जिलाधिकारी ने किया मामलों का त्वरित निष्पादन

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साहब, गरीब हूं, चार साल के बेटे का पैर जल गया और उचित इलाज के अभाव में अब उसके पैर काटने होंगे। पटना एम्स में बेटा भर्ती है, उसका समुचित इलाज करवा दीजिए। जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत आयोजित जन सुनवाई में आज जमालपुर मुसहरी निवासी नूतन देवी ने जिलाधिकारी निखिल धनराज



निप्पाणीकर के समक्ष यह फरियाद करते हुए अपनी आप बीती सुनाई। जिलाधिकारी ने नूतन देवी के आवेदन और उनकी बातों को सुनकर तत्काल ही उनकी सहायता के लिए स्वयं से पटना एम्स के अधिकारी से बात कर उनकी मदद करने हेतु अनुरोध किया। एम्स के अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी के निदेश पर नूतन देवी के बेटे के समुचित इलाज करने का आवश्वासन दिया। आज की जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने कई अन्य फरियादियों की भी शिकायत की सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को आवेदन की जांचोपरांत समुचित कार्रवाई के निदेश दिए।कुमारपुर बरियारपुर निवासी प्रेमलता देवी ने उनका नाम राशन कार्ड एवं विधवा पेंशन से कट जाने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि नाम कट जाने से न तो उन्हें राशन मिल पा रहा है और न ही विधवा पेंशन का लाभ मिल पा रहा है। मकवा असरगंज निवासी अखिलेश कुमार ने अपने पैतृक जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत की। हवेली खड़गपुर निवासी मो.जावेद ने कहा कि उनके द्वारा अंचल कार्यालय में पारिवारिक सूची जमा करने के बाद भी अब तक उन्हें बिहार शताब्दी योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। मध्य विद्यालय बांक के शिक्षक मो.हसन ने अपने आवेदन देते हुए कहा कि वो उक्त विद्यालय में नियोजित अप्रशिक्षित शिक्षक हैं और वर्ष 2023 से उन्हें अब तक वेतन नहीं मिल पाया है। प्रसन्डा हवेली खड़गपुर निवासी मुन्ना दास ने उनकी पत्नी के वर्ष 2024 में निधन के पश्चात भी अब तक उन्हें बिहार शब्दादी योजना का लाभ नहीं मिल पाने की गुहार लगाई। नया टोला पाटम निवासी गीता देवी ने कहा कि वह नया टोला के वार्ड 12 की निवासी हैं, जहां सड़क की स्थिति जर्जर रहने के कारण बच्चों सहित आमजन को चलने में परेशानी होती है, उन्होंने जिलाधिकारी से उक्त क्षेत्र के सड़क निर्माण की मांग की। बेलन बाजार श्रीकृष्ण रोड निवासी सावन कुमार ने कासिम बाजार थाना पुलिस द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने सभी आवेदकों के आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवेदन की जांचोपरांत समुचित कार्रवाई करने के निदेश दिए।

# मंदिर का ताला तोड़कर चांदी की सामग्री चोरी, तीन लाख की संपत्ति ले उड़े चोर

**चांदी का मुकुट व झाप सहित कई धार्मिक सामग्री गायब, पुलिस जांच में जुटी**

**हवेली खड़गपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खड़गपुर थाना क्षेत्र के नगर स्थित मारवाड़ी टोला में चोरों ने धार्मिक स्थल को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने रानी सती दादी मंदिर का ताला तोड़कर लगभग तीन लाख रुपये मूल्य की चांदी की सामग्री चोरी कर ली। घटना के बाद इलाके में लोगों में आक्रोश और चिंता का माहौल है। गुरुवार की देर रात चोर मंदिर के पीछे वाले दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। मंदिर के गर्भगृह में रखी कीमती धार्मिक सामग्री को निशाना बनाते हुए चोरों ने चांदी का मुकुट, चांदी का झाप समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी की घटना का पता शुक्रवार सुबह तब चला जब मंदिर के पुजारी और स्थानीय लोग पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। मंदिर का ताला टूटा देखकर लोगों के होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही खड़गपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे परिसर का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। वहीं, मंदिर में हुई चोरी से स्थानीय लोगों में नाराजगी है और उन्होंने जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। मामले की गहन छानबीन की जा रही है तथा आसपास के संदिग्धों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

## जनता दरबार लगाकर एसपी ने फरियादियों की समस्या का किया समाधान

**जमालपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसपी सैयद इमरान मसूद ने जमालपुर के ईस्ट कॉलोनी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनता दरबार का भी आयोजन किया गया। हालांकि, प्रचार-प्रसार की कमी के कारण कोई भी फरियादी जनता दरबार में नहीं पहुंचा।एसपी ने थाने के रिकॉर्ड, सीसीटीवी और पुलिस कार्यप्रणाली की गहन जांच की। उन्होंने क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पेट्रोलिंग बढ़ाने और अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।रमजान और आगामी पर्वों जैसे ईद और रामनवमी को देखते हुए एसपी ने पुलिस को अलर्ट मोड पर रहने और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने को कहा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता के साथ बेहतर व्यवहार करने और लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाने का



भी निर्देश दिया।एसपी मसूद ने बताया कि जनता से सीधे जुड़ने और उनकी समस्याओं को जानने के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए जनता के सुझाव आवश्यक हैं। एसपी के अनुसार, जनता दरबार का उद्देश्य जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना है।ईस्ट कॉलोनी थाने के लिए नए भवन और पुलिसकर्मियों के आवास निर्माण की योजना पर भी काम चल रहा है। एसपी ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी जनता दरबार आयोजित किए जाएंगे और लोगों को इसकी जानकारी दी जाएगी।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे के 210 एवं 211 नंबर पुल आशिकपुर समीप रेलवे ट्रैक के बीच 27 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत ट्रेन से कटकर हो गई। घटना कब कैसे हुई यह किसी को पता नहीं। इधर रेलवे ट्रैक अज्ञात शव की जानकारी जैसे ही आरपीएफ एवं रेल पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। हालांकि मामला ईस्ट कॉलोनी थाना से संबंधित होने के कारण रेल पुलिस ज्यादा इस मामले मैं दिलचस्पी नहीं ले रहे थे। इधर मौके पर मौजूद आरपीएफ के एसआई एसके दास ने बताया कि जमालपुर बरियारपुर रेल खंड के अप एवं डाउन के बीच एक अज्ञात युवक का शव मिला है। शव को देखने से यह प्रतीत होता है कि युवक के मौत का कारण ट्रेन से गिरकर हुआ होगा हालांकि प्रत्यक्ष दर्शियों से पूछताछ के दौरान यह पता नहीं चल पाया है कि किस ट्रेन से घटना हुई।बरहाल यह मामला ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र में घटित होने के कारण रेल पुलिस भी इस मामले से करनी काटते देखे गए।

## चिरैया में अनियंत्रित ट्रैक्टर टेलीफोन के खंभे से टकराया, चालक सहित पांच घायल

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक रोड में गुरुवार की देर शाम एक तेज गति से आ रही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे टेलीफोन के खंभे से टकरा गई। इस दौरान ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े चार व्यक्तियों को ठोकर मार दिया। जिसके कारण ट्रैक्टर के चालक सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल व निजी नर्सिंग होम में कराया जा रहा है। घायलों में चिरैया बाजार निवासी दीनानाथ राय(55) उनकी पत्नी मुनेश्वरी देवी(50), सेराज अंसारी(50) व मोहद्दीपुर गांव निवासी विशेश्वर राय(60) सहित ट्रैक्टर चालक विकास कुमार शामिल है। ट्रैक्टर चालक विकास कुमार मुजफ्फरपुर जिलांतर्गत सरैया थाना क्षेत्र



के गोसाई छपरा गांव निवासी विलास राम का पुत्र है। जो चिरैया से पुरनहिया तक बनने वाली सड़क के निर्माण में लगी कंपनी में ट्रैक्टर चलाने का काम करता है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि घटना के समय वह शराब के नशे में दीपही की ओर से तीव्र गति से ट्रैक्टर चलाते हुए आ रहा था। उसका कुछ बाइक वाले पीछा भी कर रहे थे। इसी क्रम में चिरैया बाजार स्थित कलाम जनरल स्टोर के समीप पहुंचते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी बाइक को रौंदते हुए टेलीफोन के खंभे से टकरा गई। यदि ट्रैक्टर पोल से नही टकराती तो घर में घुस जाती। जिसमें कई लोगों की जान जा सकती थी। इस प्रकार एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की खबर मिलते ही चिरैया पुलिस ने सभी घायलों को चिरैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मोतिहारी रेफर कर दिया गया है।

## रक्सौल के मनु कुमार का इंटेलिजेंस ब्यूरो में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल नगर परिषद क्षेत्र के नागा रोड वार्ड -11 निवासी रामाशंकर प्रसाद कानू एवं उनकी धर्मपत्नी रेणु देवी के ज्येष्ठ पुत्र मनु कुमार ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन खुफिया विभाग की प्रतिष्ठित परीक्षा में



सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन इंटेलिजेंस ब्यूरो के लिए हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में आयोजित इस परीक्षा के अंतिम परिणाम में मनु कुमार ने सफलता प्राप्त की है। उनका रोल नंबर 209519302984 बताया गया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मोहल्ले और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बताया जाता है कि मनु कुमार की प्रारंभिक शिक्षा रक्सौल में ही हुई। इसके बाद उन्होंने दसवीं और बारहवीं की पढ़ाई G.S.ए. कॉलेज, कानपुर से पूरी की। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने बीएचयू, वाराणसी से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर उन्होंने देश की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। वर्तमान में मनु कुमार विद्युत विभाग मुख्यालय, पटना में कार्यरत हैं। उनकी सफलता पर पिता रामाशंकर प्रसाद कानू, माता रेणु देवी सहित पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद रक्सौल शाखा के विनोद कुमार (नारियल गद्दी) एवं रजनीश प्रियदर्शी ने कहा कि मनु कुमार की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

## गोली लगने से युवक गंभीर, पुरानी रंजिश में वारदात

**सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीवान जिले के सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत पपौर गांव में गुरुवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को गोली मार दी गई। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया।मिली जानकारी के अनुसार पपौर गांव निवासी मनु चौहान (पिता- रामलाल महतो) गुरुवार शाम शौच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान



पहले से घात लगाए हमलावरों ने उन्हें दौड़ाकर गोली मार दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सीवान सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया।घायल मनु चौहान के भाई धर्मेंद्र कुमार प्रसाद ने आरोप लगाया कि होली के दिन भी आरोपितों द्वारा उनके भाई के साथ मारपीट की गई थी, जिसमें वह जख्मी हुए थे। उस समय पुलिस को शिकायत भी की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि यदि उस समय कार्रवाई होती तो यह घटना नहीं होती। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गांव में दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है।इस संबंध में एसडीपीओ अजय कुमार सिंह ने सदर अस्पताल पहुंचकर घायल युवक से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली।

## भागलपुर के लोगों ने नए खुले मेगाशॉप का गर्मजोशी से स्वागत किया

**निश्चित उपहारों और विशेष उद्घाटन ऑफर्स के साथ भव्य लॉन्च ● वैल्यू-फैशन सेगमेंट में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया ● भागलपुर में नया स्टोर बिहार का 8वां स्टोर है।**

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मेगाशॉप, वैल्यू फैशन सेगमेंट में ग्राहकों की पसंदीदा शॉपिंग डेस्टिनेशन ने भागलपुर में अपने नए स्टोर के लॉन्च की घोषणा की। मेगाशॉप एक संपूर्ण पारिवारिक फैशन स्टोर है जो निमार्ताओं और ग्राहकों के बीच बिचौलियों को हटाकर, हर वर्ग के लोगों के लिए उचित दामों पर आधुनिक और फैशनेबल सामान लाता है। भागलपुर में नया स्टोर सी.एम. टावर, डी.एन. सिंह रोड, नागरमल के पास, खरमनचक, भागलपुर, बिहार में स्थित है। यह स्टोर 14000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला हुआ है। लॉन्च की घोषणा करते हुए हेमंत अग्रवाल, मेगाशॉप के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा, भागलपुर जैसे समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवंत जीवनशैली वाले शहर में अपना नया स्टोर खोलना हमारे लिए बेहद खुशी और गर्व का क्षण है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में हमारे अन्य स्टोर्स को मिले शानदार प्रतिसाद को देखते हुए हमने भागलपुर के ग्राहकों को भी वही बेहतरीन शॉपिंग अनुभव प्रदान करने का निर्णय लिया। हमारा निरंतर प्रयास रहा है कि ग्राहकों को श्रेष्ठ गुणवत्ता का मर्चेंडाइज, उत्कृष्ट सेवा और एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का संपूर्ण शॉपिंग अनुभव मिले। भागलपुर में यह नया स्टोर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लॉन्च के विशेष अवसर पर हम हर खरीदारी पर अपने ग्राहकों को आकर्षक मुफ्त उपहार प्रदान कर रहे हैं। हमारे इस नए स्टोर में बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पादों का संग्रह बेहद किफायती कीमतों पर उपलब्ध है। नया शोरूम विशाल आंतरिक सज्जा के साथ एक बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। नए स्टोर में युवाओं के लिए एक जीवंत और ट्रेंडी रेंज उपलब्ध है, जिसमें पुरुषों के लिए शर्ट, टी-शर्ट, पैंट, जींस, ट्रैक सूट, शेरवानी, कुर्ता-पायजामा, सूट और महिलाओं के लिए फैंसी टॉप, कुर्ती, जींस, शादी की साड़ियाँ, शादी के डिजाइनर सूट, लेगिंग, पजामा और हरेम पैंट शामिल हैं। आपके बच्चों के लिए भी कपड़ों की एक विशाल विविधता उपलब्ध है। इस रेंज में आकर्षक, स्टाइलिश और बेहद आरामदायक कपड़े उपलब्ध हैं जो हर किशोर और युवा की अलमारी में जरूर होने चाहिए। वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय रुझानों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया यह कलेक्शन ट्रेंडी और फैशनेबल है और अविश्वसनीय रूप से कम कीमतों पर उपलब्ध है। ग्राहक मेगाशॉप में एक्सक्लूसिव ऑफर्स के साथ अपनी शॉपिंग को और भी खास बना सकते हैं। हर खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार और विशेषडील्स का लाभ मिलेगा। 1,499 की खरीदारी पर ग्राहक मात्र 149 में डफल बैग या कैसरोल सेट जैसे आकर्षक उपहार प्राप्त कर सकते हैं। 2,999 की खरीदारी पर ग्राहक मात्र 249 में 20 पीस का डिनर सेट या ड्राई आयरन जैसे प्रीमियम गिफ्ट ले सकते हैं।

## नन्हे बच्चों के साथ रेलवे महिला कल्याण संगठन ने मनाई होली

**डिवाइन रोज स्कूल रेल क्षेत्र में आधुनिक शिक्षा की ओर बढ़ाया है कदंब**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे महिला कल्याण संगठन की ओर से संचालित डिवाइन रोज स्कूल ईस्ट कॉलोनी जमालपुर बच्चों में आधुनिक शिक्षा की ओर ले जाने में समर्पित है उक्त बातें स्कूल के नन्हे बच्चों के साथ होली की खुशियों को साझा करते हुए इरवो अध्यक्षा अनीता



वर्णवाल ने कही। उन्होंने नन्हे बच्चों को पहले रंग अमीर गुलाल लगाकर चॉकलेट व उपहार भेट करते हुए यह भी कहा कि डिवाइन रोज स्कूल एक सोच एवं कल्पना है उन अभिभावक के लिए जो अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा दिलाने में सक्षम नहीं होते हैं। रेलवे महिला संगठन का यह प्रयास आने वाले दिनों में रेल क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा। इसके पहले स्कूल में इरवो अध्यक्षा सहित समिति के अन्य पदाधिकारी सदस्यों का स्वागत प्राचार्या नेहा कुमारी ने करते हुए होली की शुभकामना दिए। मौके पर प्रीति प्रसाद, ज्योति, शालिनी, गुड़िया,निवेदिता, प्रीति, रश्मि सहित कई मौजूद थे।

## स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा 152 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन

**वाल्मीकिनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में 152 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थरुहट के निमार्ता एचेल थारू, समाजसेवी संगीत आनंद, राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजु देवी, आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी, स्वास्थ्यकर्मी कुमारी संगीता, धमाका फिल्म्स के निमार्ता अरविंद अकेला, पुनीता देवी, यशोदा देवी, एवं अविनाश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। महा आरती के दौरान विश्व में बढ़ते तनाव और युद्ध की स्थिति को देखकर विशेष रूप से विश्व शांति की प्रार्थना की गई। मुख्य अतिथि एचेल थारू ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध जैसी परिस्थितियां बन रही है। जिससे मानवता चिंतित है। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं युवा समाजसेवी

**नारायणी गंडकी महा आरती द्वारा विश्व शांति की कामना**



संगीत आनंद ने कहा कि आज विश्व में जिस प्रकार संघर्ष और तनाव का माहौल बन रहा है, वह पूरी मानवता के लिए चिंता का विषय है । अंजु देवी ने कहा कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों के बीच हम सब मां नारायणी गंडकी से प्रार्थना करते हैं कि पूरे विश्व में शांति, सौहार्द और भाईचारा बना रहे तथा किसी भी प्रकार का विश्व युद्ध ना हो। अरविन्द अकेला ने कहा कि युद्ध से किसी भी देश का भला नहीं होता है। स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता ने कहा कि इस युद्ध में अब तक सैकड़ो निर्दोष व मासूम की जान चली गई है। असमय काल के गाल में समा गए लोगों की प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई ।भक्तों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इको फ्रेंडली होली मनाने पर जोर दिया गया। नारायणी गंडकी माता की जय, गंगा मैया की जय आदि जय जयकार से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान होता रहा। बताते चलें कि संस्था द्वारा हर महीने की पूर्णिमा तिथि को इस महा आरती का आयोजन पर्यावरण संरक्षण संवर्धन एवं प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा के प्रति जन जागरूकता फैलाने हेतु की जाती है।

### विधि व्यवस्था भंग करने वाले आठ शराबी गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आदर्श थाना क्षेत्र में होली को लेकर जहां जगह-जगह पुलिस पदाधिकारी सहित दंडाधिकारी प्रतिभुत्त किए गए थे इसके बावजूद शराब के नशे में हुड़दंग मचा रहे शराबी को पुलिस ने विभिन्न जगहों से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराबी की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि गस्ती कर रहे पदाधिकारी सुजीत कुमार सिंह थाना क्षेत्र के विभिन्न जगह से शराब के नशे में विधि व्यवस्था को भंग करने वाले बड़ी दरियापुर निवासी अमित कुमार, छोटी दौलतपुर के कुमार गौरव, खलासी मोहल्ला के चंदन सिंह, बड़ी दरियापुर के रोहित कुमार, मोहनपुर खलासी मोहल्ला के रोशन राज, लक्ष्मणपुर के सचिन कुमार एवं विशाल कुमार सहित जगदीशपुर के शिवम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। मेडिकल जांच के बाद सभी शराबियों पर उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की गई है। पुलिस के इस बड़ी कार्रवाई से शराब पीने वाले लोगों के बीच हड़कंप का माहौल देखा जा रहा है।

**Name Change**

I hitherto known as Dayanand Chaudhari S /o Lachhuman Chaudhari vill- Kaithahar Khurd, PO- Sikathi, PS- Dhansoi, Distt. - Buxar, Bihar PIN- 802117, have changed my name and I shall hereafter be known as Dadan Chaudhari.

CMYK

# सिंगल यूज प्लास्टिक बैन पर व्यवसायियों को किया जागरूक

## 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर भी पूरी तरह प्रतिबंधित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नगर पंचायत रफीगंज द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध को लेकर बाजार के दुकानदारों को जागरूक किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों ने नगर क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में दुकानदारों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की गई। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा ने बताया कि 1 जुलाई 2022 से थर्मोकोल समेत प्लास्टिक से बने एकल उपयोग वाली कई सामग्रियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इनमें प्लास्टिक युक्त ईयर बड्स गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडियां, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडियां, थर्मोकोल की सजावटी सामग्री तथा प्लेट, कप, गिलास, कांटा, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे, स्टरर आदि कटलरी शामिल हैं। इसके अलावा मिठाई के डिब्बों, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट के चारों ओर लपेटने वाली फिल्म तथा 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर भी पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक कैरी बैग के बजाय कपड़े या कागज के थैले का उपयोग करें और ग्राहकों को भी प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में जागरूक करें। अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए बताया कि यदि कोई दुकानदार प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें अधिकतम पांच वर्ष तक कारावास या एक लाख रुपये तक जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। इस दौरान कई दुकानदारों ने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

# गरमा फसलों की उन्नत खेती पर किसान प्रशिक्षण सह गोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड परिसर में शुक्रवार को आत्मा योजना के तहत गरमा फसलों की उन्नत एवं आधुनिक खेती को लेकर प्रशिक्षण सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गेहूं की कटाई के बाद गरमा फसलों, विशेष रूप से मूंग और उड़द के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किसानों को वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रंजीत कुमार तथा कृषि वैज्ञानिक प्रशांत झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कृषि समन्वयक अखिलेश कुमार ने किया। प्रशिक्षण के दौरान कृषि वैज्ञानिक सह काऊ-क्रॉप-कम्युनिटी पदाधिकारी प्रशांत ओझा ने किसानों को गरमा फसल की वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मूंग और उड़द जैसी गरमा फसलें कम अवधि में तैयार हो जाती हैं और इनकी खेती से खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। साथ ही उन्होंने गाय आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए इससे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में किसानों को प्रेरित किया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रंजीत कुमार ने कहा कि किसानों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कृषि विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाना आवश्यक है। उन्होंने किसानों को परंपरागत खेती से आगे बढ़कर नगदी फसलों और सब्जी उत्पादन की ओर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि मार्च महीने में भिंडी, करेला, लौकी और ककड़ी की खेती कर किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। गोष्ठी में खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए पारंपरिक खाद बनाने की विधि भी विस्तार से बताई गई। कार्यक्रम में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह, कृषि कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र कुमार, बीटीएम कुंदन कुमार, एटीएम अवनीश कुमार, मुकेश कुमार, अंबुज कुमार, हिमांशु कुमार सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# 120 वाहनों की जांच में 25000 रूपये जुर्माना राशि की वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 24 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, एसटी-एससी एक्ट में 2, पोक्सो में 1, आर्म्स में 1, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 5, हत्या के प्रयास में 13 तथा अन्य मामलों में 16 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 120.5 लीटर देसी, 24.3 लीटर विदेशी शराब, 1 पिस्टल एवं 31 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इसके अलावा 13 वारंट का निष्पादन भी किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1120 वाहनों की जांच की गई जिसमें 25000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के अनुसार जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## मारपीट में दो लोग जख्मी

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** बारुण थाना क्षेत्र के सीरीस भोपतपुर में गुरुवार की रात मारपीट की घटना घटी। इस घटना में एक महिला समेत दो लोग जख्मी हो गए। जख्मियों में उस गांव निवासी सुनीता देवी और शिव साव शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मियों ने बताया कि पूर्व से चली आ रही विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी। इस मामले में एक महिला समेत तीन लोगों को आरोपित किया गया है। इधर, बारुण पुलिस आवेदन मिलने पर जांच पड़ताल में जुट गई है।

# शहादत दिवस पर रफीगंज में फुटबॉल टूर्नामेंट 21 से




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के करमा मसूद स्थित ललिता कुंज परिसर में शुक्रवार को शहीदे-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव थापर व शिवराम राजगुरु के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामचंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन संयोजक संजय श्याम ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि करमा मसूद में हाल में हुई घटना को देखते हुए पूर्व निर्धारित विचारगोष्ठी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को स्थगित कर दिया जाए। इसके स्थान पर 21, 22 व 23 मार्च को प्रभात क्लब के बैनर तले चरवाहा विद्यालय मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 23 मार्च को खेला जाएगा। प्रतियोगिता में बोधगया, देव, शेरघाटी और नोखा की चार टीमें भाग लेंगी। बैठक में बसंत यादव, रंजीत कुमार, डॉ. बबलू कुमार, राजाराम प्रसाद, डीके यादव, आर.के. भारती, राजनंदन प्रसाद, कपिल प्रसाद, कमलेश यादव सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## तीन पैक्सों के उप चुनाव में अध्यक्ष पद पर पांच लोगों ने भरा पर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के तीन पैक्सों का उप चुनाव का नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन अध्यक्ष पद पर पांच जबकि सदस्य पद पर इक्कीस लोगों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मदनपुर पैक्स के लिए अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष अनुज सिंह ने नामांकन दर्ज किया जबकि एरकीकला पैक्स से अध्यक्ष पद पर शमशेर कुमार सिंह ने नामांकन किया है। खिरियावां पैक्स अध्यक्ष पद के लिए दो लोगों संजय कुमार यादव और लखन यादव ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। तीनों पैक्स में सदस्य पद के लिए कुल 21 लोगों ने नामांकन दर्ज कराया है। इस अवसर पर प्रखंड निर्वाचन अधिकारी सह बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य मौजूद रहे।

# मारपीट मामले में दो आरोपित गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जलपुरा गांव निवासी चंदन यादव और चितरंजन यादव के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि होली के दिन गांव के कुछ लोग रंग खेलने के लिए शनि कुमार को बुलाने गए थे। इसी दौरान आरोपितों ने गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर शनि कुमार के पिता सत्यानंद राजवंशी और मां फुला देवी वहां पहुंचे, जहां आरोपितों ने उनके साथ भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। घटना को लेकर सत्यानंद राजवंशी के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# दिवंगत लिपिक को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अंचल कार्यालय दाउदनगर में कार्यरत लिपिक माधव राम का 5 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से समाहरणालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. माधव राम के निधन पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय रफीगंज में शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। अधिकारियों ने कहा कि स्व. माधव राम एक कर्मठ, इमानदार और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। इस अवसर पर बीडीओ कुमार अश्वनी, अंचलाधिकारी भारतेन्दू सिंह, बीपीआरओ अमर कुमार, प्रधान सहायक अजय कुमार, नाजिर शत्रुघ्न कुमार, विमल कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## शराब के साथ शराबी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने बस स्टैंड से 400 एमएल शराब के साथ नशे की हालत में छोटी इमादपुर के लव कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान सूचना मिली कि एक युवक शराब लेकर जा रहा है। बुलाने पर झोला से निकाल कर एक प्लास्टिक बोतल जमीन पर फेंका तथा भागने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया। जिसके मुहं से शराब की दुर्गंध आ रही थी। पूछने पर बताया कि देशी महुआ शराब पीने के लिए लेकर आ रहे थे। पुलिस को देखकर फेंक दिया। 500 एमएल बोतल से 400 एमएल शराब बरामद किया गया और थाना लाया गया। जांच उपरांत पुष्टि के बाद कागजी कार्रवाई उपरांत न्यायालय भेज दिया गया।

# पुलिस ने वास्तविक मालिक को सौंपी लावारिस बाइक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** गुरुवार कि रात लावारिस हालत में पड़ी बिना नंबर की गाड़ी को नगर थाने की पुलिस ने शहर के पठान टोली से जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पठान टोली स्थित एक जांच घर के सामने बाइक लावारिस हालत में पड़ी हुई थी। स्थानीय लोगों ने सोचा कि जिसका होगा तो वह ले जाएगा। लेकिन मध्यरात्रि तक बाइक उस जगह पड़ी रही तो इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने सब इंस्पेक्टर चंदन दास को भेजा, जिन्होंने बाइक को जब्त करते हुए थाना लाया। हालांकि इसके बाद वाहन मालिक थाना पहुंचा और आवश्यक कार्रवाई के उपरांत बाइक सुपुर्द कर दिया गया। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की गई थी जिसे वास्तविक मालिक को सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि कहीं पर भी संदिग्ध वस्तु अथवा संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो पुलिस को सूचित करें।


**झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(कृषि प्रभाग)**
**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू**
पता-योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनग, पलामू

**(अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रति इकाई **Poultry Chicks (दिव्यायन रेड / बनराज)–50 पिस, Poultry Feed (3mm) - 25 Kg** एवं **Feeder & Drinker-** 1 पिस कुल–610 इकाई आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. विज्ञापन दाता का नाम – जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 14.03.2026 को 12:30 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 14.03.2026 को 01:30 बजे अपराह्न।
4. निविदा खोलने का स्थान – जिला कृशि पदाधिकारी, पलामू के कक्ष में।

निविदा की शर्ते जिला कृषि कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर एवं ATMA, Palamu के Portal पर उपलब्ध है।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू।

PR.NO.374245 District(25-26):D


# खुदवां पैक्स अध्यक्ष पद के लिए विजेंद्र कुमार शर्मा ने भरा नामांकन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड परिसर स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को खुदवां पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनुस सलीम ने नामांकन पत्र स्वीकार किया।पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार और वर्तमान अध्यक्ष विजेंद्र कुमार शर्मा अपने समर्थकों के साथ गाजे-बाजे और नारों के बीच प्रखंड कार्यालय पहुंचे और भारी संख्या में उपस्थित समर्थकों के बीच अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्वाची पदाधिकारी मोहम्मद यूनुस सलीम ने सभी कागजातों की बारीकी से जांच करने के बाद उनका नामांकन स्वीकार किया। नामांकन के बाद समर्थकों ने विजेंद्र कुमार शर्मा को माला पहनाकर स्वागत किया और जयकारे लगाए। इसके बाद विजेंद्र कुमार शर्मा समर्थकों के साथ देवी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मां भगवती की पूजा-अर्चना कर जीत की कामना की। मोहम्मद यूनुस सलीम ने बताया कि अब तक अध्यक्ष पद के लिए केवल विजेंद्र कुमार शर्मा का ही नामांकन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि 6 और 7 मार्च तक प्रखंड परिसर में नामांकन लिया जाएगा, जबकि 9 और 10 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 11 मार्च को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है।उन्होंने बताया कि 18 मार्च को सुबह 7 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से पुलिस बल की मौजूदगी में कराया जाएगा।

# अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेरी पंचायत में मॉकड्रिल का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिला अन्तर्गत अग्निशामालय औरंगाबाद के अग्निशमन पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा वरीय जिला समादेष्टा-सह-जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी के उपस्थिति में अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रखण्ड मदनपुर, ग्राम पंचायत-बेरी में मॉकड्रील का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में झुग्गी-झोपड़ी में आग लगे तो बचाव हेतु निम्नलिखित बिन्दुओं पर सुझाव दिया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा प्रयोगिक रूप से प्रशिक्षित किया गया। पछुआ हवा चलने के समय किन-किन बातों पर ध्यान रखा जाए। आगामी ग्रीष्मकाल मौसम को देखते हुए आग से सुरक्षा के संबंध में बताया गया। ग्रामीण आग से सुरक्षा के संबंध में बताया गया एवं लिफलेट का वितरण किया गया। इस आयोजन में अग्निशमन पदाधिकारी, औरंगाबाद रामाकांत सिंह, प्रधान अग्निक भृगु शंकर रजक, अग्निक चालक मंजीत पांडेय, प्रवीण कुमार, आलोक कुमार, अग्निक रोशनी कुमारी, चंदन कुमार, सुमेर कुमार सिंह उपस्थित रहे। वहीं प्रखण्ड मदनपुर ग्राम पंचायत-बेरी के मुखिया रिता देवी, पंचायत सचिव अजय पासवान, कार्यपालक सहायक दिनेश ठाकुर, स्वच्छता पर्यवेक्षक रौशन कुमार, मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल सिंह, वार्ड सदस्य राधिका देवी, क्षुक्सी देवी, उमेश चौधरी, भगवान प्रसाद, रामजतन भुईया, सरपंच धमेन्द्र मेहता, पंचायत समिति अभिनव कुमार, मध्य विधालय बेरी के छात्र-छात्राएं, अध्यापक एवं अध्यापिका तथा आम जनता लाभान्वित हुए।


**कार्यालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
Phone no- 06562 224033 (खेल शाखा) email id:- palamukhel@gmail.com

**खिलाड़ी/प्रशिक्षक को 'नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि)' हेतु आवेदन आमंत्रण संबंधी आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पलामू जिले के वैसे खिलाड़ी एवं उनके प्रशिक्षक, जिन्होंने दिनांक 01.04.2024 से दिनांक 31.01.2026 तक की अवधि में अन्तराष्ट्रीय / भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय / राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किये हों तथा विभागीय संकल्प संख्या– 03 दिनांक 11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत "नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि)" प्राप्ति करने की अर्हत्ता धारित करते हों एवं जिन्हे अभी तक नकद पुरस्कार राशि प्राप्त नहीं हो सकी है, उनसे "नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि)" हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। योग्य खिलाड़ियों / प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धियों के लिए विभागीय संकल्प संख्या–03 दिनांक 11.03.2023 के अनुसार नकद पुरस्कार राशि देय होगा।

योग्य खिलाड़ी / प्रशिक्षक "नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि)" हेतु अपना आवेदन विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरकर अनिवार्य रूप से दिनांक 10.03.2026 (मंगलवार) तक जिला खेल कार्यालय, पलामू में करेंगे। आवेदन का प्रपत्र जिले के अधिकारी वेबसाईट – https://palamu.nic.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी,
पलामू

PR 374185 District (25-26)_D


# अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन सख्त, एसडीएम के नेतृत्व में चला अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**सासाराम (रोहतास)।** शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए प्रशासन अब एक्शन मोड में है। शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी डॉ. नेहा कुमारी के नेतृत्व में सासाराम के विभिन्न इलाकों में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान की मुख्य रूप से संयुक्त कार्रवाई करते हुए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के आपसी सहयोग से सड़कों पर अवैध रूप से कब्जा जमाए दुकानों और ठेलों को हटाया गया। नो-पार्किंग पर सख्ती करते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा 'नो-पार्किंग' जोन में खड़े वाहनों और अवैध वेंडिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मौके पर ही चालान काटे गए। इसका मुख्य उद्देश्य एसडीएम डॉ. नेहा कुमारी ने स्पष्ट किया कि शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बहाल करना और सासाराम को जाम की समस्या से पूरी तरह मुक्त कराना प्राथमिकता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

1. ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/ F2 - 03/ 2025-26 (3rd Call)

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 02 | पलामू जिला के प्रखंड नौडीहा बाजार के पंचायत करकटा के ग्राम पाल्हे में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 2 | 03 | पलामू जिला के प्रखंड नौडीहा बाजर के पंचायत करकटा के ग्राम गोरहो में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.03..2026 (05:00 PM से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 09.03.2026 ( अपराह्न 5:00 PM से दिनांक 14.03.2026 को 5:00PM तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 16.03.2026 अपराह्न 4:00 PM बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

PR 374178 Rural Development (25-26)_D

# तुतला भवानी महोत्सव में कलाकारों ने सजाया सुरों का संगम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड स्थित प्रसिद्ध मां तुतला भवानी मंदिर के समीप भव्य तुतला भवानी महोत्सव का आयोजन किया गया। पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन रोहतास के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार आयोजित इस महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। महोत्सव का उद्घाटन डेहरी के विधायक सोनू सिंह, उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय, डेहरी एसडीएम निलेश कुमार तथा जिला पर्यटन पदाधिकारी विनय प्रताप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने मां तुतला भवानी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से क्षेत्र के धार्मिक और पर्यटन महत्व को नई पहचान मिलेगी तथा यहां धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। प्रसिद्ध गायिका स्वाती मिश्रा, पूजा चटर्जी, अरविंद अकेला 'कल्लू', अनुपमा यादव, वर्षा तिवारी एवं तान्या मवार ने भक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं आनंद तिवारी, गुड्डू राज रसिया और विकास पांडेय ने भी अपने गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शक झूम उठे और तालियों की गूंज से पूरा परिसर देर तक गूंजता रहा। इसके अलावा तिलौथू विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि दीपशिखा डांस ग्रुप की प्रस्तुति ने भी लोगों का खूब मनोरंजन किया। महोत्सव में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं और दर्शकों की भी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा सुरक्षा, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुचारू रूप से की गई थीं। महोत्सव में सिविल सर्जन मणि राज रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह, एसडीपीओ डिहरी-2 वंदना कुमारी, मां तुतला भवानी मंदिर समिति के अध्यक्ष गुरुचरण यादव, सामाजिक कार्यकर्ता संजीव सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी तिलौथू अंकिता जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।




## नहर में डूबने से लापता युवक की मौत, हाथ बंधा शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी-ऑन-सोन (रोहतास)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के समीप नहर में डूबने से 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय शर्मा के पुत्र दीपू कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दीपू मंगलवार से ही लापता था और उसकी काफी खोजबीन की जा रही थी। गुरुवार शाम को नहर के पानी से उसका शव बरामद किया गया, जिसके दोनों हाथ बंधे हुए थे। परिजनों के अनुसार, दीपू मानसिक रूप से कमजोर था और उसने पहले भी एक बार इसी तरह हाथ बांधकर पानी में छलांग लगाई थी। थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया है और पुलिस हर पहलू से मामले की गंभीरतापूर्वक जांच कर रही है।

# रोहतास जिले में शांतिपूर्ण माहौल में होली संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले में होली का पर्व इस वर्ष पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमान जिले के पुलिस प्रशासन ने मजबूती से संभाले रखी, जिससे कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। पूरे जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में शाहाबाद रेंज के डीआइजी डॉ. सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन और रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की सटीक रणनीति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डीआइजी डॉ. सत्य प्रकाश ने होली से पहले ही पूरे शाहाबाद रेंज में सुरक्षा को लेकर विस्तृत योजना तैयार कर ली थी। उनके प्रभावी पर्यवेक्षण में रोहतास सहित चारों पुलिस जिलों में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी, गश्ती दल और त्वरित कार्रवाई दल तैनात किए गए थे, जिससे असामाजिक तत्वों पर पूरी तरह अंकुश बना रहा।



रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने भी एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया। उन्होंने जिले में शांति बनाए रखने के लिए स्वयं मोर्चा संभाला और लगातार पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को निर्देश देते रहे। एसपी की सटीक रणनीति और तकनीक आधारित निगरानी के कारण जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में भी उत्साह और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। उनकी सक्रियता से पुलिस बल में नई ऊर्जा का संचार हुआ और जवान चिलचिलाती धूप में भी पूरी मुस्तैदी से डटे रहे।

वहीं पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में नगर थाना क्षेत्र में सुरक्षा के सारे इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष ने सख्त कार्यशैली से यह सुनिश्चित किया कि रंगों का त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। डिहरी शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रही और पुलिस टीम लगातार गश्त करती रही।

साथ ही थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ आम जनता के साथ बेहतर संवाद भी स्थापित किया। उनकी योजनाबद्ध कार्यप्रणाली का ही परिणाम रहा कि लोग बिना किसी भय के सड़कों पर निकले और आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाया।

जिले में शांतिपूर्ण ढंग से होली संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन ने आम जनता का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी के सहयोग से ही त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सका।

## राजवंशी कन्या मध्य विद्यालय कोचस के बच्चे शैक्षिक परिभ्रमण पर बोधगया रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)।** राजवंशी कन्या मध्य विद्यालय, कोचस के छात्र-छात्राएं मुख्यमंत्री बिहार दर्शन शैक्षिक परिभ्रमण के अंतर्गत सासाराम होते हुए बोधगया एवं गया जी के लिए रवाना हुए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह डीडीओ जयराम पाल एवं विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष नाजिया खातून ने बस को हरी झंडी दिखाकर बच्चों को शैक्षिक परिभ्रमण के लिए विदा किया। इस शैक्षिक यात्रा के दौरान छात्र-छात्राएं सासाराम स्थित पायलट बाबा आश्रम, बोधगया में महात्मा बुद्ध की तपोभूमि तथा गया जी के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर का अवलोकन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक जयराम पाल ने कहा कि यात्रा के दौरान बच्चों को इन ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी, ताकि वे अपने पाठ्यक्रम से जुड़े विषयों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें। ऐसे शैक्षिक परिभ्रमण से बच्चों में ज्ञान के प्रति जागरूकता, उत्साह और नई चीजें सीखने की प्रेरणा मिलती है। सरकार की यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए काफी प्रभावशाली साबित हो सकती है। साथ ही इस प्रकार के परिभ्रमण कार्यक्रम प्राथमिक स्तर के विद्यालयों के बच्चों के लिए भी आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि वे भी अपने ज्ञान का दायरा बढ़ा सकें।इस परिभ्रमण में शिक्षक संजय कुमार पासवान, शिक्षिका अमृता कुमारी तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

# विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित सैकड़ों ग्रामीणों की रही भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)।** इंद्रपुरी क्षेत्र के बडीहा गांव स्थित मां राज-राजेश्वरी दुर्गा मंदिर परिसर में शुक्रवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर सूर्यनाथ पांडे ने की, जबकि बिहार प्रांत के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय के नारों से पूरे मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। सम्मेलन में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने समाज के लोगों से संगठित होकर राष्ट्र और संस्कृति के संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही महिला-पुरुषों को हिंदुत्व के मूल्यों के प्रति जागरूक करते हुए हमेशा एकजुट रहने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर सरपंच मालती देवी, विमला पांडे, वार्ड सदस्य गणेश पांडे, पंच आनंद कुमार पांडे, अजय यादव, नीलकमल पांडे, संतोष कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, ऋषिराज, रमाशंकर सिंह, प्रवीण कुमार, पंकज श्रीवास्तव, पिंटू सोनी, सुधीर पटेल, श्रीकांत मिश्रा, निर्मल पांडे, अनिल सिंह और सुमित सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चार नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**डिहरी ऑन सोन/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंद्रपुरी थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कांडों में नामजद चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता ने बताया कि इंद्रपुरी थाना कांड संख्या 38/26 के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त रघु सोनी (पिता नंदकिशोर प्रसाद) तथा ऊषा देवी (पति रघु सोनी) को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा इंद्रपुरी थाना कांड संख्या 39/26 के नामजद अभियुक्त दीपक सोनी (पिता स्वर्गीय नंदकिशोर प्रसाद) एवं लाली देवी (पति दीपक सोनी) को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी अभियुक्त ग्राम नारायणपुर शिवपुरी कॉलोनी, थाना इंद्रपुरी, जिला रोहतास के निवासी हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 18/2025-26 (Retender)**

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 10.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 10.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 17.03.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 19.03.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे ) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | हुसैनबाद | देवरी | देवरी | ग्राम देवरी में शवदाह गृह का निर्माण। | 1450000.00 | 29000.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-18/ 2025-26/ Gr-02 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (District Engineer, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 374272 District(25-26).D


## एक नजर

### विद्युत चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**डिहरी-ऑन-सोन (रोहतास)/नबिटा ब्यूरो।** नगर थाना क्षेत्र के चौधरी मुहल्ला निवासी काली चरण चौधरी के खिलाफ अवैध रूप से बिजली उपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कनीय अभियंता (जेई) प्रमोद कुमार के अनुसार, अक्टूबर 2017 में बिजली कनेक्शन काटे जाने के बावजूद आरोपी चोरी-छिपे विद्युत का उपयोग कर रहा था। विभाग ने उस पर 47 हजार रुपये से अधिक की ऊर्जा चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस फिलहाल मामले की सघन जांच कर रही है।

### पानी गिरने के विवाद में महिला से मारपीट

**डिहरी-ऑन-सोन (रोहतास)/नबिटा ब्यूरो।** नगर थाना क्षेत्र के तारबंगला मुहल्ले में एक महिला के साथ मारपीट और छिनतई का मामला सामने आया है। पीड़िता सबिता देवी ने मुहल्ले के ही मुन्ना सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, वह अपने नवनिर्मित मकान की ढलाई के बाद छत की तराई कर रही थीं (पानी डाल रही थीं)। मकान से पानी नीचे गिरने से नाराज पड़ोसियों ने उनके साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया और गले से सोने का लॉकेट छीन लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### लाखों के आभूषणों की चोरी

**डिहरी-ऑन-सोन (रोहतास)/नबिटा ब्यूरो।** नगर थाना क्षेत्र के न्यू डिलिया इलाके में अज्ञात चोरों ने चोरी की एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। राधा कृष्ण विश्वकर्मा के आवास का ताला तोड़कर अपराधियों ने लगभग तीन लाख रुपये से अधिक मूल्य के आभूषणों पर हाथ साफ कर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच करते हुए चोरों की तलाश में जुट गई है।

### भूमि विवाद में मारपीट

**गोपालगंज।** गोपालगंज के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के पकहां गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में एक पक्ष के दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान पकहां गांव निवासी कैलाश रावत के 45 वर्षीय बेटे बीरेंद्र रावत और 35 वर्षीय बेटे राम बाबू रावत के रूप में हुई है। दोनों का इलाज डॉक्टरों की देखरेख में चल रहा है। बताया जा रहा है कि पकहां गांव निवासी कैलाश रावत और उनके पाटीदारों के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते आज दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।

## श्रद्धांजलि सभा मे जनप्रतिनिधियों सहित कई गणमान्य लोग शामिल

**सासाराम/तिलौथू/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो ।** प्रखंड क्षेत्र के राजीरामडिहरा गांव निवासी अमन कुमार उर्फ दास की दिवंगत माताजी एवं तिलौथू हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाचार्य मैकू राम की दिवंगत मौसी की स्मृति में 6 मार्च 2026 को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर मोहनिया के पूर्व भाजपा विधायक निरंजन राम, वरिष्ठ भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह पत्रकार सत्यानंद कुमार सहित क्षेत्र के कई सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि दिवंगत आत्माओं का जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक रहा है। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर परिवार के सदस्य एवं क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


बिहार सरकार

## कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10/2025–26**

**सैंरात की बन्दोबस्ती वर्ष 2026–27 हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, रफीगंज के विभिन्न सैंरातों के वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए बन्दोबस्ती हेतु स क्त स्थायी समिति की बैठक दिनांक–16.02.2026 के प्रस्ताव सं०–02 द्वारा सर्वसम्मत लिये गये निर्णय के आलोक में निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा हेतु दिनांक–19.03.2026, को 12:00 अप्राह्न में निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि को डाक बन्दोबस्ती, कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज के सभा–कक्ष में की जाएगी। निर्धारित तिथि को डाक नहीं होने की स्थिति में डाक की अगली तिथि क्रमशः 24.03.2026 एवं 30.03.2026 निर्धारित है। **इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्त का पालन करते हुए डाक में भाग ले सकते हैं। सैरातो की विवरणी निम्न हैः–**

| क्र० सं० | सैंरातों का नाम | वसूली का प्रकार | वसूली हेतु निर्धारित दर (प्रतिदिन) | सूरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ट्रैक्टर डल्ला/बस/ट्रक/छोटी गाड़ी/टाटा मैक्सी | व्यवसायिक ट्रैक्टर डल्ला | 20 रू० | 11,97,500/- | 2,39,500/- |
| | | बस /ट्रक | 30 रू० | | |
| | | छोटी गाड़ी/टाटा मैक्सी | 20 रू० | | |
| | | चार चक्का डिजल टेम्पू तीन चक्का डिजल टेम्पू | 20 रू० | | |
| | | दस चक्का ट्रक/हाईवा | 70 रू० | | |
| 2 | रफीगंज चरकावां बजार बन्दोवस्ती | प्रति ठेला/फुटपाथी दुकानदार | 10 रू० | 2,97,467/- | 59,493/- |
| 3 | चौक बाजार की बन्दोवस्ती | प्रति ठेला/फुटपाथी दुकानदार | 10 रू० | 3,59,538/- | 71,908/- |

बंदोबस्ती की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, रफीगंज

PR- 025551 ( B & C ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



## झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू
पता–योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनग, पलामू

**(अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में **"हस्तचालित Chaff Cutter Machine"** की कुल – 610 इकाई आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम – जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 14.03.2026 को 12:30 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 14.03.2026 को 01:30 बजे अपराह्न।
4. निविदा खोलने का स्थान – जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू के कक्ष में।

निविदा की शर्ते जिला कृषि कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर एवं ATMA, Palamu के Portal पर उपलब्ध है।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू।

PR 374242 (District) 25-26 (D)


## बालू लदे ट्रेलर की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** अकोढ़ी गोला बाजार में शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के केशो बिगहा गांव निवासी सच्चिदानंद कुशवाहा (60 वर्ष), पिता मथुरा मेहता, शुक्रवार की शाम करीब चार बजे बाजार करने अकोढ़ी गोला बाजार आए थे। इसी दौरान चांदी रोड पर सासाराम की ओर जा रहे बालू लदे ट्रेलर (संख्या BR 24 GC 5202) ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल करकटपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण और स्थानीय लोग मौके पर जुट गए तथा अकोढ़ी गोला बाजार में सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर नो-एंट्री लागू है, इसके बावजूद बालू लदे ट्रकों का आवागमन लगातार जारी रहता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसी को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है और वे प्रशासन से जवाब मांग रहे हैं।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 22/2025-26 (Retender)

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 10.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 10.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 17.03.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 19.03.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे ) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सदर मेदिनीनगर | लहलहे | स्वास्थ्य उपकेन्द्र लहलहे का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-22/ 2025-26/ Gr-30 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (District Engineer, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 374277 District (25-26)_D



fssai | Eat Right Garhwa

## खाद्य सुरक्षा कार्यालय, गढ़वा
Email-dofoodgarhwa@gmail.com

**सभी मीट/मुर्गा कारोबारियों के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला अंतर्गत सभी मीट/मुर्गा कारोबारीयों को सूचित किया जाता है कि खाद्य् सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबार करने से पहले लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त किया जाना वैधानिक अनिवार्यता है। बिना बैद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन धारित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 की धारा–63 के अंतर्गत 10 लाख रूपये तक के जुर्माना का प्रावधान है।

उपरोक्त के आलोक में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एवं राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड झारखण्ड द्वारा मीट एवं मुर्गा दुकान का संचालन करने हेतु निम्न नियम एवं मानक तय किये गये है जिसका अनुपालन करना अनिवार्य हैः–

1. खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीकरण करने से पहले स्थानीय निकाय एवं प्रदुशण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा।
2. खुले में माँस काटकर या लटकाकर बेचना सख्त मना है।
3. मीट की दुकान सब्जी या मछली की दुकान के आस–पास नहीं होना चाहिए।
4. मीट की दुकान धार्मिक स्थल से 50 मीटर की दुरी पर होगा। धार्मिक स्थल के मेन गेट के विपरीत होने पर 100 मीटर की दूरी होना चाहिए।
5. दुकान का दरवाजा स्वतः बंद होने वाला एवं काला शीशा लगा हुआ होना चाहिए।
6. मीट दुकान की उँचाई 3 मीटर से कम नहीं होगा, अगर वातानुकुलित है तो 2.5 मीटर से कम नहीं होना चाहिए।
7. मीट दुकान की दीवार पर 05 फीट की उँचाई तक अभेद्य कंक्रीट सामग्री का होगा ताकि साफ करने में आसानी हो।
8. मीट दुकान की जमीन पक्का तथा फिसलन रहित सामग्री का बना हो साथ ही ढलान 05 cm से कम नहीं होना चाहिए।
9. मीट काटने के चाकू और दूसरे धारदार हथियार स्टेनलेस स्टील का होना चाहिए।
10. संकेत बोर्ड लगा हो एवं स्पश्ट अंकित होगा कि किस तरह का मांस (झटका/हलाल) बेचा जाता है।
11. दुकान में पेय–जल की उचित व्यवस्था होगी एवं उचित जल निकासी की व्यवस्था होनी चाहिए।
12. यदि मांस 48 घंटो से अधिक समय के लिए भंडारित किया जाना है, तो दुकान में 4 से 8 डिग्री से0 तापमान बनाए रखने के लिए डिस्पले कैबिनेट टाइप का रेफ्रिजनरेटर या फिजिंग कैबिनेट होना चाहिए।
13. मांस के दुकान को क्रास वेंटीलेशन की सुविधा के साथ हवादार होनी चाहिए।
14. मीट दुकान में पशु अपशिष्ट के निपटारे के लिए समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।
15. अपशिष्ट सामग्री का संग्रहण करने के लिए परिसरों में पदचालित ढक्कन सहित कूड़ेदान का व्यवस्था होना चाहिए।

अतः सभी मीट/मुर्गा दुकानदारों को निर्देश दिया जाता है कि उपरोक्त नियम एवं मानकों का पालन करते हुए खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीकरण कराने के पश्चात ही खाद्य कारोबार करना सुनिश्चित करेंगे।

अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

PR.NO.374240 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26):D

# नगर निकायों द्वारा संचालित योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

## मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना (2024-25) के अंतर्गत जिले में कुल 46 योजनाओं में से 26 योजनाएं हुई पूर्ण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** शुक्रवार को जिले के सभी नगर निकायों द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से संपत्ति कर की वसूली, जलापूर्ति योजनाओं की प्रगति, नक्शा स्वीकृति, सफाई व्यवस्था तथा मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान नगर निगम बेगूसराय द्वारा माह फरवरी तक संपत्ति कर के मद में कुल 918.66 लाख रुपये की वसूली की जानकारी दी गई। इस पर जिलाधिकारी ने राजस्व संग्रहण की गति बढ़ाने का निर्देश देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को बकायेदारों के विरुद्ध नोटिस जारी कर विशेष अभियान चलाने को कहा।नगर परिषद् बलिया द्वारा संपत्ति कर के मद में 94.69 लाख रुपये की वसूली की गई है। जो निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। वहीं नगर निगम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाकर 82,500 रुपये तथा अतिक्रमण शुल्क के रूप में 1,60,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया है।बैठक में जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि नगर परिषद् तेघड़ा, बखरी एवं बीहट के सभी वार्डों में नल-जल योजना के तहत जलापूर्ति संचालित है। बीहट क्षेत्र में रखरखाव से संबंधित शिकायतों पर जिलाधिकारी ने बुडको के प्रतिनिधियों को आवश्यक सुधार करते हुए निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना (2024-25) के अंतर्गत जिले में कुल 46 योजनाएं में से 26 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा 20 योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। वार्ड संख्या 42, 31, 40 एवं 04 में पीसीसी सड़क निर्माण के कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण पाए गए।

इसके अतिरिक्त नमामि गंगे एवं अमृत योजना के तहत सीवरेज नेटवर्क का लगभग 94.26 किलोमीटर कार्य पूर्ण किया जा चुका है। बीहट स्थित शवदाह गृह का निर्माण कार्य लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण है। जिसे शीघ्र क्रियाशील करने का निर्देश दिया गया।नक्शा स्वीकृति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि नगर निगम में प्राप्त 144 नक्शों में से 122 को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।जबकि शेष आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्धारित 30 दिनों की समय सीमा के भीतर सभी लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।साथ ही लोहिया स्वच्छता अभियान के अंतर्गत उपलब्ध राशि का उपयोग करते हुए नगर क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सफाई कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा गीला एवं सूखा कचरा पृथक्करण की व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने का निर्देश दिया गया।बैठक में नगर आयुक्त, नगर निगम बेगूसराय, सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी एवं बुडको के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## गांव-गांव जाकर सेविकाओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय के निर्देश पर सभी सेविकाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया, इस दौरान विभाग के निदेर्शानुसार महिला पर्यवेक्षाका के देख-रेख में घर-घर भ्रमण कर 85 वर्ष से ऊपर सभी मतदाताओं को अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। साथ ही साथ क्षेत्र के अन्य बुजुर्ग महिला मतदाताओं से मिलकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। उक्त जानकारी देते हुए सीडीपीओ प्रियंका ने बताया कि लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करे, जिसको लेकर विभाग के दिशा निर्देश अनुसार गांव-गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया गया।

# दुर्घटना से पूर्व आरपीएफ जवान ने बचाई जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** बेगूसराय रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को चलती ट्रेन में चढ़ते यात्री को दुर्घटना से आरपीएफ ने बचाया। साथ ही मौके पर मौजूद रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ के जवान की सतर्कता से उसकी जान बच गई।जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 15553 अप (भागलपुर-जयनगर एक्सप्रेस) सुबह 10:31 बजे बेगूसराय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर पहुंची और निर्धारित समय 10:34 बजे प्रस्थान करने लगी। इसी दौरान एक व्यक्ति दौड़ते हुए ट्रेन के पास पहुंचा और चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करने लगा।ट्रेन में चढ़ने के दौरान उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह प्लेटफार्म पर गिर पड़ा। घटना को देखकर मौके पर तैनात आरपीएफ के उप-निरीक्षक संजय कुमार सहनी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच जाने से बचा लिया। जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। पूछताछ में घायल व्यक्ति ने अपना नाम अजित कुमार (44 वर्ष), पिता वीरेंद्र सिंह, निवासी ग्राम व थाना परशुरामपुर, जिला भागलपुर बताया। उसने बताया कि वह नवगछिया से समस्तीपुर की यात्रा कर रहा था। बेगूसराय स्टेशन पर वह ट्रेन से उतरकर स्टॉल से कुछ सामान खरीदने गया था। इसी दौरान ट्रेन खुल गई और वह दौड़कर चढ़ने की कोशिश में गिर पड़ा। गिरने से उसके माथे पर हल्की चोट लगी।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन चेकिंग अभियान

**नावकोठी (नबिटासं)।** पुलिस ने बदमाशों पर नकेल कसने तथा अपराध पर नियंत्रण हेतु सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना गेट नावकोठी के पास वाहन चेकिंग अभियान में दर्जनाधिक चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन के डिक्की की तलाशी ली गई। हेलमेट सहित सभी कागजात की जांच की गई। आयोजित वाहन चेकिंग अभियान के तहत ट्रीपल लोडेड बाइक सवार , छोटी बड़ी 45 वाहन के कागजात सहित अन्य बिन्दुओं की जांच कर जुमार्ना किया गया । भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। उनतीस हजार रुपए जुमार्ना की राशि का चालान काटा गया। मौके पर एस आई मिथिलेश कुमार, राकेश कुमार सशस्त्र बल के जवान के साथ मौजूद थे।

### पैक्सों में नियुक्त किये गये प्रशासक

**नावकोठी (नबिटासं)।** प्रखंड के चार पैक्सों में चुनाव होगा। इसमें पहसारा पश्चिम, पहसारा पूर्वी, विष्णु पुर एवं समसा पैक्स है। ससमय चुनाव नहीं होने के कारण पैक्सों को अवक्रमित कर दिया गया है। पहसारा पश्चिम, पहसारा पूर्वी,समसा, विष्णुपुर सभी प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड में छः महीने के लिए या चुनाव होने तक की अवधि तक जिला सहकारिता अधिकारी बेगूसराय ने प्रशासक की नियुक्ति की है । प्रशासक के तौर पर वरीय सहकारिता प्रसार अधिकारी अनिल कुमार चौधरी को नियुक्त किया गया है।इन पैक्सों के चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है तथा सभी पैक्स एवम प्रखंड में मतदाता सूची प्रदर्शित किया गया है। समिति लोकतांत्रिक व्यवस्था से चलती है जब तक नए अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो जाता है प्रबंधक एवम प्रशासक के सहयोग से समिति अपना कार्य करेंगी।

### एड्स जागरूकता कार्यक्रम

**बलिया (नबिटासं)।** राज्य स्तर पर चलाए जा रहे एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज बलिया व्यापार मंडल परिसर में इंटेंसिफाइड हेल्थ कैंप के तहत 378 लोगों की एचआईवी एवं सिफलिस की जांच की गई। साथ ही उनको चिकित्सीय परामर्श के साथ निशुल्क दवा दिया गया। इस अवसर पर ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन माप आदि जांच की भी सुविधा प्रदान की गई। व्यापार मंडल परिषद में आयोजित स्वास्थ्य वीर का उद्घाटन बलिया व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एचआईवी की जांच सभी लोगों को करनी चाहिए ताकि उन्हें अपना स्टेटस पता चल सके। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा होली पर्व के अवसर पर खासकर जब प्रवासी मजदूर अपने घर आते हैं इस समय पर ऐसा कैंप करना सराहनीय है। बेगूसराय जिला में यह हेल्थ कैंप 10 मार्च 2026 तक चलेगा। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा 1 दिसंबर 2026 तक यह लक्ष्य रखा गया है कि 95% संभावित लोगों को अपनी एचआईवी की स्थिति की जानकारी मिल जाए। जो व्यक्ति एचआईवी संक्रमित पाए जाते हैं उनमें से 95% की दवा ए आर टी सेंटर से प्रारंभ हो जाए तथा जो व्यक्ति दवा ले रहे हैं उनमें से 99% का वायरल लोड जांच किया जाए। नाको के इस लक्ष्य की प्राप्त करने के लिए यह कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार ग्रामीण जागरूकता अभियान समिति के कार्यपालक निदेशक इंजीनियर कौशल कुमार ने कहा कि एचआईवी के संबंध में जानकारी ही बचाव है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आज लैब टेक्नीशियन सूर्य कांत सिंह प्रिजन कोऑर्डिनेटर रवीश कुमार, बिहार ग्रामीण जागरूकता अभियान अभियान समिति के परामर्शी अंबिका कुमारी, क्षेत्रीय कार्यकर्ता लक्ष्मी देवी ,, ओंकार सिंह, लिंक वर्कर स्कीम, सीएससी एवं प्रिजन कार्यक्रम के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने अपना योगदान दिया। आज लखमीनिया रेलवे स्टेशन पर एक और कैंप आयोजित किया गया।

### अवैध पत्थर की ढुलाई के लिए माफिया ने बनाया सुरक्षित मार्ग, पुलिस प्रशासन बेखबर

**मरकच्चो/कोडरमा (नबिटासं)।** तेतरोन से बरयारडीह की ओर जाने वाली सड़क की हालात बद से बदतर हो गई है लोगों को इस सड़क में चलना मुश्किल हो गया है वहीं देवीपुर पंचायत के धोबीयाडीह नदी की अस्तित्व पर भी पत्थर माफियाओं ने खतरा उत्पन्न कर दिया है। यहां प्राकृतिक धरोहर धोबीयाडीह नदी के बीचो-बीच बोल्डर पाइप व डस्ट डालकर न सिर्फ नदी को चिरकर रास्ता बना दिया है बल्कि दिन-



रात नदी को चीरते हुए बोल्डर लोड हाइवा की धड़ल्ले से आवाजाही हो रही है, जबकि इसके लिए कारोबारियों को ना तो कोई सरकारी अनुमति मिली है। गौरतलब है कि सरकार द्वारा करोड़ों की राशि खर्च करें पक्की सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग बनाई गई है, लेकिन इन पत्थर माफिया को यह सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से नागवार गुजरता है। यह पक्की सड़क को छोड़कर इसी मार्ग को बिना चालान के परिवहन करना अपना सुरक्षित मार्ग समझते हैं। बावजूद स्थानीय पुलिस और प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है नदी का अस्तित्व पर संकट देखकर जब लोगों ने आवाज उठाने की कोशिश की तो कई बार लोगों के साथ चंद रुपयों के प्रलोभन देकर बोल्डर गिट्टी की धुलाई बदस्तूर जारी है और अब पत्थर माइंस के आसपास नावाडीह से देवीपुर कर्बला होते हुए नवलशाही से पहाड़पुर तक पत्थर माफियाओ के द्वारा दिन रात कार व बाइक से रेकी की जाती है। किसी भी पदाधिकारियों की आने की भनक लगते ही हायवा को रोक दी जाती है या अन्यत्र जगह खाली कर गाड़ियों को सुरक्षित जगह खड़ा कर दिया जाता है विदित हो कि नावाडीह मे दो से तीन माइंस संचालित है इसके इलावा गिरिडीह जिले मे अनेकों वैध-अवैध खाधान बिना चलान के सैकड़ो हयवा की ट्रांसपोर्टिंग इसी रास्ते के जरिए होती है मजेदार की बात तो यह है कि मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय व थाना जहाँ दिन रात प्रशाशन का पहरा लगा रहता है इसके बावजूद भी अवैध परिवहन होना आश्चर्य की बात है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अभिलंब कार्रवाई कर अवैध रास्ते से ट्रांसपोटिंग पर सख़्ती से रोक लगाने तथा नदी की प्राकृतिक प्रवाह को सुरक्षित करने की मांग की है।

# इंस्पायर्ड अवॉर्ड के लिए 6 विद्यार्थियों का चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा कक्षा 6वीं से 10वीं तक के स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक छात्रवृत्ति योजना इंस्पायर्ड अवॉर्ड संचालित की है। जिसके तहत छात्रों के मौलिक विचारों और नवप्रवर्तनों को प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें चयनित छात्र छात्राओं को 10,000 की वित्तीय सहायता राशि अपने नवाचार के मॉडल निर्माण और उसके जिला स्तर पर प्रदर्शन के लिए दी जाती है। और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उनके विचारों को विकसित करने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाना और वैज्ञानिक सोच विकसित करना है।दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए मौलिक विचारों और नवाचारों को प्रोत्साहित करना।

प्रतिभाशाली छात्रों को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। जिसमें वीरपुर प्रखंड से 6 प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का चयन हुआ है। इस उपलब्धि से शिक्षा के क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।चयनित छात्र छात्राएं में उत्क्रमित मध्य विद्यालय फजिलपुर के अष्टम वर्ग के छात्र मोहम्मद एहसान , हाय स्कूल खरमौली वर्ग 9 के छात्र अमित कुमार, मध्य विद्यालय जगदर वर्ग 8 के छात्र किशन कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या वीरपुर के वर्ग 8 के छात्र रवि कुमार, बैजनाथ प्रसाद सिंह उच्च विद्यालय वीरपुर के वर्ग 10 के छात्र प्रिंस कुमार तथा मध्य विद्यालय बरैपुरा के अष्टम वर्ग की छात्रा मेनिका कुमारी शामिल हैं।

# रमजान का तीसरा जुम्मा अदा, अमन-चैन की मांगी दुआ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में रमजान माह के तीसरे जुम्मे की नमाज अकीदत और श्रद्धा के साथ अदा की गई। प्रखंड के परशुराम, रहटौली, पूरा, हबका, सहित विभिन्न गांवों की मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदारों और नमाजियों ने जुम्मे की नमाज अदा की तथा देश और समाज में अमन-चैन व भाईचारे की दुआ मांगी इस दौरान शिवाजीनगर प्रखंड के परशुराम गांव स्थित समीर सुन्नी जामा मस्जिद में भी बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की।

नमाज के बाद लोगों ने अल्लाह तआला से क्षेत्र में सुख-शांति, तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी जानकारी देते हुए समीर सुन्नी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना



मोहम्मद मुराद ने बताया कि रमजान का महीना इस्लाम में बहुत ही पाक और बरकतों वाला महीना माना जाता है। इस महीने में रोजा रखने, नमाज अदा करने और नेक काम करने से अल्लाह तआला बेहद खुश होते हैं और बंदों की दुआ कबूल करते हैं उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रमजान के इस पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें तथा आपसी भाईचारा और मोहब्बत बनाए रखें।

# व्यवहार न्यायालय सहित 5 अनुमंडलों में लगेगी लोक अदालत

**राष्ट्रीय लोक अदालत व्यवहार न्यायालय के साथ-साथ अनुमंडलीय न्यायालय बलिया, बखरी, मंझौल, तेघड़ा तथा रेलवे न्यायालय बरौनी में एक साथ आयोजित की जाएगी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 14 मार्च को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेर्शानुसार यह राष्ट्रीय लोक अदालत व्यवहार न्यायालय के साथ-साथ अनुमंडलीय न्यायालय बलिया, बखरी, मंझौल, तेघड़ा तथा रेलवे न्यायालय बरौनी में एक साथ आयोजित की जाएगी। जहाँ विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर त्वरित निपटारा किया जाएगा।

इस लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों के लंबित एवं प्री-लिटिगेशन (वाद-पूर्व) मामलों का समाधान किया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से सुलहनीय आपराधिक मामले, बैंक ऋण वसूली से जुड़े विवाद, बिजली एवं पानी के बिल संबंधी मामले, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, मोटर दुर्घटना दावा के मामले, राजस्व से जुड़े वाद तथा माप-तौल एवं वन अधिनियम से संबंधित मामले शामिल हैं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपने विवादों का समाधान लोक अदालत के माध्यम से कराएं। लोक अदालत में मामलों का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर पूर्णतः निःशुल्क किया जाता है, जिससे पक्षकारों के समय और धन दोनों की बचत होती है। साथ ही लोक अदालत के निर्णय के विरुद्ध किसी प्रकार की अपील का प्रावधान नहीं होता, जिससे विवाद का स्थायी समाधान संभव हो पाता है।

# प्रखंड की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा पांच सूत्री ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड में जनसमस्याओं को लेकर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने अपने कार्यकताओं के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचकर पांच सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रखंड के प्रधान लिपिक जितेंद्र कुमार झा को दिया गया इस मौके पर अजीत कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कई बुनियादी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, जिससे आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समाधान को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा प्रखंड प्रशासन को पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा गया है,



ताकि जल्द से जल्द इन मुद्दों पर कार्रवाई हो सके उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रखंड क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी लाई जाए, आम लोगों से जुड़े कार्यों का निष्पादन समय पर किया जाए तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि जनसमस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो पार्टी आगे आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान मौके पर बाबू साहेब कुमार, राधाकांत कुमार, युवा विधानसभा अध्यक्ष सूरज पासवान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महेशवाड़ा ने जीता विकास क्रिकेट क्लब टूनार्मेंट का खिताब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी ।** प्रखंड क्षेत्र के रजाकपुर में आयोजित विकास क्रिकेट क्लब टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला महेशवाड़ा और चकमुजफ्फर की टीम के बीच खेला गया। रोमांच से भरपूर इस मुकाबले में महेशवाड़ा की टीम ने अंतिम विकेट पर जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चकमुजफ्फर की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 142 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महेशवाड़ा की टीम को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। मैच के अंतिम क्षणों तक मुकाबला बेहद रोमांचक बना रहा और महेशवाड़ा की टीम ने आखिरी विकेट पर लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की।टूनार्मेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सिंटू को मैन ऑफ द मैच तथा मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। वहीं पूरे टूनार्मेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सिंटू को सम्मानित किया गया।

# मस्जिदों में उमड़ी आस्था की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी ।** पवित्र रमजान माह के तीसरे जुम्मा के मौके पर प्रखंड क्षेत्र की मस्जिदों में आस्था और इबादत का अद्भुत नजारा देखने को मिला। नमाज अदा करने के लिए सुबह से ही रोजेदारों की भीड़ मस्जिदों की ओर उमड़ पड़ी। जुम्मे की नमाज के दौरान मस्जिदों में जगह कम पड़ गई और कई स्थानों पर नमाजियों ने मस्जिद परिसर व बाहर कतारबद्ध होकर नमाज अदा की।जुम्मे की नमाज के समय पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। रोजेदारों ने अल्लाह की इबादत करते हुए देश-दुनिया में अमन, शांति और तरक्की की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर रमजान की मुबारकबाद दी।रमजान के महीने में जुम्मे की नमाज का विशेष महत्व माना जाता है, इसलिए तीसरे जुम्मा को लेकर रोजेदारों में खास उत्साह देखने को मिला। मस्जिदों में नमाज से पहले इमामों ने रमजान की अहमियत, रोजे की फजीलत और नेक कामों की महत्ता पर तकरीर भी की।इस अवसर पर मस्जिद कमेटियों की ओर से नमाजियों के लिए साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं की गई थीं।

# शिवाजीनगर में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर ।** शिवाजीनगर में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया प्रखंड प्रमुख डॉ गोविंद कुमार एवं विधायक वीरेंद्र कुमार ने नव निर्मित प्रखंड भवन के प्रांगण एवं पुराने प्रखंड भवन के प्रांगण में राष्ट्रीय प्रांगण में प्रधानाध्यापक अरुण कुमार पासवान, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदा कॉलोनी के प्रांगण में प्रधानाध्यापक रामनाथ पंडित, मध्य विद्यालय दसौत के प्रांगण में प्रधानाध्यापक देवानंद कामत, प्राथमिक विद्यालय जगदर के प्रांगण में प्रधान शिक्षक संतोष कुमार, प्राथमिक



ध्वज फहराया। शिवाजीनगर थाना परिसर में थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार, हथौड़ी थाना परिसर में थाना अध्यक्ष मौसम, प्रखंड बी आर सी केंद्र के प्रांगण में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामजन्म सिंह, बाल विकास परियोजना कार्यालय प्रांगण में सीडीपीओ निभा कुमारी, खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय परिसर में पदाधिकारी राकेश कुमार, प्रखंड डीलर संघ के कार्यालय परिसर में अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, पीएससी के प्रांगण में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, पब्लिक लाइब्रेरी परिसर में वीडीओ आलोक कुमार सिंह, प्रखंड जीविका कार्यालय परिसर में बीपीएम नीतू कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवारा की प्रांगण में प्रधानाध्यापक सह पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, पतंजलि के प्रांगण में योगाचार्य डॉक्टर रमाकांत सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय घिबाही के विद्यालय कंखरिया के प्रांगण में प्रधानाध्यापक मोहम्मद अब्दुल्ला, डुमरा मोहन पंचायत भवन के प्रांगण में मुखिया सुनैना देवी, बंधार पंचायत मनरेगा भवन पर चंन्दन कुमारी, शंकरपुर पंचायत भवन के प्रांगण में मुखिया विभा देवी, सरकार पंचायत भवन घिवाही के प्रांगण में मुखिया दुख मुखिया, पंचायत भवन दसौत के प्रांगण में मुखिया नटवर राय, रहियार दक्षिण पंचायत के पंचायत भवन पर मुखिया अशर्फी सहनी, रहियार उत्तर पंचायत भवन परिसर में मुखिया धर्मेंद्र कुमार मंडल, भाजपा कार्यालय परिसर में ललित कुमार झा, संतोष कुमार बबली, जदयू का में अध्यक्ष किशोरी प्रसाद सिंह, मौके पर अंचलाधिकारी बिणा भारती, पी ओ बबलू कुमार, समाजसेवी संतोष कुमार सिंह, पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों के लिए प्रखंड स्तर पर लगेगा मेडिकल बोर्ड शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** जिले के दिव्यांगजनों के शत-प्रतिशत कार्ड निर्माण के उद्देश्य से प्रखंड स्तर पर विशेष मेडिकल बोर्ड शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान समाज कल्याण विभाग के दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय के तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है।इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य उन दिव्यांगजनों का पंजीकरण एवं प्रमाणीकरण करना है। जिनके आवेदन यूडीआइडी पोर्टल पर लंबित हैं। शिविर स्थल पर ही मेडिकल बोर्ड की उपस्थिति में दिव्यांगता की जांच की जाएगी तथा आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी, जिससे दिव्यांगजनों को यूडीआइडी कार्ड प्राप्त करने में सहूलियत हो सके।जिले के विभिन्न प्रखंडों में यह शिविर प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत 9 मार्च को बलिया, छौराही एवं मंसुरचक प्रखंडों में, 10 मार्च को साहेबपुरकमाल, बखरी एवं भगवानपुर प्रखंडों में, 11 मार्च को डंडारी, नावकोठी एवं बरौनी प्रखंडों में, 12 मार्च को मंझौल, गढ़पुरा एवं मटिहानी प्रखंडों में, 13 मार्च को खोदावन्दपुर, तेघड़ा एवं वीरपुर प्रखंडों में तथा 14 मार्च को चेरियावरियारपुर, बछवाड़ा एवं बेगूसराय (सदर) प्रखंडों में संबंधित अनुमंडलीय, प्राथमिक अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं 16 मार्च को शाम्हो प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शाम्हो में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर में आने वाले दिव्यांगजनों को अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से लानी होगी, ताकि पंजीकरण की प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी की जा सके। प्रत्येक शिविर में मेडिकल टीम के रूप में हड्डी रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, फिजियोथेरेपिस्ट एवं नेत्र सहायक की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। मूक-बधिर दिव्यांगजनों की जांच के लिए बुनियादी केंद्र के माध्यम से ऑडियोलॉजिस्ट की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही, ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को तुरंत पूरा करने के लिए कार्यपालक सहायकों एवं डेटा एंट्री ऑपरेटरों की प्रतिनियुक्ति की गई है।सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अधिक से अधिक दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विकास मित्र, पंचायत सचिव, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सेविकाओं के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करेंगे।

# लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 82.51 प्रतिशत हुई धान की अधिप्राप्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025ऽ26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में धान अधिप्राप्ति, किसानों के भुगतान एवं सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) आपूर्ति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 82.51 प्रतिशत धान अधिप्राप्ति की जा चुकी है। वहीं किसानों को भुगतान की स्थिति संतोषजनक पाई गई जिसमें अब तक 94.73 प्रतिशत किसानों का भुगतान किया जा चुका है। जिलाधिकारी द्वारा शेष किसानों के भुगतान को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि एफआरके की कमी के कारण चावल की आपूर्ति धीमी गति से की जा रही है। जबकि केंद्र सरकार द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि एफआरके के बिना भी सीएमआर की आपूर्ति की जा सकती है। इस संबंध में जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम द्वारा अवगत कराया गया कि विभागीय पोर्टल पर आवश्यक अद्यतन नहीं होने के कारण फिलहाल एफआरके के बिना सीएमआर की आपूर्ति नहीं की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विभागीय निर्देशों के अनुरूप संबंधित एजेंसियों एवं विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए अविलम्ब चावल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति समय पर की जा सके। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, प्रबंध निदेशक जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# औरंगाबाद की आइएएस बेटी मोनिका का हुआ भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद।** जिले की होनहार बेटी मोनिका श्रीवास्तव ने देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में शानदार सफलता हासिल कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। मोनिका ने यूपीएससी की परीक्षा में पूरे भारत में 16वां स्थान प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि अगर लगन, मेहनत और दृढ़ संकल्प हो तो किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि से औरंगाबाद जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। मोनिका की सफलता की खबर मिलते ही पूरे जिले में हर्ष का वातावरण बन गया। उनके परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और स्थानीय लोगों ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाइयां दीं। वहीं आज शाम जब मोनिका श्रीवास्तव अपने घर औरंगाबाद स्थित सत्येन्द्र नगर पहुंचीं तो स्थानीय लोगों, समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान लोगों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया, मिठाई खिलाई और ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत कर उनकी सफलता का जश्न मनाया। मोनिका की शानदार सफलता पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह, भारत सरकार के वित्त सचिव (निवेश) अरुणिश चावला, वरिष्ठ आइएएस विजय प्रकाश, कुंदन कुमार, सौरभ जोरवाल, शैलेश कुमार, निशीथ वर्मा, मोहनिया की एसडीओ रत्ना प्रियदर्शिनी, औरंगाबाद के एसडीपीओ संजय पांडेय, वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शिनी, मौसा प्रकाश सिन्हा, मौसी आरती सिन्हा, मामी संजना किशोर, सलोनी अम्बष्ट ने बधाई दी है। वहीं पूर्व मंत्री सुरेश पासवान एवं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बधाई देते हुए कहा कि मोनिका की यह सफलता केवल उनके परिवार के लिए ही नहीं बल्कि पूरे औरंगाबाद जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मोनिका ने यह सिद्ध कर दिया कि छोटे शहरों और कस्बों के युवा भी अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकते हैं। उनकी यह उपलब्धि जिले के युवाओं और खासकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। मोनिका श्रीवास्तव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा के साथ मेहनत करें और असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेते हुए आगे बढ़ते रहें। मोनिका श्रीवास्तव की इस शानदार उपलब्धि से आज औरंगाबाद जिले में हर कोई गर्व महसूस कर रहा है। लोगों का कहना है कि जिले की इस प्रतिभाशाली बेटी ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है कि सफलता के रास्ते में आने वाली चुनौतियों को पार कर बड़े मुकाम तक पहुंचा जा सकता है।

# सड़क पार करने के दौरान बाइक की ठोकर से जख्मी व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पैदल सड़क पार कर रहे व्यक्ति को अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के एनएच-139 खरांटी पुल के पास की है। मृतक की पहचान ओबरा के कागजी मोल्ला निवासी 50 वर्षीय मनोज सिंह चंद्रवंशी के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक मनोज पैदल घर लौट लौट रहे थे। इसी दौरान खरांटी पुल के पास हादसा हो गया। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने मनोज को ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद वाराणसी रेफर किया गया। परिजनों द्वारा वाराणसी ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में भभुआ के पास उनकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दी गई है। जानकारी के अनुसार मनोज पेशे से हलवाई का काम करते थे और परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना के समय वे दाउदनगर से अपने घर ओबरा लौट रहे थे। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर एक व्यक्ति के मौत की सूचना है। मामले की जांच की जा रही है। अब तक परिजन की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है।

# मुख्य सचिव ने की सड़क निर्माण परियोजना की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग-98 पर हरिहरगंज से परवा मोड़ तक फोर लेन सड़क निर्माण परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं डीसीएलआर श्वेतांक लाल उपस्थित रहे। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि यह परियोजना किमी 23.284 (हरिहरगंज) से किमी 57.049 (परवा मोड़ के समीप) तक लगभग 33.765 किलोमीटर लंबाई में फोर लेन सड़क निर्माण से संबंधित है, जिसका क्रियान्वयन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), पीआईयू डाल्टनगंज द्वारा कराया जा रहा है। बैठक में परियोजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि अधिकांश भाग में सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह परियोजना बिहार के औरंगाबाद एवं झारखंड के पलामू जिलों के बीच संपर्क को सुदृढ़ करने के साथ-साथ एनएच-02 (औरंगाबाद) तथा एनएच-75 (डाल्टनगंज) के बीच महत्वपूर्ण फीडर मार्ग के रूप में कार्य करेगी। परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ-साथ व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक में भूमि अधिग्रहण से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। औरंगाबाद जिले में अधिग्रहित भूमि के कुछ अंश से संबंधित 3जी अवार्ड की प्रक्रिया लंबित होने की जानकारी दी गई। इस संबंध में बताया गया कि संबंधित भूमि के मिसिंग प्लॉट्स की प्रकृति की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है तथा जांच प्रक्रिया प्रगति पर है। समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त संडा एवं महाराजगंज गांव से संबंधित 0.17 हेक्टेयर अतिरिक्त अधिग्रहित भूमि के मामले में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए 3डी अधिसूचना के प्रकाशन हेतु भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को पत्र प्रेषित किया गया है। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े शेष मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करते हुए परियोजना के शेष कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए। साथ ही संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान करने तथा परियोजना की नियमित समीक्षा करने पर बल दिया गया।

# शौच के लिए गए युवक की नहर में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नहर में डूबने से 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के भाव बिगहा की है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के पुत्र छोटू कुमार के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार के सुबह की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि छोटू का नहर के पास ही घर है। शुक्रवार की सुबह वह अपने घर से निकलकर शौच करने गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। उसी रास्ते गुजर रहे जब राहगीरों की नजर नहर में डूबे छोटू पर पड़ी तो शोर मचाया। शोर की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे और नहर में छलांग लगाकर डूब रहे छोटू को बाहर निकाला। नहर से शव बाहर निकलते ही परिजन चीत्कार उठे। घटना की सूचना दाउदनगर पुलिस को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि नहर में डूबने एक युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजें की मांग की है।

# पूर्व सांसद सुशील सिंह ने बलभद्र पाठक के निधन पर जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने जिले के देव प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री तथा पूर्व मुखिया मनीष पाठक के पिता बलभद्र पाठक के निधन की सूचना मिलने पर उनके पैतृक गांव केताकी पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त की।पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने दिवंगत बलभद्र पाठक को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी, संस्कार और समाज सेवा के लिए प्रेरणादायी रहा है। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि बलभद्र पाठक काफी समय से बीमार चल रहे थे और लंबे समय से उनका इलाज चल रहा था। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, भाजपा नेता अनिल सिंह और शिक्षक नेता अशोक पांडेय उपस्थित रहे। बलभद्र पाठक के निधन पर भाजपा के कई नेताओं और समाजसेवियों ने भी गहरा शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इनमें भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, सर्वोच्च न्यायालय अधिवक्ता आदित्य शेखर, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चन्द्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवध किशोर प्रसाद सिंह, मनोज शर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील शर्मा, युवा भाजपा नेता शुभेंदु शेखर सिंह, अनिता सिंह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, नलिनी रंजन, रवि सिंह, राजकुमार सिंह, आशु अभिनव, विनय शर्मा, भाजपा नेता आलोक सिंह, रविन्द्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, मुनीन्द्र राम, बिनोद चन्द्रवंशी, जिला प्रवक्ता जुलेखा खातून, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# जिलाधिकारी ने 30 परिवादियों की सुनी समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में सात निश्चय-3 के अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान जिला पदाधिकारी महोदया ने विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस अवसर पर कुल 30 परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण हटाने, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, जमाबंदी, इंदिरा आवास, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। प्रमुख परिवादों में ओबरा प्रखंड क्षेत्र के गोडतारा निवासी रविकांत कुमार सिंह द्वारा शस्त्र लाइसेंस से संबंधित आवेदन, रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के खरोखर निवासी अर्जुन सिंह द्वारा भूमि विवाद, पोखराहां गांव निवासी सुनील कुमार सिंह एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक तालाब के सौद्धीकरण से संबंधित आवेदन, रामू कुमार सिंह एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण गुणावतापूर्ण नहीं होने से संबंधित मामला, दाउदनगर प्रखंड क्षेत्र के नौडीहा गांव निवासी जलेंद्र शर्मा द्वारा सिंचाई हेतु करहा को अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधी आवेदन, रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के सिहुली के लक्ष्मण यादव द्वारा भूमि विवाद तथा सदर प्रखंड क्षेत्र के पांडेयपुर निवासी विजय यादव द्वारा जमीन पर जबरन मिट्टी भरने से संबंधित आवेदन शामिल रहे। इसके अतिरिक्त अन्य नागरिकों द्वारा भी जनसुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याएं प्रस्तुत की गईं। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर हो तथा किसी भी प्रकार की अनावश्यक विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, निष्पादन की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति से परिवादियों को समय पर अवगत कराने का भी निर्देश दिया गया।

# कृषि-ग्रामीण परिवर्तन विषय पर वेबिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रखंड कृषि कार्यालय, औरंगाबाद में शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वेबिनार का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया, जिसमें किसानों एवं कृषि से जुड़े हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वेबिनार के विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें भारत विस्तारः एआई आधारित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर, नारियल प्रोत्साहन योजना, काजू एवं कोको विकास कार्यक्रम (2030 तक आत्मनिर्भरता एवं वैश्विक नेतृत्व की दिशा में), भारत में बादाम, अखरोट जैसे नट्स के भविष्य की रणनीतियाँ, तथा चंदन एवं अगरवुड के माध्यम से कृषि वानिकी को बढ़ावा जैसे विषय प्रमुख रहे। वेबिनार के माध्यम से किसानों को कृषि क्षेत्र में बजट के अंतर्गत नई योजनाओं, आधुनिक तकनीकों एवं कृषि आधारित उद्यमों के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के पदाधिकारियों में आत्मा के परियोजना निदेशक, उप परियोजना निदेशक आत्मा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार सहित अन्य कर्मी एवं किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने वेबिनार के माध्यम से प्राप्त जानकारी को उपयोगी बताते हुए सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# अपराध नियंत्रण को लेकर वाहनों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के आदेश पर गुरुवार की रात विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। मुख्य चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष चेकिंग अभियान के तहत वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनके आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ट्रिपल राइडिंग, ओवरलोडिंग और कागजातों की कमी पाए जाने पर कई वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए वाहनों की डिक्की और अन्य हिस्सों की भी तलाशी ली। पुलिस अधीक्षक के अनुसार अपराध नियंत्रण और आमजन में कानून के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह कार्रवाई जरूरी है। अक्सर अपराधी बाइक का इस्तेमाल कर वारदात को अंजाम देते हैं, ऐसे में इस तरह की जांच से उनके मंसूबों पर रोक लगायी जा सकती है।

# तीन विधि विरुद्ध किशोरों को सेवा देने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** किशोर न्याय बोर्ड, औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह ने दो अलग-अलग वादों की सुनवाई करते हुए तीन विधि विरुद्ध किशोरों को सामुदायिक सेवा देने का आदेश दिया है। इस संबंध में अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड ने किशोरों के सुधार और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से यह आदेश पारित किया है। उन्होंने बताया कि जेजेबी वाद संख्या 638/26, जो रफीगंज थाना कांड संख्या 14/24 से संबंधित है, की सुनवाई करते हुए बोर्ड ने एक विधि विरुद्ध किशोर को 30 दिनों तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में सामुदायिक सेवा करने का निर्देश दिया है। इस अवधि में किशोर स्वास्थ्य केंद्र में निर्धारित कार्यों में सहयोग करेगा और सामाजिक दायित्वों को समझने का प्रयास करेगा। इसके अतिरिक्त ओबरा थाना कांड संख्या 6/26 से संबंधित जेजेबी वाद संख्या 1106/26 की सुनवाई के दौरान बोर्ड ने दो अन्य विधि विरुद्ध किशोरों को 15 दिनों तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा में सामुदायिक सेवा देने का आदेश दिया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि सेवा अवधि के दौरान दोनों किशोर स्वास्थ्य केंद्र के कार्यों में सहयोग करेंगे और अनुशासन का पालन करेंगे। किशोर न्याय बोर्ड ने अपने आदेश में कहा कि सामुदायिक सेवा का उद्देश्य किशोरों को दंडित करना नहीं, बल्कि उन्हें सुधार का अवसर देना और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है। बोर्ड का मानना है कि ऐसे कदमों से किशोरों में सकारात्मक बदलाव लाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# 14 मार्च को ओबरा मुख्य बाजार में हटेगा अतिक्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** ओबरा शहर के मुख्य बाजार तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर लगे अस्थायी अतिक्रमण को 14 मार्च को हटाया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को अंचल कार्यालय में अंचल अधिकारी हरिहरनाथ पाठक और थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार की संयुक्त बैठक हुई, जिसमें अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद अंचल अधिकारी हरिहरनाथ पाठक ने प्रेस प्रतिनिधियों को बताया कि ओबरा मुख्य बाजार में सड़क किनारे लगे अस्थायी अतिक्रमण को हटाने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले निर्धारित तिथि पर मैट्रिक परीक्षा और होली पर्व को देखते हुए अभियान स्थगित कर दिया गया था, लेकिन दाउदनगर के सिविल अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर पुनः बैठक कर 14 मार्च को अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने व्यवसायियों से अपील की कि वे 13 मार्च तक स्वयं अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा 14 मार्च को स्थानीय प्रशासन और दाउदनगर के सिविल अनुमंडल पदाधिकारी की उपस्थिति में ओबरा देवी मंदिर से श्रीकृष्ण सिंह स्मृति भवन तक सड़क किनारे लगे अस्थायी अतिक्रमण को हटाया जाएगा। अभियान के लिए जेसीबी मशीन, पोकलेन मशीन और ट्रैक्टर लगाए जाएंगे। अंचल अधिकारी ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा मशीन से अतिक्रमण हटाया गया तो उसका खर्च संबंधित दुकानदारों से वसूला जाएगा। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में महिला और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

